जबलपुर, रविवार
दिनांक 15 मार्च 2026
वर्ष 31 अंक 258
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'नसीब जिनके ऊंचे और मस्त होते हैं, इम्तिहान भी उनके जबरदस्त होते हैं'

2 आरओ वाटर के नाम पर हो रहा...
5 तेज गति से भाग रहे डंफर ने बच्ची...
7 उत्तर कोरिया ने जापान सागर की...
11 'वन नेशन, वन हेल्पलाइन' पहल को...



# सरकार अपने स्वार्थ के लिए कृषि को कर रही कुर्बानः राहुल

## एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर उठाते रहेंगे आवाज

नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में अपने एक लिखित प्रश्न और सरकार के जवाब का हवाला देते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को कुर्बान करने के लिए भी तैयार है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह भी कहा कि वह किसानों के अधिकार और एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे। राहुल गांधी ने अपने अतारांकित प्रश्न और सरकार के उत्तर की प्रति साझा करते हुए फेसबुक पर लिखा, लोकसभा में मैंने सरकार से सीधा सवाल पूछा था कि 2021 में किसानों से किया गया सी2+50 प्रतिशत कानूनी एमएसपी का वादा अब तक लागू क्यों नहीं हुआ? सरकार ने जवाब देने से बचते हुए सिर्फ अपनी पुरानी एमएसपी की नीति दोहरा दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी स्वीकार किया कि उसने राज्यों पर एमएसपी बोनस खत्म करने का दबाव डाला और उसने इसे बिना किसी तर्क के राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के नाम पर सही ठहराया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, एक और गंभीर सवाल यह है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में गैर व्यापारिक अवरोध घटाने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब एमएसपी और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार किसानों से किया वादा निभाना नहीं चाहती और वह अपने स्वार्थ के लिए भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है। राहुल गांधी ने कहा, हम किसानों के अधिकार और एमएसपी की रक्षा के लिए संसद के भीतर और बाहर आवाज उठाते रहेंगे। रायबरेली से लोकसभा सदस्य राहुल गांधी ने 10 मार्च को लिखित प्रश्न किया था कि क्या सरकार ने 2021 में विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों से वादा किया था कि वह सभी फसलों के लिए 'सी2+50 प्रतिशत' की दर से विधिक गारंटीकृत न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने पर विचार करेगी?

### कृषि राज्य मंत्री ने दिया था जवाब

राहुल के प्रश्न के उत्तर में कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा, प्रत्येक वर्ष, सरकार राज्य सरकारों और संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के सुझावों पर विचार करने के बाद कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर पूरे देश में 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करती है। मंत्री ने यह भी कहा था कि वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में एमएसपी को उत्पादन लागत के कम से कम डेढ़ गुना के स्तर पर रखने के लिए पूर्व-निर्धारित सिद्धांत की घोषणा की गई थी। उन्होंने, इसी के अनुसार, सरकार ने वर्ष 2018-19 से उत्पादन की औसत लागत पर 50 प्रतिशत के न्यूनतम रिटर्न के साथ सभी अधिदेशित खरीफ, रबी और अन्य वाणिज्यिक फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि की थी, जिससे देश भर के किसान लाभान्वित हुए हैं।

### काउंटर टिकट वालों को भी मिले यात्रा बीमा: सुको

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक केस की सुनवाई करते हुए कहा कि रेल यात्रा बीमा की सुविधा केवल ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्रियों तक सीमित नहीं रह सकती। काउंटर से टिकट खरीदने वाले यात्रियों को भी यह विकल्प दिया जाना चाहिए। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और आर. महादेवन की बेंच ने कहा कि दुरुपयोग की धमकी के आधार पर किसी वर्ग को इस लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। जजों ने सुझाव दिया कि रेलवे अधिकारी टिकट काउंटरों पर यात्रियों के विवरण दर्ज करने और बीमा कवरेज सुगम बनाने के लिए तकनीकी उपाय अपना सकते हैं।

### इंडियन यूथ कांग्रेस 16 को करेगी संसद का घेराव

नई दिल्ली

इंडियन यूथ कांग्रेस ने शनिवार को 16 मार्च को संसद घेराव विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संगठन का आरोप है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में अमेरिका के साथ घोषित व्यापार समझौता भारत को नुकसान पहुंचाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकरा ने कहा कि पार्टी की युवा शाखा के कार्यकर्ता पूरे देश से जंतर-मंतर पर अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ इकट्ठा होंगे।

### क्रेन हादसे में छात्र समेत 3 की मौत

हैदराबाद

तेलंगाना के जयशंकर भूपालपल्ली जिले में एक कृषि कुएं की सफाई के लिए क्रेन का इस्तेमाल करते समय, कुएं में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें 10वीं कक्षा का एक छात्र भी शामिल है, और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

## देश में एलपीजी की किल्लत के बीच राहत की खबर

# आ रहे हैं संकटमोचक 'शिवालिक' और 'नंदा'

### ईरानी राजदूत ने कहा- साझा हितों के चलते होर्मुज से गुजरने दिए भारतीय जहाज

नई दिल्ली

देश में गैस की किल्लत को लेकर फैली अफवाहों के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से बड़ी राहत भरी खबर आई है। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक है और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। इस बीच सबसे बड़ी राहत यह है कि दो भारतीय जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा' एलपीजी की बड़ी खेप लेकर सुरक्षित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हालांकि शुक्रवार को ही ईरान के विदेश मंत्रालय ने साफ किया था कि भारतीय जहाजों को नहीं रोका जाएगा। भारत से बातचीत के बाद जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से निकलने दिया गया। जंग के बीच भारत का रसोई गैस ले जाने वाले नंदा देवी एलपीजी करिअर ने शुक्रवार रात होर्मुज स्ट्रेट




को सुरक्षित पार कर गया। इस जहाज पर 46,000 मीट्रिक टन लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लदी हुई है, जो भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे पहले भारत का पहला एलपीजी टैंकर शिवालिक एलपीजी करिअर भी कूटनीतिक बातचीत के बाद सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट पार कर खुले समुद्र में पहुंच चुका है और भारतीय नौसेना के मार्गदर्शन में आगे बढ़ रहा है। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक दोनों जहाजों की आवाजाही पर भारतीय नौसेना की कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि संवेदनशील समुद्री मार्ग से ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित तरीके से भारत तक पहुंच सके। भारत अपनी एलपीजी जरूरतों के लिए खाड़ी देशों पर काफी निर्भर है। ऐसे में इन जहाजों का सुरक्षित रूप से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करना इस बात का संकेत है कि भारतीय ऊर्जा आपूर्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक प्रभावी व्यवस्था तैयार कर ली गई है। एलपीजी की बड़ी मात्रा में आ रही इस खेप के बाद ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में जो देश में गैस का संकट है वह खत्म होगा। इसके साथ ही आगे आने वाले दिनों में भी इस तरह की और भी कई खेप आने की संभावना है।

### हां, हमने अनुमति दी: फताली

ईरान के भारत में राजदूत मोहम्मद फताली ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कुछ भारतीय जहाज़ों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह फैसला दोनों देशों के लंबे समय से चले आ रहे दोस्ताना रिश्तों और साझा हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। ईरानी राजदूत ने माना कि शुरुआत में भारत के साथ संवाद स्थापित करने में कुछ दिक्कतें आई थीं, लेकिन अब दोनों देश एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हां, हमने कुछ जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी है, लेकिन फिलहाल यह नहीं बता सकते कि कितने जहाजों को अनुमति दी गई है। इस मुद्दे पर आगे जानकारी दी जाएगी। ईरान और भारत के ऐतिहासिक रिश्ते हैं और दोनों के साझा हित भी हैं।

### मार्ग का बंद होना बड़ी समस्या

दरअसल, शुक्रवार को ईरान ने भारतीय झंडे वाले दो एलपीजी कैरियर जहाजों को होर्मुज से गुजरने की अनुमति दी थी। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया था। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा गुजरता है। भारत के लिए इस मार्ग का बंद होना बड़ी समस्या बन गया था। भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 40 प्रतिशत, एलएनजी का 50 प्रतिशत से अधिक और एलपीजी का करीब 90 प्रतिशत इसी रास्ते से आयात करता है।

### भारत कब पहुंचेंगे जहाज

जंग के बीच जहाज का निकलना भारत के लिए राहत भरी खबर मानी जा रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जहाज अब इंडियन नेवी की निगरानी में भारत की ओर बढ़ रहा है और अगले दो दिनों में मुंबई या कांडला बंदरगाह पहुंचने की संभावना है।

### और मजबूत होंगे संबंध

कई जहाज़ों के इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर फंस जाने के कारण देश में एलपीजी की कमी का संकट पैदा हो गया है। मोहम्मद फताली ने भारत-ईरान संबंधों को और मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, अगर दोनों देशों के बीच किसी तरह की दरार पैदा होती है तो दुश्मन इसका फायदा उठाएंगे। दोनों पक्ष इतने परिपक्व हैं कि वे इन राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को संभाल सकते हैं। ईरान से जुड़े युद्ध के मुद्दे पर भारत अब तक संतुलित कूटनीतिक रुख अपनाए हुए है और अपनी पारंपरिक रणनीतिक स्वायत्तता की नीति का पालन कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ बोले

# एआई समय बचाने में मददगार, लेकिन अनुशासित फैसले लेने के काबिल नहीं

**हैदराबाद।** सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि एआई वकील के प्रशिक्षित दिमाग और जज की नैतिक जिम्मेदारी की जगह नहीं ले सकता। उन्होंने आगे कहा कि अगर समझदारी से इस्तेमाल किया जाए, तो,ढ्ढ समय बचा सकता है और कानूनी काम के कुछ पहलुओं को ज्यादा आसान बना सकता है। जस्टिस विक्रम तेलंगाना में एक कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। जस्टिस नाथ ने आगे कहा कि टेक्नोलॉजी किसी नोट का ड्राफ्टा बनाने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि एआई के गलत इस्तेमाल की वजह से न्यायिक व्यवस्था को इस हद तक नहीं जाना चाहिए कि वह इससे पूरी तरह से दूरी बना ले। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि एआई महज एक टूल है, और एक टूल को टूल ही रहना चाहिए।



इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज, सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाई कोर्ट के मुख्य जज, जस्टिस अपारेष कुमार सिंह ने भी बात रखी। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में भी एआई से बनी गलत सामग्री और नकली साइटेशन के इस्तेमाल को लेकर चिंता जताई गई है। गलत कानूनी संदर्भ (साइटेशन) सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है, इससे न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। एआई के गलत इस्तेमाल के कारण इसे पूरी तरह से छोड़ देना भी सही नहीं है। इसका समाधान है जानकारी के साथ इस्तेमाल, नैतिक अनुशासन और पेशेवर मानकों का पालन। लोगों को एआई का उपयोग सावधानी और इसकी सीमाओं को समझकर करना चाहिए। नई टेक्नोलॉजी कानूनी काम को आसान बना सकती है, लेकिन लापरवाही के नए रूप भी पैदा कर सकती है। यह अपराध से निपटने में मदद कर सकती है, लेकिन नए तरह के अपराध भी पैदा कर सकती है। टेक्नोलॉजी को सिर्फ इसलिए नहीं ठुकराना चाहिए क्योंकि वह नई है। और सिर्फ इसलिए स्वीकार भी नहीं करना चाहिए क्योंकि वह तेज और कुशल है। इसका उपयोग सिद्धांतों और जिम्मेदारी के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य सिर्फ प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने से सुरक्षित नहीं होगा। जरूरी है कि टेक्नोलॉजी कानून के मूल सिद्धांतों से जुड़ी रहे। कानून का राज टेक्नोलॉजी पर नहीं, बल्कि मजबूत संस्थाओं और ईमानदार लोगों पर निर्भर करता है।

# सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया

## 170 दिन बाद जोधपुर जेल से हुई रिहाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक पर लगा नेशनल सिक्युरिटी एक्ट हटा दिया। सरकार ने कहा कि यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया। गृह मंत्रालय के अनुसार, सोनम ने एनएसए एक्ट के तहत अपनी हिरासत की अवधि का लगभग



आधा हिस्सा पूरा कर लिया है। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे सोनम की पत्नी गीतांजलि जोधपुर जेल पहुंचीं। इसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी की गई। फिर दोपहर सवा एक बजे पत्नी के साथ एक निजी गाड़ी से जेल से निकले। दरअसल, सोनम के अनशन के दौरान 24 सितंबर 2025 को लेह हिंसा हुई थी। दो दिन बाद 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत वांगचुक को हिरासत में लिया था। इसके बाद उन्हें फौरन जोधपुर शिफ्ट कर दिया था। 170 दिन से वे जोधपुर जेल में बंद रहे हैं। एनएसए सरकार को ऐसे लोगों को हिरासत में लेने का अधिकार देता है, जिनसे देश की सुरक्षा या सार्वजनिक व्यवस्था को खतरा हो। इसके तहत किसी व्यक्ति को अधिकतम 12 महीने तक नजरबंद रखा जा सकता है।

# सिंगरौली: अडाणी पावर प्लांट में आगजनी

## लेबर की मौत पर भड़के, गाड़ियों में तोड़फोड़

**सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।** सिंगरौली जिले के माडा थाना क्षेत्र के बधौरा स्थित अडाणी पावर प्लांट में शनिवार सुबह मजदूर की मौत के बाद जमकर हंगामा हो गया। गुस्साए मजदूरों ने प्लांट परिसर में तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दी। सामने आए वीडियो में दूर से काले धुएं का बड़ा गुबार नजर आ रहा है। प्लांट के अंदर एक साइट के नीचे भी आग लगी हुई है। हालात को काबू में करने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, प्लांट में काम करने वाले



मजदूर लल्लन सिंह की शुक्रवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई थी। मृतक मूल रूप से झारखंड के गढ़वा जिले का रहने वाला था और लंबे समय से इसी प्लांट में काम कर रहा था। मजदूर की मौत की खबर फैलते ही साथी मजदूरों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने शव छिपाने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि ये अफवाह भी फैली कि मजदूर लल्लन की ऊंचाई से गिरने के कारण मौत हुई है। कंपनी प्रबंधन और जिला प्रशासन का दावा है कि मजदूर की मौत देर रात हार्ट अटैक से हुई। कंपनी के अंदर स्थिति तनावपूर्ण है। मजदूरों ने एक दर्जन से अधिक गाड़ियों को क्षतिग्रस्त किया और पलट दिया। पुलिस चौकी प्रभारी की गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर पलटा दी।

# संभल डीएम-एसपी कानून नहीं संभाल सकते तो इस्तीफा दें: हाईकोर्ट

**मस्जिद में नमाजियों की संख्या कम कराने पर लगाई फटकार**

**संभल।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित करने पर संभल डीएम और एसपी को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा- प्रशासन मस्जिद में नमाजियों की संख्या सीमित नहीं कर सकता। अगर डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके विश्नोई को लगता है कि वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल पा रहे, तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। या फिर ट्रांसफर करवा लेना चाहिए। हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखना उनका काम है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने कहा- यह राज्य का कर्तव्य है कि वह सुनिश्चित करे कि हर समुदाय निर्धारित पूजा स्थल पर शांतिपूर्वक पूजा कर सके। अगर वह निजी संपत्ति है, तो राज्य से किसी इजाजत की जरूरत नहीं। कोर्ट पहले ही साफ कर चुका है कि राज्य का दखल सिर्फ वहीं जरूरी है, जहां प्रार्थना या धार्मिक काम सार्वजनिक भूमि पर आयोजित किए जाने हों। याचिकाकर्ता मुनाजिर खान के मुताबिक, पिछले साल फरवरी महीने में हयातनगर थाने से पुलिसवाले आए। उन्होंने कहा कि सिर्फ 20 लोग ही मस्जिद में नमाज पढ़ सकते हैं। एक बार में 5-6 लोग ही नमाज अदा करें। इसके बाद मुनाजिर ने 18 जनवरी, 2026 को हाईकोर्ट में याचिका

# निर्मम सरकार का काउंटडाउन शुरू

## बंगाल में टीमएसी पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री मोदी

कोलकाता

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भारतीय जनता पार्टी की विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार, हिंसा और वर्षों के कुशासन के खिलाफ जनता में गुस्सा बढ़ रहा है और अब बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है। रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि नए बंगाल की क्रांति इसी ब्रिगेड रैली से शुरू हो गई है और राज्य से निर्मम सरकार तथा महाजंगलराज का अंत अब तय है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस की सरकार सत्ता खोने के डर से घबरा गई है और इसी वजह से लोगों को



रैली में आने से रोकने की कोशिश की गई। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि रैली को रोकने के लिए रास्तों पर यातायात बाधित किया गया, पुलों पर आवाजाही रोकी गई और पोस्टर फाड़े गए, लेकिन इसके बावजूद भारी संख्या में लोग सभा में पहुंचे। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने रैली में आए लोगों को चोर कहकर अपमानित किया, जबकि असली चोर कौन हैं यह जनता अच्छी तरह जानती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में बदलाव को अब कोई नहीं रोक सकता और भारतीय जनता पार्टी को महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने रैली में उमड़ी भीड़ की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह तृणमूल कांग्रेस सरकार के अंत की उलटी गिनती की शुरुआत है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, टीएमसी सरकार का एक ही एजेंडा है। ये लोग न खुद काम करते हैं और न किसी को काम करने देते हैं। जब तक इन्हें अपनी कटमनी नहीं मिलती, तब तक ये किसी भी योजना को गांव और गरीब तक पहुंचने नहीं देते। इसी कारण टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को रोककर रखती है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब टीएमसी, ये सभी एक के बाद एक सत्ता में आते रहे, अपनी जेबें भरते रहे और बंगाल में विकास के काम ठप्प पड़े रहे।

### एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद

प्रधानमंत्री ने कहा, एक समय था जब बंगाल पूरे भारत को गति देता था। व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में बंगाल सबसे आगे था। लेकिन आज यहां का युवा न ठीक से डिग्री हासिल कर पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है। आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। यहां की निर्मम सरकार अब चाहे जितनी कोशिश कर ले, परिवर्तन की इस आंधी को रोक नहीं पाएगी। भाजपा और एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है।

# आरओ वाटर के नाम पर हो रहा गड़बड़ झाला, गुणवत्ता की भी नहीं हो रही जांच

ब्यौहारी (स्वतंत्र मत)।

नगरीय क्षेत्रो के कई घर एवं दुकानों में जो आरओ फिल्टर पानी लोग खरीदकर पी रहे हैं वो कितना शुद्ध है ये कोई नहीं जानता। बस शुद्ध पानी के नाम पर इसे खरीदा जा रहा है। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रो में इसका व्यापार इतना फल-फूल चुका है कि हर माह कई लाखों रुपए का पानीं बिक रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, ब्यौहारी में तकरीबन 2 हजार परिवार फिल्टर के नाम पर ये पानी पी रहा है। गंभीर बात यह कि नगरीय निकाय या स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने कभी इन प्लांटस का जाच करना उचित नहीं समझा। शहर एव आसपास के गांवों में आरओ रिवर्स ओस्मासिस के नाम पर लोगो को साधारण पानी ही पिलाया जा रहा है। जबकि दाम आरओं पानी के ही वसूले जा रहे हैं। कम गुणवत्ता होने के कारण इस पानी से लोगों में बीमारियां फैलने का डर भी बना रहता है। कमाल की बात यह है कि पानी के ये प्लांट बिना किसी लाइसेंस के ही शहर में चल रहे हैं।

### आरओ पानी बोलकर सादे पानी का चल रहा खेल

आरओ का पानी बोलकर फिल्टर पानी की सप्लाई हो रही है। जबकि आरओ का पानी मीठा होने के साथ काफी शुद्ध भी होता है। आरओ सिस्टम के तहत पानी की कड़वाहट समाप्त हो जाती है, जबकि फिल्टर का पानी साफ तों होता है लेकिन इसमें कड़वाहट नहीं जाती। अधिकतर सप्लायर आरओं का पानी कहकर फिल्टर या फिर



सींधा जमीन से खींचकर कैन में भरकर बेंच रहे हैं जिससे उसकी शुद्धता भी प्रभावित होती है। सप्लायर आरओ पानी इसलिए भी नहीं सप्लाई करते, क्योंकि फिल्टर सिस्टम की तुलना में आरओ का पानी काफी खर्चीला होता है।

### प्रदूषित या गंदे पानी से होतीं हैं बीमारियां

पानी का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। अगर पानी दूषित है तो वह स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। पेट से जुडी अधिकांश बीमारियां पानी की खराबी की वजह से ही होती हैं। पीने के पानी की स्वच्छता के मामले में यदि कोई असावधानी होती है तो कई तरह के रोग शरीर को घेरने मे देर नहीं लगाते। अगर पानी में स्वच्छता नहीं होगी तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। अशुद्ध पानी पीने से डायरिया, पीलिया, हैजा, टाइफाइड व जापानी बुखार आदि भयंकर बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। उल्टी-दस्त होना तो बहुत मामूली सी बात है।

### पैसे बचाने के चक्कर में नहीं कराते जांच

पीएचई लैब में पानी की जांच कोई भी करा सकता है। जांच के लिए निर्धारित शुल्क भी तय है। आम जनता से 600 रुपए और व्यवसायिक उपयोग वालों से लगभग 1550 रुपए लिए जाते है। महींने में एक बार रॉ वॉटर और सप्लाइ वाटर की जांच कराई जाना आवश्यक होता हैं, लेंकिन पैसे बचाने के चक्कर मे आरओं सचालक पानी का नियमित जांच ही नहीं कराते है। जबकि गर्मी शुरू होने से पहले और बारिश के बाद पानी की जांच कराई जाना जरूरी होता है, क्योकि इस दौरान ग्राउंड वॉटर तेजी से नीचे जाता है जिसके कारण पानी में कई प्रकार के कैमिकल आते हैं।

### बढ़ रही है आरओ के पानी की मांग

ग्रामीण क्षेत्रो में भी अब लोग सादापानी की जगह पीने व खाना बनाने के लिए आरओ के पानी का इस्तेमाल करने लगे हैं ऐसे में कस्बे के साथ हीं गांवों में भी आरओ प्लांट खुल गए हैं। वहीं जो व्यक्ति घर पर बाजार से आरओं खरीद कर लगाने मे सक्षम नहीं है वह आरओ प्लांट से आरओ पानी के कैम्पर मंगाने को मजबूर हैं। आरओ प्लांट मालिक के लिए बड़े स्तर पर आरओ पानी की पूर्ति करना मुश्किल हो रहा है। पानी की पूर्ति करने के लिए सादा पानी में यूरिया व बर्फ डाल कर ठंडा किया जा रहा है। जो कि आमजन की सेहत से खिलवाड़ है।

### दुकानदारों में है इसकी खास डिमांड

शहरी क्षेत्र में फिल्टर पानी की कैन अब घर और दुकानों में दिखने लगी है, लेकिन जो पानी सप्लाई हो रहा है जरूरी नहीं है कि वो आरओ का ही पानी हो। पानी के कैन सप्लाई करने वाले कई कारोबारी आरओ की बजाय सीधा जमीन से निकाला गया पानी ठण्डा कर उसमें थोड़ा बहुत फिल्टर पानी मिलाकर सप्लाई कर रहे हैं। इतना ही नहीं बासी पानी भी लोगों को बेचा जा रहा है। चाहे उसमे बदबू ही क्यों न आ रहा हो। ब्योहारी मे इतना कुछ हो रहा है और प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग आंख बंद कर बैठा है। या यूं समझे कि, किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार मे है।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को मलेरिया विभाग का कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

शहडोल (स्वतंत्र मत)।

विभागाध्य समाज कार्य एवं समाज शास्त्र विभाग प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के मास्टर ऑफ सोशल के छात्रों ने जिला मलेरिया विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया तथा हनुमान प्रसाद जिला मलेरिया ऑफिसर द्वारा विभाग के गतिविधियों के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम एनवीबीडीसीपी भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य मच्छरों या अन्य वाहकों से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण करना है। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित होता है और इसका संचालन एनसीवीबीडीसी द्वारा किया जाता है। वेक्टर जनित रोग वे संक्रामक रोग होते हैं जो मच्छर, मक्खी, टीक, या अन्य कीटों के माध्यम से मनुष्यों तक पहुँचते हैं। भारत में मुख्य वेक्टर जनित रोग हैं मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, लिम्फेटिक फिलेरियासिस, काला-आजार, जापानी एन्सेफलाइटिस इन सभी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए एनवीबीडीसीपी कार्य करता है। इसका उद्देश्य मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम और नियंत्रण



रोगों के संक्रमण और मृत्यु दर को कम करना समय पर पहचान और उपचार उपलब्ध कराना, समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना, ग्रामीण आदिवासी और शहरी झुग्गी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना इस कार्यक्रम का दीर्घकालिक लक्ष्य भारत को वेक्टर जनित रोगों से मुक्त बनाना है।

इसके प्रमुख घटक रोग की पहचान और निगरानी, बुखार के मामलों की नियमित जाँच मलेरिया और अन्य रोगों के रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट रोग के मामलों का रिकॉर्ड और रिपोर्टिंग, उपचार, समय पर दवा उपलब्ध कराना, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त उपचार मलेरिया के लिए एसीटी जैसी दवाओं का उपयोग वेक्टर नियंत्रण का कार्य है। मच्छरों की संख्या कम करने के लिए कीटनाशक छिड़काव, मच्छरदानी, पानी के ठहराव को रोकना, लार्वा नियंत्रण, जनजागरूकता, पोस्टर, पंपलेट, मीडिया अभियान स्कूलों और समुदाय में जागरूकता स्वच्छता और पानी के सही प्रबंधन की शिक्षा, प्रशिक्षण, डॉक्टर, नर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और एम पी डब्ल्यू को प्रशिक्षण देना।

पंचायत और एनजीओएस की भागीदारी समुदाय को मच्छरों के प्रजनन स्थल खत्म करने के लिए प्रेरित करना एनवीबीडीसीपी की संगठनात्मक संरचना कई स्तरों पर संचालित होता है राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एनसीवीबीडीसी द्वारा नीति निर्माण। राज्य स्तर राज्य कार्यक्रम अधिकारी जिला स्तर जिला मलेरिया अधिकारी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर सेक्टर अधिकार अपने शहडोल में 36 सेक्टर बनाए गए है। डॉक्टर, स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा यह प्रणाली रोग की पहचान, उपचार और नियंत्रण को ग्रामीण स्तर तक पहुँचाती है। इन के माध्यम से रोगों के प्रसार को नियंत्रित किया जाता है।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु लगवाएं एचपीव्ही वैक्सीन का टीका : कलेक्टर



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि भारत सरकार द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 14 वां जन्म तिथि पूर्ण करने लेने वाली तथा 15 वर्ष 03 माह तक आयु की बेटियों को लगभग 4 हजार रुपये मूल्य का एचपीवी वैक्सीन का टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है। यह टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और भविष्य में बेटियों को गंभीर बीमारी से सुरक्षा प्रदान करता है। कलेक्टर ने जिले की सभी बहनों और बेटियों से अपील की है कि वे सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर एचपीवी वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं।

# विधायक ने धनपुरी में वृहद स्टेडियम निर्माण हेतु किया भूमि पूजन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** विधायक जैतपुर ने नगर पालिका धनपुरी के वार्ड क्रमांक 6 में 3 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले वृहद स्टेडियम का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंनें कहा कि स्टेडियम के निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों को खेलने के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। नगरपालिका धनपुरी में आमजन की सुविधाओं के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला योजना समिति की सदस्य अमिता चपरा, नगर पालिका अध्यक्ष रविंद्र कौर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट द्वारा महिला जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षा स्वास्थ्य, सिलाई, हस्तशिल्प, पोषण के क्षेत्र में अव्वल मातृशक्ति को किया गया सम्मानित

**बुढार (स्वतंत्र मत)।** रिलायंस फाउंडेशन रिसोर्स सेंटर लालपुर में रिलायंस सीबीएम-सीएसआर प्रोजेक्ट द्वारा अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर शुक्रवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, और सामाजिक सरोकार तथा विभिन्न गतिविधियों एवं पंचायतों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी पर उनके स्तुत्य योगदान की सराहना करते हुये कार्यक्रम के मध्य प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, वहीं महिलाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहारी प्रस्तुति दी गई, जिसकी उपस्थित जनों नें सराहना की। अंतर्राष्टीय महिला दिवस कार्यक्रम गोहपारू अनुविभागीय अधिकारी राजस्व काजोल सिंह के मुख्यातिथ तथा सीबीएम लेडीज क्लब अध्यक्ष दीपाली वर्मा की अध्यक्षता एवं कृषिविज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक अल्पना शर्मा, जनपद सदस्य लीला बाई (देवरी), माया द्विवेदी (कंचनपुर), यशोदा सिंह (नौगई) तथा ग्राम पंचायत लालपुर की सरपंच रामकली बैगा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथ अध्यक्ष व विशिष्ट अतिथियों नें वीणा वादिनी माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण कर किया गया, इसके उपरांत अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे रिलायंस सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव ने मुख्यातिथ व अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि रिलायंस सीएसआर प्रोजेक्ट के माध्यम से महिलाओं के विकास एवं सशक्तिकरण तथा स्वावलंबन की दिशा में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की हैं जिसका सार्थक परिणाम



आया है, जो निश्चित ही मातृशक्ति के लिये उपलब्धि पूर्ण है। सीएसआर हेड राजीव श्रीवास्तव नें बताया कि प्रोजेक्ट ग्रामों की महिलाएँ सिलाई, हस्तशिल्प, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता जैसे प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी आजीविका को मजबूत बना रही हैं, और रिलायंस इस तरह के आयोजन कर महिलाओं को भरपूर प्रोत्साहित कर उनमें जागरूकता बढ़ा रही है। इस अवसर पर साइट हेड राजेश वर्मा ने अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि रिलायंस सीएसआर के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा हैं और उन्हें भरपूर प्रोत्साहित करनें प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्यातिथ एस.डी.एम. काजोल सिंह ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है, जब महिलायें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनती हैं तो परिवार और समाज दोनों का विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने रिलायंस सीएसआर द्वारा महिलाओं के विकास के लिए किए जा रहे सार्थक प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्ष सीबीएम लेडीज क्लब अध्यक्ष दीपाली वर्मा ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि कृषि वैज्ञानिक अल्पना शर्मा ने महिलाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त की जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी जानकारी देते हुये योजनाओं का लाभ लेने आगे आनें के लिए प्रेरित किया। अंतराष्टीय महिला दिवस कार्यक्रम अवसर पर 19 ग्रामों की महिला सरपंच एवं 3 जनपद सदस्यों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। जिनमें सम्मानित सरपंचों में कामनी सिंह जरवाही, गेंदा बाई बैगा पकरिया, रजनी बैगा सेमरा, सुद्धी बैगा छाता, रामकली बैगा लालपुर, रजनी कोल बिरूहली, आशा सिंह खमरौध, अनीता पाव खरला, उर्मिला पाव बैरिहा, भानमती सिंह चंगेरा, रंजू बैगा देवरी नं. 1, राजकुमारी सिंह घोर्वे, सरोज सिंह लफदा, केशवती बैगा धनगवां, मीरा बाई बैगा धुरवार, गीता बैगा नवलपुर, सरूपिया बैगा पोंगरी तथा पिंकी बाई गोड़ श्यामडीह खुर्द मुख्यरूप से सम्मिलित रहीं, वहीं जनपद सदस्यों में यशोदा सिंह नौगई, लीला सिंह देवरी नं. 1, माया द्विवेदी कंचनपुर को भी गरिमामय भव्य कार्यक्रम के मध्य सम्मानित किया गया। सम्मान की श्रृखला में सीएसआर के अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे फील्ड कैडर्स को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सीएसआर प्रोजेक्ट के सहयोग से संचालित 11 सिलाई केंद्रों का संचालन करने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र एवं ब्रांडिंग बैनर प्रदान कर उनके अतुलनीय कार्य के प्रति उन्हें शुभकामना दी गई। सिलाई प्रशिक्षण से लाभान्वित महिलाओं में संतोषी सिंह बिरुहुली, ललिता सिंह चंगेरा, मीना सिंह साबो, सुष्मिता यादव पांड़खेर, मालती कुशवाहा लालपुर, प्रीति द्विवेदी लालपुर, शशि ढीमर, उषा केवट छाता तथा प्रमिला सिंह पिपरतरा रहीं, जो सिलाई कार्य के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर रही हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम में कौशल सखी दुर्गा बर्मन एवं सीतू यादव, की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पोषण सखी में शिप्रा सिंह, सीमा बरगाही रहीं जिन्हे कार्यक्रम के मध्य सम्मानित किया गया।

# घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पकड़ा, खाद्य विभाग ने 10 सिलेंडर किए जब्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को तीन प्रतिष्ठानों से कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जानकारी के अनुसार शनिवार को शमीम ख़ान सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं आकाश तुरकर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (खाद्य विभाग डिंडोरी) द्वारा जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान माँ रेवा होटल, पुरानी डिंडोरी तिराहा से 5 घरेलू उपयोग



के एलपीजी सिलेंडर, नकुल होटल से 3 घरेलू सिलेंडर तथा मोले भोजनालय, बस स्टैंड डिंडोरी से 2 घरेलू एलपीजी सिलेंडर व्यावसायिक रूप से उपयोग करते पाए गए। खाद्य विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए तीनों प्रतिष्ठानों से कुल 10 घरेलू गैस सिलेंडरों को जब्त कर लिया।

जब्त किए गए सिलेंडरों को डिंडोरी इंडेन गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण) विनियमन आदेश 2000 के प्रावधानों का उल्लंघन है। मामले में संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** थाना समनापुर क्षेत्र में जादूटोना के संदेह में महिला की हत्या करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि थाना समनापुर में दर्ज अपराध क्रमांक 400/2024 एवं सत्र प्रकरण क्रमांक एसटी/5/2025 में आरोपी मुकेश मरावी पिता धन्नू सिंह मरावी (20 वर्ष) निवासी ग्राम सलैया पांडपुर, थाना समनापुर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण के अनुसार घटना 21 सितंबर 2024 की सुबह करीब 8 बजे की है। पीड़िता अपने घर के आंगन में बैठकर मक्का छील रही थी, जबकि उसकी बेटी घर के काम में लगी हुई थी। इसी दौरान आरोपी मुकेश मरावी ने




महिला पर जादूटोना करने का आरोप लगाते हुए पहले उसका गला दबाया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह घर के अंदर से लोहे की धारदार कुल्हाड़ी लाकर महिला पर हमला करने लगा। बीच-बचाव करने पहुंची महिला की बेटी को भी आरोपी ने कुल्हाड़ी के पिछले हिस्से से मारकर घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल महिला की कुछ ही देर में मौत हो गई। मामले में थाना समनापुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1), 296 और 115(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना के बाद चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया।

मामले की सुनवाई द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डिंडौरी शिव कुमार कौशल की अदालत में हुई। न्यायालय ने आरोपी मुकेश मरावी को धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास और 5000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 115(2) के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास और 2000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पंचायत में वित्त राशि का खेलः एक ही बिल से दो बार भुगतान

## वर्क आईडी और जियो टैग गायब, अमरपुर जनपद की ग्राम पंचायत कोको में 5वें-15वें वित्त में अनियमितताओं के आरोप

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जनपद पंचायत अमरपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में इन दिनों 5वें एवं 15वें वित्त आयोग की राशि के खुलेआम दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है, जहां शासन द्वारा तय नियमों और दिशा-निर्देशों को ताक पर रखकर सरपंच और सचिव द्वारा मनमाने तरीके से भुगतान किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे खेल पर निगरानी तंत्र में बैठे जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं, या फिर जानबूझकर पूरे मामले को नजरअंदाज किया जा रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या यह पूरा भ्रष्टाचार उच्च अधिकारियों की मिलीभगत से संचालित हो रहा है। यदि ऐसा नहीं है, तो फिर जनपद से लेकर जिला स्तर तक का तंत्र इन कथित भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा है।

दरअसल, ताजा मामला अमरपुर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोको का है, जहां पंचायत सरपंच छोटी बाई सैयाम एवं सचिव शिव प्रसाद यादव पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन की खुलेआम अनदेखी कर, निर्माण कार्यों की पूरी राशि अपने चहेते सप्लायरों के खातों में डालने के गंभीर आरोप लगे हैं।

गौरतलब है कि 5वें वित्त की राशि में सरपंच-सचिव द्वारा जमकर बंदरबाट किया गया। वर्ष 2025-26 में पुताई सामग्री क्रय के नाम पर के. जी. एन. हार्डवेयर के बिल क्रमांक 461 को एक ही सामग्री के लिए दो बार भुगतान किया गया। एक ही बिल पर 6620 रुपये और 6600 रुपये का भुगतान दर्शाया गया, जबकि सामग्री की खरीदी केवल एक बार की गई थी। इसके अलावा आकस्मिक बिलों के नाम पर पुताई कार्य हेतु 8720, 5400, 8870, 8500 और 5840 रुपये का भुगतान किया गया। इस तरह केवल पुताई के नाम पर 50 हजार 550 रुपये निकाल लिए गए।

स्टेशनरी सामग्री के नाम पर वर्ष 2025-26 में 6574 रुपये का भुगतान दर्शाया गया। एक ओर ग्राम पंचायत द्वारा कंप्यूटर दुकानों से कंप्यूटर सामग्री से संबंधित उपकरणों की खरीदी की जा रही है, तो वहीं दूसरी ओर फोटोकॉपी और स्टेशनरी के नाम पर हजारों रुपये के बिल लगाए जा रहे हैं। इसी तरह वर्ष 2025-26 में चाय-नाश्ता के नाम पर 5200, 8770 और 8870 रुपये, कुल 22 हजार 840 रुपये का भुगतान किया गया, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि मात्र दो महीनों में ही 22 हजार रुपये सिर्फ चाय-नाशते पर खर्च कर दिए गए। यह सब अब आम बात हो चुकी है,




क्योंकि विकास की राशि जिम्मेदारों की फिजूलखर्ची में निपटाई जा रही है, और निगरानी करने वाले आंख मूंदे बैठे हैं।




सबसे चौंकाने वाला मामला बिल की तारीख से पहले भुगतान का है। धुर्वे कंप्यूटर एवं स्टेशनरी से दिनांक 04 जनवरी 2025 को 6000 रुपये का भुगतान जी राम जी और तिरंगा झंडा, फोटो के नाम पर किया गया, जबकि संबंधित जी राम जी का बिल 16 दिसंबर 2025 को लोकसभा में 'विकसित भारत' कार्यक्रम के नाम से पेश किया गया। सवाल यह है कि जब बिल ही 10 महीने बाद का है, तो उससे पहले योजना के नाम पर भुगतान कैसे कर दिया गया। इसी तरह 26 जनवरी 2026 के अवसर पर 04 फरवरी 2026 को तिरंगा झंडा और फोटो के नाम पर 3850 रुपये निकाले गए। गौर करने वाली बात यह है कि मात्र 10 महीनों के भीतर दो बार तिरंगा झंडा और फोटो के नाम पर हजारों रुपये का भुगतान दिखाया गया।

भ्रष्टाचार यहीं नहीं रुका। 15वें वित्त आयोग की राशि में भी भारी अनियमितताएं सामने आई हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वें वित्त टाइड और अनटाइड की राशि से 3 लाख 39 हजार 190 रुपये, 14 हजार 500 रुपये, 12 हजार 440 रुपये, 15 हजार रुपये, 2920 रुपये, 12 हजार रुपये और 14 हजार 376 रुपये का भुगतान दर्शाया गया है, जबकि इन भुगतानों में न तो वर्क आईडी दिखाई दे रही है, और न ही जियो-टैग फोटो उपलब्ध हैं।

नेट रिचार्ज, सीसी सड़क और अन्य मदों में नियम विरुद्ध भुगतान किए जाने के आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय सूत्रों का कहना है कि इस तरह के भुगतान सरपंच और सचिव द्वारा हर वित्तीय वर्ष में किए जाते रहे हैं, जिससे ग्राम विकास की राशि का खुलेआम बंदरबाट किया गया है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन और पंचायत विभाग इन गंभीर आरोपों पर कब संज्ञान लेता है, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# टायर फैक्ट्री में लगी भीषण आग, धमाकों से गूंजा इलाका

### मनेरी क्षेत्र की घटना, मंडला से भी पहुंचा दमकल विभाग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर से लगभग 35 किलोमीटर दूर मंडला जिले की सीमा से लगे औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात एक टायर फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगते ही फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और चारों ओर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इस गैस प्लांट में टायर बनाए जाते हैं।



शुक्रवार रात कर्मचारी फैक्ट्री में काम कर रहे थे, तभी अचानक तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते आग की लपटें उठने लगीं। कर्मचारियों ने तुरंत बाहर निकलकर इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी।

#### आग बुझाने लगे कई घंटे

इधर सूचना मिलते ही बरेली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। इसके बाद जबलपुर और मंडला से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। लगभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग की वजह से फैक्ट्री में रखे सामान और मशीनरी को भारी नुकसान पहुंचा है। हालांकि इस घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।आग लगने के समय फैक्ट्री परिसर के आसपास कई वाहन खड़े थे, जिन्हें सुरक्षा के लिहाज से तुरंत वहां से हटाया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# गांजा और कच्ची शराब की खेप के साथ पकड़े गए 3 तस्कर

### क्राइम ब्रांच और कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

क्राइम ब्रांच की टीम ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर गोपाल बाग तलैया से एक गांजा तस्कर को दबोचा। जिसके पास से पुलिस ने 7 किलों 325 ग्राम गांजा कीमती तीन लाख 66 हजार रूपये का जब्त किया। इसके बाद रांझी पुलिस के साथ क्राईम ब्रांच की टीम ने दो आरोपियों को दबोचा। जिनके पास से 55 लीटर कच्ची शराब, तीस गांजे पाउच व दो सौ लीटर लाहन बरामद किया।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम ने कोतवाली पुलिस के साथ मिलकर गोपालबाग तलैया में दबिश दी। जहां से पुलिस ने अभिषेक पटेल उर्फ अंशु पिता चंद्रहास पटेल उम्र 34 वर्ष निवासी गोपालबाग दमोहनाका कोतवाली को हिरासत में लिया। जिसके पास से मिले थैले से पुलिस ने सात किलों 325 ग्राम गांजा कीमती 3 लाख 66 हजार रूपये का बरामद किया। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने रांझी पुलिस के साथ मिलकर बापूनगर क्षेत्र में दबिश दी। जहां से पुलिस ने राहुल सोनकर उर्फ बाबू काली पिता गंगाराम सोनकर उम्र 27 साल पता खेरमाई मंदिर के पास बापूनगर व करन बर्मन पिता प्रहलाद बर्मन उम्र 18 पता किशोरी किराना के पास बापूनगर थाना रांझी को हिरासत में लिया। जिनके पास से मिले कुप्पों से कच्ची शराब व पालीथिन में तीस पाउच गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी करन बर्मन के पास से गांजा बिक्री के 1015 रुपये भी जब्त किये। तौल करने पर गांजा 170 ग्राम होना पाया गया, जिसकी कीमत साढ़े आठ हजार रुपये है।

#### दो सौ लीटर लाहन पुलिस ने किया नष्ट

पूछताछ करने पर नाले किनारे जंगल में लाहन से कच्ची शराब बनाना बताया एवं आरोपी करन बर्मन ने पूछताछ पर बाबू सोनकर द्वारा गांजे की पाउच 100-100 रूपये में बिकवाना तथा 300 रूपये कमीशन देना बताया। आरोपी राहुल सोनकर की निशादेही में नाले के पास बनी टंकी में भरे लाहन लगभग 200 लीटर मौके पर नष्ट किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से 170 ग्राम गांजा तथा 55 लीटर कच्ची शराब तथा नगदी 1015 रूपये जप्त करते हुये धारा 34(2) आबकारी एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की। पुलिस ने बताया कि आरोपी राहुल उर्फ बाबू सोनकर एक आपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है। जिसके विरूद्ध अवैध बसूल, बलवा, आबकारी, आर्म्स एक्ट सहित पूर्व से 6 अपराध पंजीबद्ध हैं।



# 35 हजार से अधिक नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुपालन में प्रदेश में साक्षरता दर में वृद्धि करने के उद्देश्य से संचालित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जिले में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गहलोत के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा हेतु जिले की 2 हजार 273 शासकीय शालाओं को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस महा अभियान के तहत जिले के लगभग 35 हजार से अधिक नवसाक्षरों ने अत्यंत उत्साह के साथ परीक्षा में सहभागिता की। उल्लेखनीय है कि जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु सामाजिक चेतना केंद्रों के माध्यम से 4 हजार से अधिक श्अक्षर साथीश् स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान कर रहे हैं । परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों का स्वागत तिलक वंदन एवं पुष्प मालाओं से कर उनका उत्साहवर्धन किया गया । शिक्षा के प्रति इस जज्बे में सिहोरा विकासखंड की 85 वर्षीय शिमला बाई एवं 66 वर्षीय संतोष कुमार कोरी ने सर्वाधिक उम्रदराज परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

# मजदूर संघ ने किया नारी शक्ति का सम्मान




जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मजदूर संघ हथौड़ा के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि विगत दिवस अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर विविध आयोजन किए गए। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर संघ हथोड़ा के महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शांता सहाय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो महिला कर्मचारी के साथ ट्रेनिंग कर रही युवती ने भी भाग लिया। इस रंगारंग कार्यक्रम में कई महिला कर्मचारी द्वारा अपनी प्रस्तुति पेश की।

कार्यक्रम की शुरुआत में इस वर्ष सेवानिवृत हो रही महिला कर्मचारियों के सम्मान से शुरू हुआ, जिन्हें माला पहनकर बधाई दी गई। साथ ही अग्रिम जन्मदिन की बधाई देकर केक काटा गया। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शांता सहाय द्वारा मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष विनय गुप्ता महामंत्री रोहित यादव को कार्यक्रम संचालन एवं व्यवस्था हेतु धन्यवाद दिया गया। मंच संचालन का कार्य कार्य समिति सचिव अमित चंदेल के साथ राजा पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर कीर्ति राय, वंदना, सरिता टेकाम, संगीता सिंह के साथ कार्य समिति सदस्य बीरबल सिंह, पार्थ ओझा, देवेंद्र प्रताप, रितेश बेन, राजेश भारती आदि उपस्थित रहे।

## लक्ष्मण सिंह ठाकुर का निधन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। पनागर/ग्राम झुरझुरू निवासी लक्ष्मण सिंह ठाकुर का 44 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप मनोज सिंह, दशरथ सिंह, बद्री प्रसाद के भाई है। अंतिम संस्कार आज ग्राम झुरझुरू शमशान घाट में सुबह 10 बजे किया जायेगा।

### श्रीमती भगवती बाई रजक



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। पनागर/आजाद वार्ड निवासी भगवती बाई रजक का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप जंगली प्रसाद रजक की धर्मपत्नी, राजुकमार, गोविंद और सुनील रजक की माता है। अंतिम संस्कार बलेहा तालाब शमशान घाट में किया गया।

# शराब के नशे में गालीगलौज करने पर की थी हत्या

### पनागर ककरहाई हार में हुए हत्याकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पनागर के ककरहाई रपटा तालाब के पास ग्राम पड़री में खेत की टपरिया में एक 60 वर्षीय वृद्ध की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। दरअसल मृतक ने साथ में शराब पीने वाले मैकू कोल नामक युवक के साथ गालीगलौज कर दी। जिससे आरोपी ने उसे धक्का दिया और उसके बाद लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे हल्लू कोल की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस कंट्रोल रूम में अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 3 मार्च को ककरहाई तालाब रपटा के ग्राम पड़री हार में एक व्यक्ति की मृत्यू होने की सूचना मिली थी। जांच दौरान पुलिस को ग्राम छत्तरपुर निवासी भूरी कोल ने बताया कि उसके पिता हल्लू कोल, रामनाथ केवट, रघुवीर केवट, स्वराज केवट के यहां खेत तकवारी के लिये पिछले दो साल से तालाब के पास टपरिया बनाकर रह रहे थे। जांच दौरान पुलिस को पता चला कि आखिरी बार मृतक हल्लू कोल को मैकू कोल पिता डुम्मीलाल कोल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम चरखी थाना पनागर के साथ देखा गया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी मैकू कोल को हिरासत में लिया। जिसने हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने व हल्लू कोल ने साथ में शराब पी, इसके बाद और शराब लेकर हल्लू कोल की टपरिया की ओर जाने लगे, जहां चंद कदम पहले हल्लू कोल ने शराब पीकर उसके साथ गालीगलौज शुरु कर दी। जिस पर उसने हल्लू को धक्का दे दिया, जो कि पत्थर से जा टकराया, इसके बाद भी उसने गालीगलौज बंद नहीं की। जिसके बाद उसने समीप पड़ी लकड़ी से हमला कर दिया, जिससे हल्लू कोल की मौत हो गई।

# एचपीवी टीके से किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं : सीएमएचओ

### जिले में अब तक 2 हजार किशोरियों को लग चुका एचपीवी टीका

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में जिले में एचपीवी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष के बीच की आयु की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाया जा रहा है। एचपीवी टीकाकरण के सफलतापूर्वक संचालन एवं इस एचपीवी टीकाकरण को लेकर आमजन में जागरूकता को बढाना होगा तभी हम अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकेंगे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि जबलपुर जिले में एचपीवी टीका लगभग 2000 बालिकाओं को लग चुके हैं, सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में से एक है। यह महिलाओं में होने वाले कैंसर में दूसरे नंबर का सबसे खतरनाक कैंसर है, लेकिन अच्छी बात यह है कि इसकी रोकथाम के लिए एचपीवी टीका उपलब्ध है। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने कहा कि इस समय




एचपीवी टीकाकरण के विरोध में भ्रामक खबरें सोशल मीडिया एवं यू ट्यूब पर फैलाई जा रहीं हैं जोकि पूर्णत: गलत व अवैज्ञानिक हैं कि यह वैक्सीन लगाने से किसी प्रकार की बांझता या अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होती है। उन्होंने कहा कि ऐसी भ्रामक खबरों पर अभिभावक विश्वास न करें, यह टीका वैज्ञानिक रूप से सही है और इसके कोई साइड इफ़ेक्ट नहीं है यह एचपीवी का टीका पिछले कई वर्षों से निजी तौर पर प्राइवेट अस्पतालो में लगाया जाता रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि ऐसे सोशल मीडिया और यूट्यूब पर गलत जानकारी फैलाने वालों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया की जिले में 34 टीकाकरण केंद्रों पर किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा रहा है। अभी तक जिले में लगभग 2000 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। अभिभावक अपनी बालिकाओं का पंजीयन यूविन पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिले में संचालित 34 टीकाकरण केद्रो पर जाकर पंजीयन एवं टीकाकरण कराया जा सकता है।

# रादुविवि में परीक्षा शुल्क की अवैध वसूली!

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गया है। विश्वविद्यालय पर आरोप है कि मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल कल्याण योजना तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत पात्र छात्रों से भी परीक्षा शुल्क वसूला गया, जबकि इन योजनाओं के प्रावधानों के अनुसार ऐसे विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क नहीं लिया जा सकता। विश्वविद्यालय की ऑनलाइन प्रवेश नियम एवं मार्गदर्शी सिद्धांत पुस्तिका (सत्र 2024-25) में भी स्पष्ट उल्लेख है कि इन योजनाओं के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों को केवल मेस शुल्क एवं कॉशन मनी का भुगतान करना होता है, जबकि प्रवेश शुल्क और परीक्षा शुल्क राज्य शासन द्वारा वहन किया जाना है। इसके बावजूद विश्वविद्यालय द्वारा हजारों विद्यार्थियों से परीक्षा शुल्क लिया जाना गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में मप्र उच्च न्यायालय ने भी अपने निर्णय में स्पष्ट कर चुका है कि इन योजनाओं के पात्र विद्यार्थियों से ट्यूशन फीस एवं परीक्षा शुल्क की मांग नहीं की जा सकती।

# पुरानी रंजिश पर युवक को चाकुओं से गोदा

### रांझी के गांधी चौक में दो बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रांझी थाना क्षेत्रातंर्गत गांधी चौक में बीती रात दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक को घेर लिया। जिसके बाद एक आरोपी ने युवक को धर दबोचा और उसके दूसरे साथी ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिससे युवक के सिर, पेट व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे आ गई। वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन आगे जाकर गिर गया। जिसे उपचार के लिये रांझी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अस्पताल पहुंची पुलिस को अजय कोल पिता किसन कुमार कोल उम्र 23 वर्ष निवासी इन्द्रा नगर दुर्गा मंदिर के पास कुशवाहा कालोनी रांझी ने बताया कि वह पुट्टी पुताई का काम करता है। बीती रात वह अपने दोस्त रोशन कोल के यहां मानेगांव रांझी गया था। वहां पर खाने पीने के बाद रोशन के साथ गांधी चौक आया। जहां पर करन कोल अपने साथी बिल्लू कोल के साथ मिला और पुरानी रंजिश को लेकर दोनों उसे गाली गलौज करने लगे लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो बिल्लू कोल ने उसे पकड़ लिया और करन कोल ने हत्या करने की नियत से चाकू से हमलाकर सिर में पीछे तरफ, पेट, दाहिने जांघ मे चोट पहुॅचा दी। वह वहां से बचने के लिये भागा एवं एक व्यक्ति के घर के पास गिर गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# दूर-दूर से लोग देखने आएंगे मां नर्मदा के तटों की भव्यता और सुंदरता

### मंत्री राकेश सिंह ने किया 14 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। मप्र के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शनिवार को पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में लगभग 14 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। श्री सिंह ने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुये कहा कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विकास की यात्रा न केवल जारी रहेगी बल्कि इसमें और गति आयेगी। अपने संबोधन में विधानसभा क्षेत्र पश्चिम में हुये विकास कार्यों की जानकारी देते हुये कहा कि क्षेत्र की जनता ने जो मांगा वे सभी और जो नहीं मांगा के विकास के वे कार्य भी पूरे




किये जा रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने नागरिकों को निर्माण कार्यों की सौगात मिलने पर बधाई देते हुये कहा कि पिछले ढाई वर्षों के दौरान निर्माण और विकास के जितने कार्य इस क्षेत्र में हुये हैं शायद ही प्रदेश के किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र में कभी हुये हों। उन्होंने कहा कि जनता कहे या न कहे विकास के कार्य होते रहेंगे। विकास की उनकी जिद और जुनून है और वे इस जिद और जुनून को पूरा करते रहेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रमों में बताया कि गौरीघाट में मां नर्मदा के तट पर भव्य और सुंदर घाटों का विकास किया जा रहा है। देश भर में मां नर्मदा के तट पर यह पहले ऐसे घाट होंगे जिसे दूर-दूर से लोग देखने आएंगे। करीब 500 करोड़ रुपये से सरयू के तट की तर्ज पर विकसित किये जाने वाले मां नर्मदा के घाटों का भूमिपूजन आने दो या तीन माह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव करेंगे। श्री सिंह ने मांडवा बस्ती में लगभग बनकर तैयार हो चुके 100 बिस्तरों का सर्वसुविधा युक्त अस्पताल की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जल्दी ही इस अस्पताल का लोकार्पण करेंगे। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में तीन और फ्लाईओवर स्वीकृत किये गये हैं। इनमें सगड़ा के फ्लाई ओवर का कार्य शुरू हो चुका हैए जबकि साईं मंदिर ग्वारीघाट से आदि शंकराचार्य चौक के समीप तक बनने वाले फ्लाईओवर का भूमिपूजन शीघ्र होगा।

**गुरु तेग बहादुर मार्ग का हुआ लोकार्पण**-लोक निर्माण मंत्री ने विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन की शुरुआत गुरुद्वारा गोरखपुर के समीप गोरखपुर चौराहे पर 10 लाख 30 हजार रुपये से निर्मित खंडा साहब का लोकार्पण कर की। उन्होंने यहां गुरु तेग बहादुर मार्ग का लोकार्पण भी किया। इसके पहले उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेका और लोगों की सुख एवं समृद्धि की अरदास की। महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू भी इस अवसर पर उनके साथ थे उनके साथ थे। श्री सिंह ने इसके बाद शंकरशाह वार्ड की सत्यानन्द विहार कॉलोनी में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 67 लाख रुपये से बनने वाली 10 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी की आधार शिला रखी तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड के अंतर्गत मांडवा बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में 2 करोड़ 81 लाख रुपये से बनने वाली 6 सड़कों का भूमिपूजन किया। इसी के साथ उन्होंने विविध कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया।

# रसोइया की बेटी बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

### आर्थिक कठिनाइयों के बीच हासिल की बड़ी सफलता



बालाघाट/उकवा(स्वतंत्र मत)

दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर हर कठिनाई को पार किया जा सकता है, इसका प्रेरणादायक उदाहरण उकवा की बेटी दीपशिखा नरेंद्र मर्सकोले ने प्रस्तुत किया है। सीमित संसाधनों और आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद दीपशिखा ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सहायक प्राध्यापक (असिस्टेंट प्रोफेसर) के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

दीपशिखा के पिता नरेंद्र मर्सकोले का निधन तब हो गया था जब वह बहुत छोटी थीं। पिता के अचानक निधन के बाद तीन बेटियों की जिम्मेदारी उनकी मां रंजना मर्सकोले के कंधों पर आ गई। कम पढ़ी-लिखी होने और कोई स्थायी आय का साधन न होने के बावजूद रंजना ने मेहनत-मजदूरी कर बेटियों की पढ़ाई जारी रखी। बाद में उन्होंने छात्रावास में अंशकालीन रसोइया के रूप में काम करना शुरू किया, जहां उन्हें सीमित मानदेय मिलता था, लेकिन उसी आय से उन्होंने अपनी बेटियों को आगे बढ़ाया।

दीपशिखा ने अपनी स्कूली शिक्षा उकवा के शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय से पूरी की। इसके बाद उन्होंने बालाघाट के ज ट ा श ं क र महाविद्यालय से बीएससी कंप्यूटर साइंस तथा एमए (पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान) की पढ़ाई पूरी की। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने पढ़ाई जारी रखी और पहले ही प्रयास में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक प्राध्यापक परीक्षा में सफलता हासिल कर ली। दीपशिखा बताती हैं कि शहर में पढ़ाई के दौरान अक्सर आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। त्योहारों के समय जब अन्य छात्र अपने घर जाते थे, तब वे खर्च बचाने के लिए कमरे में रहकर पढ़ाई करती थीं। जरूरत पड़ने पर नानी और मौसी ने भी समय-समय पर सहयोग किया। दीपशिखा की मां रंजना ने कहा कि बेटी की सफलता से उन्हें बेहद खुशी है। उन्होंने बताया कि भले ही उनकी बेटी आज सहायक प्राध्यापक बन गई है, लेकिन वे रसोइया के रूप में अपनी सेवा जारी रखेंगी, क्योंकि इसी काम ने कठिन समय में उनके परिवार का सहारा बना। दीपशिखा की इस उपलब्धि पर उकवा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणा बन गई है।



## पिकअप वाहन ने कार को मारी टक्कर

कटंगी(स्वतंत्र मत)

कटंगी-बालाघाट मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम अगासी और उमरी के बीच रेलवे फाटक के पास में सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने सड़क के किनारे खड़ी कार को टक्कर मार दी। गनीमत की बात यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ उस वक्त कार में कोई भी मौजूद नहीं था। अन्यथा जनहानि भी हो सकती थी। पिकअप ने कार को इतनी जोरदार टक्कर मारी की कार सड़क से कुछ फीट दूर चली गई। सड़क हादसा शुक्रवार की दिन रात करीब साड़े 11 के आसपास हुआ है। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 घटना स्थल पर पहुंची। बताया जा रहा है की पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 36 एफ 1625 ने सड़क किनारे खड़ी कार क्रमांक एम एच 32 एएच 0648 को टक्कर मार दी। कार से आने वाले लोगों ने बताया कि वह एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम उमरी आये हुए है। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



कटंगी(स्वतंत्र मत)

मानसिक रुप से विक्षिप्त 24 वर्षीय युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम चिरचिरा भजियापार की है। शनिवार को दोपहर डेड़ बजे मृत युवती के शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार चिरचिरा निवासी गुलाब सिंह वरकड़े की 24 वर्षीय पुत्री रविना वरकड़े ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना 13 मार्च की शाम की है। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था पूरा परिवार रोजी-रोटी कमाने और कृषि से जुड़े कार्य के लिए गया हुआ था। शाम को जब परिवार के सभी सदस्य घर लौटे तो युवती का शव घर पर ही फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। देर शाम पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की मर्ग कायम किया और शनिवार को शव का पीएम करवाकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## मोहगांव के जंगल में दो नर भालू की मौत

### वन परिक्षेत्र उत्तर सामान्य लामता के मोहगांव बीट की घटना



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

वन परिक्षेत्र उत्तर लामता सामान्य के अंतर्गत मोहगांव बीट कक्ष क्रमांक 1208/9 के जंगल में शनिवार को दो नर भालू उम्र करीब तीन माह मृत हालत में पाए गए। दोनों भालू की मौत आपसी संघर्ष से होना सामने आई है। वन विभाग ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। पशु चिकित्सक टीम से पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार, सुबह के समय जंगल में वनकर्मी गश्त कर रहा था। तभी उसने मोहगांव बीट में दो भालू को मृत हालत में देखे गए। जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। दरअसल, वन परिक्षेत्र उत्तर लामता सामान्य के अधिकांश जंगल कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के कारीडोर व पेंच की सीमा से लगे है। जिससे यहां के जंगल में बाघ, तेंदुआ, बायसन, भालू, हिरण, चीतल के अलावा अन्य वन्य प्राणी बहुतायत में हैं। इन वन्य प्राणियों के कई बार सड़क पर भी राहगीरों को दर्शन हो जाते है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र रंगारे ने बताया कि सुबह के समय मोहगांव बीट में वनकर्मी गश्त कर रहा था। इसी दौरान उसने दो भालू को मृत हालत देखा गया। प्रथम दृष्टया दोनों भालू की मौत आपसी संघर्ष से होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद बिसरा ले लिया गया है जिसे फारेंसिक लैब जांच करने के लिए भेजा जाएगा। वहां से रिपोर्ट आने के बाद और स्पष्ट हो जाएगा कि दोनों भालू की किन कारणों से मौत हुई है। भालू की मौत के बाद से सभी बीट के वनकर्मियों को अपने क्षेत्र में गश्ती करने के निर्देश दिए गए है।

## 10 साल बाद 'पीओआर' का खेल!




### 16 हजार वसूली के आरोप, 2 हजार 16 रुपए की रसीद

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिले के समनापुर बफर जोन कान्हा टाइगर रिजर्व से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि वर्ष 2016 में पीओआर के नाम पर फॉरेस्ट गार्ड नरोत्तम मेरावी ने दो ग्रामीणों से 8-8 हजार रुपए यानी कुल 16 हजार रुपए वसूल लिए थे। मामला जब धीरे-धीरे उजागर होने लगा तो लगभग 10 साल बाद 2026 में मात्र 2 हजार 16 रुपए का पीओआर काटकर पूरे मामले को दबाने की कोशिश की गई। लगभग ग्राम के 30 परिवार के लोगों के द्वारा बफर जोन फॉरेस्ट की भूमि पर खेती की जा रही है लेकिन फॉरेस्ट गार्ड नरोत्तम मेरावी ने केवल ग्राम के 2 लोगों को निशाना बनाकर दोनों से 16 हजार रुपए की वसूली की बाकी लोगों पर मेहरबानी की जा रही है।हालांकि मामला परिक्षेत्र अधिकारी के संज्ञान में लाने के बाद भी कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने पैसे वापस करने की बात कही और मामले को उठाया तो फॉरेस्ट गार्ड नरोत्तम मेरावी बार-बार उनके घर पहुंचकर उन्हें धमकाने और दबाव बनाने का प्रयास कर रहा है। इससे पीड़ित परिवार वन विभाग से भय के माहौल में जीने को मजबूर है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब ग्रामीणों से 16 हजार रुपए लिए गए थे तो सिर्फ 2 हजार 16 रुपए का ही पीओआर क्यों काटा गया? बाकी की लगभग 14 हजार रुपए की राशि आखिर किस-किस की जेब में गई? क्या यह पूरा मामला वन विभाग के भीतर चल रहे किसी संगठित खेल की ओर इशारा कर रहा है? सूत्रों के मुताबिक यह पूरा मामला समनापुर बफर जोन कान्हा टाइगर रिजर्व के जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंच चुका है और परिक्षेत्र अधिकारी प्रीवेश वराडे को भी इसकी जानकारी दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक न तो किसी प्रकार की जांच शुरू हुई और न ही आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई है। इससे यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या विभाग के भीतर ही इस मामले को दबाने की कोशिश हो रही है?

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे पूरे मामले की शिकायत उच्च स्तर तक करने को मजबूर होंगे।अब देखना यह होगा कि वन विभाग इस संदिग्ध वसूली और धमकी के मामले में सच्चाई सामने लाने के लिए कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।



## दो माह के अंदर उखड़ गया मानपुर सड़क के पैच कार्य, सड़क के गड्ढे हुए जानलेवा..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

उमरिया जिले के मानपुर से ब्योहारी 42 किमी लम्बा डवल सीसी रोड का निर्माण कार्य पूरा हुये कुछ वर्ष ही हुये जिसके पुलों के निर्माण कार्य पिछले सन् 2024-25 तक पूर्ण हे पाये हैं, जिन पुलों के ऊपरी सतह के गिट्टी उखड़ कर समिट गये हैं जहां से गाड़ियों को निकलना मुसीबत सा बना रहता है, इस सड़क में पिछले कई वर्ष पहले ही बड़े-बड़े गड्ढे बन गये थे, जिस स्थिति के खबर चलने पर फरमल्टी दिखावा के लिये उन गड्ढो कों पैक करवाया गया था जो कुछ महीनों में ही उखड़ कर पुनह गड्ढों का रूप ले लिया हैं! इसी तरह मानपुर बाजार के अंदर इस सड़क में डामरी पट्टी चढ़ा कर गड्ढों छिपाने का कार्य किया गया था,वही डामर सन् 2025 में पूरी तरह से उखड़ जाने से उस सड़क पर चलना दुर्भर था, जिस सम्बन्ध में मिडिया द्वारा प्रकाश में लाये जाने पर 2026 में पैच का काम करवाया गया था। पैच कार्य में घटिया एवं जले हुये डामर का प्रयोग होने की खबर बड़े तेजी से प्रकासित होते थे, जिसके बाद भी जवाबदार प्रशाषनिक अधिकारी चुप्पी साधे रहे, दो माह के अंदर वह पैच कार्य उखड़ कर बड़े गड्ढों में बदल गया है। सूत्रों का मानना है कि शायद मिली भगत अथवा किसी दवाव के कारण जवाबदार अधिकारी मौन धारण कर चुप्पी साधे हुये है।

## ताला जोन में वाहनों की जा रही जांच

उमरिया (स्वतंत्रमत)। जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ताला क्षेत्र में शुक्रवार रात वन विभाग ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई, जिसमें ताला बैरियर पर गाड़ियों को रोककर जांच और चालकों से पूछताछ की गई। बीटीआर प्रबंधन के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और पर्यटकों को निर्धारित नियमों का पालन कराना है। अक्सर देखा जाता है कि रिसॉर्ट और होटलों में ठहरे पर्यटक रात के समय बाघ देखने की उत्सुकता में सड़कों और जंगल के आसपास घूमने निकल जाते हैं। ऐसी गतिविधियों से वन्य प्राणियों की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। अचानक शुरू हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में हलचल मच गई। ताला परिक्षेत्र अधिकारी राहुल किरार ने बताया कि ताला से परासी मार्ग के बीच कई ऐसे स्थान हैं जहां बाघ सहित अन्य वन्य प्राणियों की लगातार आवाजाही रहती है। राहगीरों और पर्यटकों को इन स्थानों पर अनावश्यक रूप से रुकने से बचने की सलाह दी गई है। जांच के दौरान वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी भी दी गई। बीटीआर टीम ने स्पष्ट किया है कि रात के समय नियमों का उल्लंघन कर जंगल मार्ग पर अनावश्यक घूमने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान कुछ वाहनों की विस्तृत जांच भी की गई और सभी को वन्य प्राणियों को देखकर सड़क पर न रुकने की हिदायत दी गई।

## अमरकंटक से भोपाल तक ड्राइवरों की पदयात्रा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अनोखा विरोध



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश भर के ड्राइवरों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। ड्राइवर महासंघ के बैनर तले यह पदयात्रा माता नर्मदा की उद्गम नगरी अमरकंटक से 8 मार्च को प्रारंभ हुई, जो 8 अप्रैल को राजधानी भोपाल पहुंचकर समाप्त होगी। इस यात्रा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों ड्राइवर शामिल हो रहे हैं और रास्ते में भी अन्य चालक इस अभियान से जुड़ते जा रहे हैं। ड्राइवर महासंघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ड्राइवर समाज लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी कारण अब उन्होंने पैदल यात्रा के माध्यम से अपनी आवाज राजधानी तक पहुंचाने का निर्णय लिया है।महासंघ ने सरकार के सामने 11 सूत्रीय मांगें रखी हैं, जिनमें प्रमुख रूप से ड्राइवर आयोग का गठन, ड्राइवर वेलफेयर बोर्ड की स्थापना, ड्राइवर दिवस घोषित करना, सामाजिक सुरक्षा और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके साथ ही ड्राइवरों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की भी मांग की गई है।ड्राइवर नेताओं ने बताया कि यह पदयात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए भोपाल पहुंचेगी, जहां 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ड्राइवर महासंघ ने उम्मीद जताई है कि सरकार उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेगी। वहीं पदयात्रा को लेकर ड्राइवर समाज में उत्साह भी देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोग इसका समर्थन कर रहे हैं।

## जर्जर भवन में संचालित है कठार ग्राम पंचायत, हो सकती हैं अनहोनी



मानपुर (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर ब्लॉक से संटे ग्राम पंचायत कठार का कार्यालय भवन पूरी तरह से खण्डर का रूप ले लिया है। सूत्रों की माने तो यह भवन 20 सों साल पुराना है जो तकरीबन 8 साल पहले से ही जर्जर हो चुका है। इस भवन के दीवाल कई जगह से फट गये हैं, इसके छत में बड़े - बड़े दरारें आ गई हैं, इस भवन के अंदर की सीलिंग और छपायी परत उखड़ कर निकल गई है और छत के सरिया नजर आने लगी है, इस भवन में विषधार भुजंगों का आवगमन होता ही रहता है, जिस दुर्दसा युक्त भवन में आने से लोग डरते रहते हैं, इस भवन के देखने ले ऐसा लगता है कि यह कभी भी धसक कर नष्ट हो सकता है। कठार की जन्ता और सरपंच श्रीमती पटेल जी का कहना है कि इस जर्जर भवन के स्थिति की जानकारी यहां से लेकर जिला के अधिकारी और जन प्रतिनिधियों को कई बार दिया गया है, जिसके बाद भी आज तक कोई परिणाम् नहीं मिला है। कठार के ग्रामीणों द्वारा उमरिया कलेक्टर और मानपुर विधायक जी से नये भवन निर्माण की माँग की गई है।

## ग्राम गडरिया टोला में अवैध टपरे से 41 बोतल शराब जब्त

**उमरिया, (स्वतंत्रमत)।** मानपुर अनुविभागीय अधिकारी हरनीत कौर कलसी ने प्रशासनिक दल के साथ ग्राम गडरिया टोला में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लोहे के टपरे एवं गुमटी को हटवाकर वहां से अवैध शराब की बोतलें जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान टपरे से कुल 41 बोतल शराब बरामद की गई, जिन्हें मौके पर अमरपुर चौकी प्रभारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गडरिया टोला में लोहे का टपरा और गुमटी बनाकर अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही थी। मौके पर जांच के दौरान वहां अंडा, मांस, शराब की बोतलें तथा बीयर पाई गई। उक्त दुकान आशीष सोनी निवासी अमरपुर द्वारा संचालित की जा रही थी, जो कार्रवाई के दौरान मौके पर उपस्थित मिले। प्रशासनिक दल ने कार्रवाई करते हुए टपरे से पका हुआ मांस, भोजन सामग्री, फ्रिज, गैस सिलेंडर सहित अन्य उपयोगी सामान को बाहर निकलवाया। साथ ही वहां अवैध रूप से लिए गए बिजली कनेक्शन को भी तत्काल हटाया गया।

## खाद्यान्न वितरण कार्य का नहीं हुआ भुगतान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** करकेली विकासखंड के ग्राम धवईझर एवं मरदर में महिला बहुउददेशीय समिति तामान्नारा के संचालक व्दारा विक्रेता से कार्य कराने के बाद उनका वेतन भुगतान नही किया जा रहा है। भुगतान पाने के लिए आवेदक गण कलेक्टर से कमिश्नर तक शिकायत दर्ज करा चुके है , लेकिन उन्हें आज दिनांक तक भुगतान नही किया गया है। भुगतान के लिए आवेदकगण कई कार्यालयों के चक्कर काट रहे है। प्राप्त जानकारी अनुसार शारदा कालोनी निवासी श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि महिला बहुउददेशीय सहकारिता समिति तामान्नारा व्दारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान धवईझर में विक्रेता के रूप में काम किया। परंतु अज्ञात कारणों से कारण बताओ नोटिस जारी की गई तथा मौखिक रूप से कुछ नही बताया गया। जिसके बाद विक्रेता के पद से पृथक कर दिया गया है। उन्होने बताया कि 17 माह के मान से 1 लाख 70 हजार रूपये का भुगतान नही किया गया है। इसी तरह अन्नपूर्णा तिवारी निवासी शारदा कालोनी ने बताया कि वे 29 मार्च 2024 से आज दिनांक तक महिला बहुउददेशीय सहकारी समिति मर्यादित तामान्नारा उचित मूल्य दुकान मरदर में कार्यरत है। जहां पर शासन के नियमानुसार हितग्राहियो को राशन का वितरण किया जा रहा है। समिति प्रबंधक कैलाश गुप्ता व्दारा आज दिनांक तक मासिक मानदेय का भुगतान नही किया गया है।


नीलामी नीलामी नीलामी

**कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा**

विकासखण्ड-परसवाड़ा, तह. परसवाड़ा, जिला - बालाघाट (म.प्र.)

**बाजार नीलामी आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए साप्ताहिक बैठकी बाजार एवं दैनिक गुजरी सोमवार की आम नीलामी दिनांक 01-04-2026 से 31-03-2027 तक के लिए दिनांक 18-03-2026 दिन बुधवार को दोपहर 12.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा में की जायेगी।

इच्छुक ठेकेदार निश्चित दिनांक व समय पर उपस्थित होवें। बोली लगने के पूर्व बाजार व दैनिक हेतु अमानत राशि रुपये 100000/- शब्दों में एक लाख रुपये अग्रिम जमा करानी होगी तथा सफल बोली बोलने वाले को तुरंत नीलामी पश्चात् सफल बोली की 25 प्रतिशत राशि जमा करना होगा एवं एक सप्ताह के अन्दर 1000/- स्टाम्प पेपर पर अनुबंध पत्र लिखना अनिवार्य है।

**नीलामी की शर्तें**

कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर कार्यालय ग्राम पंचायत उकवा से जानकारी प्राप्त करें।

**विनीत**

| प्रिति सहारे | भजन वल्के | शिवशंकर तिवारी | रामबती उयके |
|---|---|---|---|
| सहायक सचिव | सचिव | उपसरपंच | सरपंच |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत उकवा

# तेज गति से भाग रहे डंपर ने बच्ची को रौंदा: सदमे में आया परिवार, ग्रामीणों ने कहा नियम कानून और चालान क्या केवल गरीब कमजोर के लिए

मण्डला(स्वतंत्र मत)

जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर निवास मार्ग में ग्राम फूलसागर के बम्होरी गांव में दिल दहला देने वाली घटना होने से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश देखा जा रहा है। यहां बीते दिनों शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला क्रेशर टोला सागर के सामने एक डंफर की चपेट में ढाई साल की बच्ची के आ जाने से मौंके में ही मौंत हो गई। घटना इतनी भीषण थी कि लोगो की रूह कांप उठी मां ने बच्ची के अवशेष बटौरे और पॉलीथीन में रखा मिली जानकारी के अनुसार मृतक बच्ची की मां आंगनबाड़ी में सहायिका है। जो बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी साथ में उसकी बच्ची भी थी जैसे ही स्कूल से बाहर बच्चे निकले और तेज गति से आ रहे डंफर ने सीधे बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। खून के छींटे स्कूल की दीवार में देखे जा सकते हैं आक्रोशित ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया और न्याय की मांग की। लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी वही रटारटाया जबाव जिसमें कहा उचित कार्यवाही की जाएगी। जैसे भरोसे देकर मामले को शांत कराने में सफल रहे। वहीं यह डंफर भाजपा नेता नितिन राय का बताया गया। इसके बाद सोशल मीडिया में घटना को लेकर तमाम तरह के कंमेंट्स देखे गए। वहीं इस घटना से एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जिले की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित है। बेलगाम भागते वाहन लोगों की जान लेने से जरा भी गुरेज नही कर रहे हैं। वहीं लचीले कानून के चलते जुर्माना सजा पर अपील तो माफीनामा जैसी आदेशों से इस तरह की घटना को और बल मिल रहा है। कानून में संशोधन किए जाने मांग की जा रही हैं। तो वहीं पीड़ित परिवार से मिलने अभी तक नेता नगरी नही पहुंच पाई हैं। जबकि जिला मुख्यालय से महज 20 किमी दूर ही पीड़ित



परिवार रहता है। बता दे इस घटना के बाद क्षेत्र में खनिज परिवहन को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में लगातार खनिज से भरे डंपर और हाईवा वाहनों का आवागमन बढ़ता जा रहा है। ये वाहन अक्सर ओवरलोड और तेज रफ्तार में चलते हैं जिससे सड़क हादसों का खतरा लगातार बना रहता है। ग्रामीणों का आरोप है कि खनिज विभाग को इस स्थिति की पूरी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर इन बेलगाम डंपरों पर लगाम क्यों नहीं लगाई जा रही। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा भी तेज हो गई है कि कहीं इस पूरे मामले में कोई सेटिंग तो नहीं चल रही। लोगों का कहना है कि अगर नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए तो इतनी बड़ी संख्या में डंपर इस तरह बेखौफ होकर सड़क पर नहीं दौड़ सकते। खनिज परिवहन में लगे कई वाहन बिना नियमों का पालन किए सड़क पर उतर जाते हैं। कई बार ओवरलोडिंग और तेज रफ्तार की शिकायतें सामने आती हैंए लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।

## मासूम की मौत से अनेक सवाल

ढाई साल की मासूम आकृति यादव की दर्दनाक मौत ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन कब जागेगा। क्या एक मासूम की जान जाने के बाद भी व्यवस्था नहीं बदलेगी क्या बेलगाम डंपरों की रफ्तार पर लगाम लगेगी और क्या खनिज परिवहन में हो रही अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई होगी। इन सवालों का जवाब अब प्रशासन और जिम्मेदार विभागों को देना होगा। फिलहाल मासूम आकृति की मौत ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया है। गांव के लोग आज भी उसी सड़क को देख रहे हैं जहां कुछ ही क्षणों में एक मासूम की जिंदगी खत्म हो गई। और अब हर किसी के मन में सिर्फ एक ही सवाल है। क्या इस मासूम की मौत के बाद व्यवस्था जागेगी या



फिर यह हादसा भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## पहले भी हो चुके हैं हादसे

ग्रामीणों का कहना है कि यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। गांव के लोगों ने कई बार प्रशासन से लिखित और मौखिक शिकायतें कीं लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर लगातार बढ़ते भारी वाहनों के दबाव से ग्रामीणों का जीवन खतरे में पड़ गया है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पार करते समय हमेशा भय के साए में रहते हैं। ग्राम बम्होंरी की यह घटना केवल एक सड़क हादसा नहीं है बल्कि यह प्रशासनिक लापरवाही की एक गंभीर तस्वीर भी पेश करती है। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में ऐसे हादसे फिर हो सकते हैं।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए और बेलगाम डंपरों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

## आंगनवाड़ी से लौट रही थी मासूम

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बम्होंरी निवासी आकृति यादव रोज की तरह आंगनवाड़ी से वापस अपने घर लौट रही थी। गांव की सड़क पर वह अपने घर की ओर बढ़ रही थी कि उसी दौरान निवास की ओर से मंडला की तरफ तेज रफ्तार में आ रहा एक डंपर अचानक उसके बेहद करीब पहुंच गया। चालक ने न तो गति कम की और न ही सावधानी बरती जिसके चलते डंपर बच्ची के ऊपर चढ़ गया। घटना इतनी भीषण थी कि मासूम आकृति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास मौजूद लोगों ने जब यह भयावह दृश्य देखा तो चीख-पुकार मच गई। कुछ ही मिनटों में गांव के लोग बड़ी संख्या में मौके पर इकट्ठा हो गए। मासूम आकृति की दर्दनाक मौत की खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में कुछ देर पहले तक मासूम की किलकारियां गूंज रही थीं वहां अब सन्नाटा और मातम पसरा हुआ है। परिवार के लोग इस घटना को लेकर पूरी तरह टूट चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के पास से गुजरने वाली इस सड़क पर भारी वाहनों की रफ्तार हमेशा खतरनाक बनी रहती है। कई बार प्रशासन से शिकायत की गई लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम

मासूम की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और मंडला-निवास मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि जब तक इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए जाएंगे और भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण नहीं किया जाएगा तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क पर दिन-रात डंपर और हाईवा तेज रफ्तार से दौड़ते रहते हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव के पास तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं ताकि तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण हो सके। साथ ही उन्होंने दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अगर समय रहते प्रशासन ने इस समस्या को गंभीरता से लिया होता तो आज एक मासूम की जान नहीं जाती। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात को संभालते हुए आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चले हंगामे और समझाइश के बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हाईवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वाहन को भी जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## माध्यमिक शिक्षक निलंबित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले के जनजातीय कार्य विभाग ने माध्यमिक शाला डालाखापा ब्लॉक नारायणगंज में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक रिंकू कुमार के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। शिक्षक को 2 सितंबर 2025 और 12 नवंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। पहले नोटिस का जवाब नहीं दिया गया और दूसरे के जवाब में संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं पाया गया। शिक्षक ने अपने स्पष्टीकरण में दादाजी के स्वास्थ्य निधन और अपनी आंखों के ऑपरेशन का उल्लेख किया था लेकिन उन्होंने इसके समर्थन में कोई भी मेडिकल सर्टिफिकेट या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए। यह कार्रवाई म.प्र. सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत की गई है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी घुघरी निर्धारित किया गया है। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता मिलता रहेगा। उनके विरुद्ध अब विभागीय जांच की जाएगी और पृथक से आरोप पत्र जारी किए जाएंगे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ शक्ति

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** महिला एवं बाल विकास परियोजना मोहगांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत शक्ति स्वागतम 2.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवजात बालिका एवं उनकी माता को आमंत्रित कर स्वागत, वन्दन अभिनंदन किया गया। नवजात बालिकाओं को कपड़े, खिलौने, बिस्तर का सेट एवं माता को सोंठ के लड्डू, ड्राई फरूट, गुड चना, मिक्स दाल, स्वच्छता किट में साबुन, सेनेटरी नेपकिन आदि सामग्री उपहार स्वरूप दी गई। शक्ति स्वागतम कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं को समझाया गया कि वह अपने अंदर की शक्ति को पहचाने और उसे विकसित करें। बेटियों को ईश्वर का वरदान , शक्ति समझे। बेटियों के विकास के लिए पोषणआहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें एवं उन्हें समाज में विशेष स्थान दिलाने के लिए शिक्षा अति आवश्यक है, अत: बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना है।

## कतिया समाज की बैठक आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला कतिया समाज की बैठक 15 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से महाराजपुर संगम घाट में स्थित समाज के धर्मशाला में आहूत की गई है। उक्त बैठक में समाज के जिला अध्यक्ष निर्वाचन पर चर्चा की जाएगी। यह बैठक खिरहनी सर्किल द्वारा आयोजित की जा रही है, आयोजकों द्वारा सभी स्वजातीय जनों से बैठक में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

# महिला सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने पर जोर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय के योजना भवन में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के नेतृत्व में पुलिस एवं सीएआरडी एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी दी गई। कार्यक्रम



में जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों कान्हा नेशनल पार्क, नर्मदा घाट, माहिष्मति घाट एवं सहस्त्रधारा जैसे स्थानों पर महिला सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान बताया गया कि पर्यटन स्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा पुलिस की नियमित उपस्थिति जैसी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने कहा कि सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए जागरूकता अभियानों का निरंतर दोहराव आवश्यक होता है। उन्होंने बताया कि जब विदेशी अथवा अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटक किसी क्षेत्र में आते हैं तो पुलिस अन्य विभाग एवं स्थानीय नागरिकों का सहयोगपूर्ण व्यवहार उन्हें सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण प्रदान करता है।

# बलिदान दिवस पर किया नमन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** 148 वीं वाहिनी के कमाण्डेन्ट विक्रांत सारंगपाणि के मार्गदर्शन में मनोरंजन कुमार उप कमाण्डेन्ट और जवानों ने 11 मार्च 2014 को देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले बलिदानी शोभनाथ राठौर के गृहग्राम बर्री थाना जिला अनुपपुर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। इस अवसर पर मनोरंजन कुमार उप कमाण्डेन्ट जवानों एवं स्थानीय लोगों ने बलिदानी के स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये तथा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा जताया कि उनका बलिदान राष्ट्र के प्रति उनके अदम्य साहस एवं समर्पण का प्रतीक है। यह कार्यक्रम बहादुर जवानों के



सर्वोच्च बलिदान को नमन करने एवं उनके परिवार के प्रति एकजुटता दर्शाने तथा सीआरपीएफ की गौरवशाली परंपराओं को निभाने के लिए किया गया है।

# कृषक वैज्ञानिक संवाद इंटरफेस का हुआ आयोजन

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्र मत)

जिले के विकासखण्ड नारायणगंज अन्तर्गत ग्राम कोंड्रामल में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के तकनीकी सहयोग से मल्टीफंक्शनल लैंडस्केप विषय पर अंतराष्ट्रीय जल प्रबंधन संस्थान एवं आईं सीएआर भारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम के वित्त पोषित प्रोजेक्ट के अंतर्गत समन्वित कृषि प्रणाली पर एक दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद इंटरफेस का आयोजन डॉ. नम्रता जैन प्रभारी विभागाध्यक्ष सदस्य विज्ञान जेएनकेवीवी के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ नम्रता जैन द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य प्रस्तुत करते हुए परियोजना से लाभान्वित कृषकों एवं ग्रामीणो को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों के संवाद के साथ-साथ कृषि, उद्यानिकी, एनजीओ के प्रतिनिधियों एवं किसानों के बीच संवाद स्थापित करना है जिससे



समन्वित कृषि प्रणाली अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, मुर्गी पालन, बकरी पालन,मधुमक्खी पालन, पशुपालन आदि रोजगार मुलक गतिविधियों एवं उन्नत कृषि से संबंधित कृषि तकनीको को कृषि से संबंधित विभागों के सहयोग से अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचाया जा सके जिससे कृषकों की आय का सृजन हो सके कृषक वैज्ञानिको के संवाद में जिले के उप संचालक कृषि अश्विनी झरिया द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि विभाग द्वारा जिले में चिया सीड्स, तिल एवं मूंगफली आदि की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है इसके लिए आवश्यक है कि किसान वैज्ञानिक विधि से इन फसलों की खेती करे एवं विभागीय योजनाओं का लाभ उठाएं। कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. कृष्ण कुमार राणा द्वारा कृषकों को गर्मी में तिल एवं मूंगफली की खेती में बीज उपचार के द्वारा फसल को सुरक्षित करने एवं मधुमक्खी के उचित प्रबंधन साथ ही गौशाला , वमी कम्पोस्ट पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रीति लोवंशी नारायणगंज एवं श्रीमती संगीता श्रीवास्तव बीजाडांडी, श्रीमती मीनल थापर ग्रामीण उद्यान विकास अधिकारी, प्रधान संस्था से सोनालिका, ग्राम सरपंच धर्मीबाई तथा स्थानीय जन प्रतिनिधि के साथ साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राकेश मोबिया द्वारा किया गया।

# केदारनाथ की दंडवत यात्रा पर निकला शिवभक्त

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** बालाघाट से केदारनाथ तक की दंडवत यात्रा करते एक भक्त का नैनपुर आगमन हुआ। महाशिवरात्री से शुरू हुई इस यात्रा में 26 वे दिन भोलेबाबा के भक्त निर्मल उईके नैनपुर पहुंचे। जहां नैनपुर थावर नदी के चौराहे पर नगर कर धर्म प्रेमियों और पार्षद मोहित झरिया सहित सैकड़ों की तादात मे लोगो ने फूल माला से स्वागत किया। बताया गया कि निर्मल उईके ने बालाघाट से केदारनाथ धाम तक दंडवत करते हुए इस यात्रा का प्रण लिया है। निर्मल उईके और साथी तुलेंद्र मरावी के द्वारा बताया गया की बालाघाट के शंकर घाट से महाशिवरात्रि के दिन उन्होंने अपनी यात्रा शुरू की और आज छब्बीसवें दिन वे नैनपुर पहुंचे हैं। इनका इस यात्रा का उद्देश्य लोगों में धर्म भाव जागृत करना, एक गौशाला का निर्माण कर गौ सेवा,



और बेसहारा यतीम लोगो के लिये एक आश्रालय व वृद्धाशम बनाकर उनकी सेवा करना है। उनकी इस यात्रा में सहयोगी तुलेंद्र मरावी भी साथ चल रहे है । जो केदारनाथ तक के इस सफर को पैदल ही पूरा करेंगे।

## किसानों को ग्रीष्मकालीन तिलहनी बीज वितरित

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)** । कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय मिशन ऑन एडेबल ऑयल्स एन एम ई ओ योजना के अंतर्गत नैनपुर विकासखंड के किसानों को ग्रीष्मकालीन तिलहनी फसलों के उन्नत बीज अनुदान पर वितरित किए गए। इस दौरान किसानों को मूंगफली एवं तिल की उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराए गए । जिससे क्षेत्र में तिलहन उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, समय पर बुवाई, फसल प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि शासन की इस योजना से किसानों को बेहतर गुणवत्ता के बीज सुलभ हो रहे हैं, जिससे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकेगा। साथ ही किसानों से अपील की गई कि वे आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर तिलहनी फसलों का रकबा बढ़ाएं।

# 90 वर्षीय बेसहारा बुजुर्ग मां को मिला न्याय

## एसडीएम न्यायालय द्वारा 2 हजार रुपये प्रतिमाह भरण-पोषण देने का दिया आदेश

नैनपुर (स्वतंत्र मत)

माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 की धारा 9 के तहत नैनपुर एसडीएम न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नैनपुर आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर ने अधिनियम की शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम घटेरी निवासी लगभग 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला शांतिबाई पति स्व. नाथूराम झरिया के प्रकरण में सुनवाई करते हुए उनके भरण-पोषण के लिए आदेश जारी किया। प्रकरण में बुजुर्ग महिला शांतिबाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया था कि उनका



भरण-पोषण करने वाला कोई साधन नहीं है तथा उन्हें अपने ही पुत्र से आर्थिक सहयोग नहीं मिल रहा है, जिसके कारण उन्हें जीवन-यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए एसडीएम न्यायालय ने तथ्यों एवं परिस्थितियों का परीक्षण किया। सुनवाई उपरांत एसडीएम नैनपुर द्वारा अनावेदक पुत्र करोड़ी लाल को आदेशित किया गया है कि वह अपनी माता शांतिबाई को ?2000 (दो हजार रुपये) प्रतिमाह भरण-पोषण भत्ता अनिवार्य रूप से प्रदान करेगा, ताकि बुजुर्ग महिला सम्मानपूर्वक अपना जीवन-यापन कर सकें। न्यायालय द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि आदेश का पालन न करने अथवा उल्लंघन की स्थिति में अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तीन माह तक के कारावास की कार्यवाही की जा सकती है। इस निर्णय को क्षेत्र में बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे यह संदेश गया है कि माता-पिता की सेवा केवल नैतिक ही नहीं बल्कि कानूनी जिम्मेदारी भी है।

**कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अचली, मंडला, जिला-मंडला (म.प्र.)**

क्र./EMRS/2025-26/889 दिनांक - 14/03/2026

**निविदा सूचना**

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अचली मंडला (म.प्र.) में सत्र 2026-27 के लिए निम्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु दिनांक 01/05/2026 से 30/04/2027 तक के लिए सम्बंधित पंजीकृत व्यापारियों से सीलबंद निविदा, 06/04/2026 दोपहर 3: 00 बजे तक स्वयं या रजिस्टर्ड डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 13/04/2026 सुबह 11: 00 बजे विद्यालय क्रय सलाहकार समिति द्वारा उपस्थित निविदाकर्ताओ के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रक्रिया तकनीकी निरिक्षण और वित्तीय मूल्यांकन हेतु आवाश्यक दस्तावेज अलग-अलग लिफाफे में स्वीकार की जाएंगी। तकनीकी निरिक्षण के लिफाफे में आवश्यक निविदा हेतु मांगे गए दस्तावेज होंगे और वित्तीय मूल्यांकन के लिफाफे में सामग्री से संबधी मूल्य व दरो की जानकारी होगी तथा इन दोनों लिफाफों को एक मूल लिफाफे में बंद कर विद्यालय में जमा करना होगा। इस प्रकार निविदा दो चरणों में होगी, प्रथम चरण में तकनीकी निरिक्षण, निविदा के लिए नियम व शर्तो के आधार पर किया जाएगा उसके उपरांत सफल निविदाकर्ता के निविदा का वित्तीय मूल्यांकन किया जाएगा, असफल निविदाकर्ता अंतिम वित्तीय मूल्यांकन हेतु पात्र नहीं होगे। वित्तीय मूल्यांकन में कम दर वाले निविदाकर्ता को उपरोक्त सामग्री का टेंडर जाएगा। निविदा फार्म टेंडर फार्म पांच सौ रूपए मात्र का ऑनलाइन या नगद भुगतान कर विद्यालय कार्यालय से दिनांक 15/03/2026 से 06/04/2026 तक कार्यालयीन समय सुबह 11:00 से दोपहर 3: 00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म के साथ अमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट, फर्म का आयकर, व्यापारिक कर अद्दतन प्रमाण पत्र व शर्त अनुसार प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायेगी। विद्यालय क्रय समिति अथवा क्रय सलाहकार समिति एक अथवा सभी निविदाओ को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से कारण बताये बिना स्वीकार अथवा अस्वीकार कर सकती है, जिस पर किसी भी प्रकार की चुनौती नहीं दी जा सकेगी। सामग्री क्रय करने का अंतिम अधिकार विद्यालय क्रय सलाहकार समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

| क्र. | सामग्री का नाम | अमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | भोजनालय खाद्य सामग्री | 1,00000 |
| 2. | डेयरी उत्पाद/अंडा | 20,000 |
| 3. | सब्जी एवं फल सामग्री | 60,000 |

**मुख्य नियम एवं शर्ते(नोट)-**

1. निविदाकर्ता को नीचे दी गई जानकारी के अनुसार अमानत राशि का बैंक डिमांड ड्राफ्ट (EMD) जमा करना होगा जो सामग्री के अनुसार अमानत राशि ऊपर तालिका में दी गई है।

Bank details for creation of Demand Draft : Indian Bank
Beneficiary Name : EKLAVYA ADARSH AAVASEEY VIDHYALAYA MANDLA
Account No : 50342754071 IFS Code : IDIB000M539

2. छूटः क्रमांक 2 और 3 के लिए आयकर व व्यापारिक कर प्रमाणपत्र अनिवार्य नहीं है।
3. फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
4. FSSAI Act 2006 के तहत लाइसेंस अनिवार्य है।
5. GST : निविदा में भाग लेने के लिए वैध त्रस्ञ पंजीकरण होना अनिवार्य है।
6. प्रत्येक फर्म को कम से कम 10 सामग्री का सैंपल टेंडर फॉर्म के साथ जमा करना होगा जिसमे में चावल व दाल के सैंपल जमा करना अनिवार्य है।
7. गुणवत्ता मानक गुणवत्ता के अनुसार सामग्री न होने पर व निविदा मूल्य के अनुसार सामग्री न देने पर टेंडर तत्काल निरस्त किया जाएगा।
8. निविदिताकर्ता को किन्ही दो शासकीय संस्थाओ में पूर्वानुभव का प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है।
9. सामग्री को विद्यालय पहुंचने हेतु भाड़े का खर्च विद्यालय द्वारा नहीं दिया जाएगा व उपरोक्त व्यय व GST कर, सामग्री के टेंडर मूल्य में सम्मलित होगा।
10. अधिकार :- विद्यालय क्रय समिति के पास बिना कारण बताए निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
11. जिस भी निविदाकर्ता के पास सामग्री का टेंडर जाएगा उसे विद्यालय के नियम व शर्तों के आधार पर हलफनामा स्टाम्प पेपर में बनवा के के विद्यालय कार्यालय में जमा करना होगा।

निविदा प्रपत्र, नियम, शर्त एवं अधिक जानकारी हेतु विद्यालय कार्यालय में संपर्क करे तथा इसकी विस्तृत जानकारी निम्न वेबसाइट https://www.emrsmandla.in पर उपलब्ध है।

**प्राचार्य**
**एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, अचली मंडला जिला मंडला (म.प्र.)**





चैत्र नवरात्र...19 मार्च गुरुवार से होंगे आरंभ... 27 मार्च को होगा समापन

# मां दुर्गा पालकी पर आएंगी... विदाई हाथी पर

नवरात्र वर्ष में चार बार पड़ती है- माघ, चैत्र, आषाढ़ और आश्विन। नवरात्र से वातावरण के तमस का अंत होकर सात्विकता शुरू होती है। मन में उल्लास, उमंग और उत्साह की वृद्धि होती है। ज्योतिषियों के अनुसार, नवरात्र में देवी की उपासना की जाती है। नवरात्र के 9 दिनों में देवी के अलग-अलग स्वरूपों की उपासना की जाती है। हर स्वरूप से विशेष तरह का वरदान मिलता है और ग्रहों की बाधा भी समाप्त होती है।

### द्रिक पंचांग के अनुसार

इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च 2026, गुरुवार से शुरू होंगे और समापन 27 मार्च को होगा। यह पर्व हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा-उपासना बड़ी ही श्रद्धा के साथ की जाती है। द्रिक पंचांग के अनुसार, चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि इस बार 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च को ही मनाई जाएगी।

### घटस्थापना का मुहूर्त

नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 7 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। अगर कोई इस मुहूर्त में घटस्थापना न कर पाए तो उनके लिए घटस्थापना अभिजीत मुहूर्त भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 05 मिनट से लेकर 12 बजकर 53 मिनट तक रहेगा।

### चैत्र नवरात्र की तिथि 2026

प्रतिपदा -मां शैलपुत्री, गुरुवार 19 मार्च
द्वितीया-मां ब्रह्मचारिणी, शुक्रवार 20 मार्च
तृतीया-मां चंद्रघंटा, शनिवार 21 मार्च
चतुर्थी -मां कुष्मांडा, रविवार 22 मार्च
पंचमी-मां स्कंदमाता, सोमवार 23 मार्च
षष्ठी-मां कात्यायनी, मंगलवार 24 मार्च
सप्तमी-मां कालरात्रि, बुधवार 25 मार्च
अष्टमी-मां महागौरी, गुरुवार 26 मार्च
नवमी-मां सिद्धिदात्री, शुक्रवार 27 मार्च

### सनातन धर्म के अनुसार

प्रतिपदा तिथि हिंदू पंचांग के अनुसार किसी भी महीने के पक्ष की पहली तिथि को कहा जाता है। इसे 'पड़वा' या 'एकम' भी कहते हैं। हिंदू काल गणना में एक चंद्रमास दो पक्षों में बंटा होता है। शुक्ल पक्ष (बढ़ता हुआ चंद्रमा) और कृष्ण पक्ष (घटता हुआ चंद्रमा)। इन दोनों पक्षों के पहले दिन को 'प्रतिपदा' कहा जाता है।

### चैत्र नवरात्र
## राशि अनुसार उपाय

चैत्र नवरात्रि में राशि अनुसार उपाय करने से धन, सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है। मेष, सिंह, धनु (अग्नि तत्व) के लिए लाल फूल और गुड़, वृषभ, कन्या, मकर (पृथ्वी) के लिए हरी इलायची व सफेद वस्त्र, मिथुन, तुला, कुंभ (वायु) के लिए श्री सूक्तम पाठ, और कर्क, वृश्चिक, मीन (जल) के लिए पीले फूल व 'ॐ दुम दुर्गाय नम:' का जाप शुभ है।

**मेष** - देवी दुर्गा को लाल फूल अर्पित करें और हनुमानजी की पूजा करें। सातवें दिन 'ॐ काल्यै नम:' का जाप करें।

**वृषभ** -देवी को हरी इलायची या हरे फल अर्पित करें। सफेद वस्त्र पहनकर पूजा करें। 'ॐ कान्तायै नम:' का जाप करें।

**मिथुन**- दुर्गा चालीसा का पाठ करें और गणेशजी को दूर्वा चढ़ाएं। 'ॐ कामदायै नम:' का जाप करें।

**कर्क** - देवी को पीले फूल चढ़ाएं और 'ॐ कालरात्र्यै नम:' का जाप करें। शिवजी की आराधना करें।

**सिंह** - मां दुर्गा को लाल चुनरी और गुड़ का भोग लगाएं। 'ॐ कालिकायै नम:' का जाप करें।

**तुला** - 'श्री सूक्तम' का पाठ करें और लक्ष्मीजी की पूजा करें। 'ॐ काम्यायै नम:' का जाप करें।

**वृश्चिक** -दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और मां को लाल फूल अर्पित करें। 'ॐ कामाख्यायै नम:' का जाप करें।

**धनु** - देवी दुर्गा को पीले फूल और हल्दी की गांठ अर्पित करें। 'ॐ कृष्णायै नम:' का जाप करें।

**मकर** - शनिदेव की उपासना करें और दुर्गा माता को लौंग का भोग लगाएं। 'ॐ कमलायै नम:' का जाप करें।

**कुंभ** - दुर्गा सप्तशती के कवच का पाठ करें। 'ॐ सत्यज्ञानायै नम:' का जाप करें।

**मीन** - देवी दुर्गा को पीले फूल और फल अर्पित करें। 'ॐ दुर्गापरमेश्वर्यै नम:' का जाप करें।

### इस बार क्यों है खास?

हर साल की तरह इस बार माता की सवारी को लेकर भक्तों में जिज्ञासा बनी हुई है कि अबके बरस चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन किस सवारी पर होगा। इस बार मां अपने भक्तों से मिलने पालकी (डोली) पर सवार होकर आ रही हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, गुरुवार को नवरात्रि शुरू होने पर माता पालकी में आती हैं, जो शुभता के साथ-साथ थोड़ा धैर्य और सावधानी बरतने का संकेत भी है, वहीं माता की विदाई हाथी पर होगी, जो भारी वर्षा और सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

### भागवत पुराण के अनुसार

ज्योतिष शास्त्र और देवी भागवत पुराण के अनुसार, नवरात्रि में माता दुर्गा किस वाहन पर सवार होकर आएंगी, यह सप्ताह के उस दिन से तय होता है, जिस दिन नवरात्रि की शुरुआत होती है। इसी प्रकार, जिस दिन नवरात्रि का समापन (विजयादशमी) होता है, उस दिन से माता की विदाई की सवारी तय होती है।

### पूजा के लिए जरूरी बातें

घटस्थापना हमेशा शुभ मुहूर्त में ही करें। चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग के समय स्थापना से बचना चाहिए। यदि आप सुबह जल्दी स्थापना नहीं कर पाते हैं, तो दोपहर के अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापना करें, जो सबसे उत्तम माना जाता है।

### सिक्का जल में डालें?

नवरात्र में जीवन के समस्त भागों और समस्याओं पर नियंत्रण होता है। नवरात्र के दौरान हल्का और सात्विक भोजन करना चाहिए। नियमित खानपान में जौ और जल का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इन दिनों में तेल, मसाला और अनाज कम से कम खाना चाहिए। कलश की स्थापना करते समय जल में सिक्का डालें। कलश पर नारियल रखें और कलश पर मिट्टी लगाकर जौ बोएं। उसके बाद कलश के निकट अखंड दीपक जरूर जलाएं।

### परंपरा के अनुसार

हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है और इसी दिन से विक्रम संवत भी शुरू माना जाता है, लेकिन इस बार प्रतिपदा तिथि के क्षय होने की वजह से नया संवत सीधे द्वितीया तिथि से आरंभ होगा। आने वाले वर्ष को रौद्र संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। नया विक्रम संवत 2083 और शक संवत 1948 रहेगा। इस बार नवरात्र की शुरुआत पुराने साल में ही हो जाएगी, जबकि नया वर्ष 20 मार्च से नए पंचांग के अनुसार शुरू होगा। 19 मार्च को सुबह तक अमावस्या तिथि रहेगी, इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू होगी।

### ब्रह्माजी ने इस दिन प्रारंभ की थी सृष्टि की रचना

# गुड़ी पड़वा से ही हुई थी विक्रम संवत की स्थापना



चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को गुड़ी पड़वा का पर्व मनाया जाता है और इस दिन से ही चैत्र माह की वासंतिक नवरात्रि की शुरुआत भी होती है। मान्यता है कि प्रतिपदा के दिन ही ब्रह्माजी ने संसार का निर्माण शुरू किया था, इसलिए इस दिन को नवसंवत्सर यानी नए साल के रूप में भी मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष संवत्सर के राजा गुरु और मंत्री मंगल होंगे। माना जाता है कि गुरु के राजा होने से धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होती है, जबकि मंगल मंत्री होने के कारण कुछ जगहों पर तनाव या अशांति की स्थिति भी बन सकती है।

### इसलिए मनाई जाती है गुड़ी पड़वा

मराठी समाज में इस दिन गुड़ी का पूजन करते हैं और उसको घर के द्वार, किसी ऊंची जगह या छत पर लगाया जाता है, साथ ही इस दिन घर के दरवाजे पर आम के पत्ते भी लगाए जाते हैं। गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसमें गुड़ी का अर्थ है विजय पताका और पड़वा का अर्थ है प्रतिपदा। लोक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान श्रीराम ने बाली के अत्याचार को खत्म किया था और धर्म की स्थापना की थी। बाली के अत्याचारों से मुक्त होकर आम लोगों ने घर-घर में उत्सव मनाया था और गुड़ी यानी ध्वज लहराया था।

### सनातन धर्म के अनुसार

चैत्र मास की प्रतिपदा तिथि को ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना प्रारंभ की थी, साथ ही गुड़ी पड़वा के दिन ही महाभारत काल में युधिष्ठिर का राजतिलक किया गया था, वहीं मालवा के नरेश विक्रमादित्य ने गुड़ी पड़वा के दिन ही शकों को हराकर विक्रम संवत की स्थापना की थी। इस बार विक्रम संवत 2083 की शुरुआत 19 मार्च 2026 दिन गुरुवार से हो रही है और समापन चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 27 मार्च 2026 को होगा।

### तीन परंपराएं

पड़वा के दिन किए जाने वाली तीन परंपराएं हैं, जो इस पर्व के महत्व को बताती हैं।
पहली - गुड़ी की पूजा
दूसरी - नीम और मिश्री का सेवन
तीसरी - पकवान और पूरन पोली
इस दिन किए जाते हैं ये काम

- नए साल का भविष्य फल जानना
- तेल से स्नान करना
- गुड़ी लगाना यानी ध्वजा लगाना
- नीम के पत्ते खाना
- चैत्र नवरात्रि का आरंभ और घटस्थापना

### शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत 19 मार्च सुबह 06 बजकर 52 मिनट पर होगी, जो कि 20 मार्च की सुबह 04 बजकर 52 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। उदया तिथि गणना अनुसार इस वर्ष गुड़ी पड़वा का त्योहार 19 मार्च को मनाया जाएगा। इसी दिन से ही चैत्र नवरात्र की शुरुआत हो जाएगी।

### विधि-विधान से करें पूजन

गुड़ी पड़वा की पूजा बहुत ही आसान और फलदायी मानी जाती है। गुड़ी पड़वा वाले दिन सुबह जल्दी उठकर पहले स्नान कर लें। तेल स्नान का इस दिन विशेष महत्व होता है। इस दिन आप घर की सजावट करके दरवाजे पर रंगोली और तोरण लगाएं। घर के बाहर या खिड़की पर आप सूर्य की दिशा में गुड़ी की स्थापना करें। इस दिन आप नीम और गुड़ का सेवन करें। इसका मतलब है कि जीवन में मिठास और कड़वाहट दोनों स्वीकार करना है। गुड़ी पड़वा के मौके पर ब्राह्मण भोजन और दान से समृद्धि और पुण्य प्राप्त होता है।

### गुड़ी पड़वा का महत्व

- इस बार यह पर्व गुरुवार को पड़ रहा है। गुरु ग्रह का दिन है और बुद्धि, व्यापार और संचार का कारक भी माना जाता है।
- यह पर्व व्यापारियों के लिए शुभ माना जाता है।
- नई नौकरी और व्यवसाय शुरू करने का यह उत्तम अवसर माना जाता है।
- गुड़ी पड़वा को नए घर, वाहन खरीदने का सौभाग्यशाली समय माना जाता है।

### ऐसे लगाई जाती है गुड़ी

इस दिन सुबह पहले गुड़ी को सजाया जाता है। फिर एक बांस लेकर उसके ऊपर चांदी, पीतल या तांबे का उलटा कलश रखकर सुंदर साड़ी से सजाया जाता है। फिर गुड़ी को नीम की पत्तियां, आम के डंठल और लाल फूलों से सजाया जाता है। फिर इसे घर के ऊंचे स्थान जैसे छत पर लगाया जाता है।



मीन संक्रांति | रविवार, 15 मार्च 2026

### इस बार मीन संक्रांति पर एकादशी तिथि का संयोग

# संक्रांति से शुरू होंगे खरमास...शुभ कार्य होंगे वर्जित

सनातन धर्म में सूर्य का राशि परिवर्तन एक अतिशुभ दिन माना जाता है और इसे संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इस तरह से जल्द ही सूर्य का राशि परिवर्तन कुंभ से मीन राशि में होने वाला है, जिससे मीन संक्रांति होगी। हालांकि सूर्य के गुरु की मीन राशि में प्रवेश करते ही खरमास भी शुरू हो जाएगा, जिसमें कोई भी शुभ कार्य नहीं किए जाएंगे।

### मीन संक्रांति और खरमास

चैत्र महीने में सूर्यदेव मीन राशि में प्रवेश कर जाएंगे, जिससे मीन संक्रांति होगी और इस गोचर के साथ ही खरमास शुरू हो जाएगा। ज्योतिषीय गणना के अनुसार पिता, यश और आत्मा के कारक सूर्यदेव 15 मार्च को बीच रात में 01:08 बजे शनि की कुंभ राशि से निकलकर मीन राशि में गोचर कर जाएंगे, जिससे 15 मार्च को मीन संक्रांति होगी। इसी के साथ 15 मार्च से खरमास शुरू होकर 14 अप्रैल तक रहेगा। इस अवधि में शुभ काम नहीं किए जाएंगे। ध्यान दें सूर्य जब भी गुरु की धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास शुरू हो जाता है। वहीं सूर्य के अगली राशि में प्रवेश करने तक खरमास रहता है। हर संक्रांति की तरह ही मीन संक्रांति पर स्नान-ध्यान, पूजा और दान आदि करने का विशेष महत्व है।

### शुभ मुहूर्त

15 मार्च को होने वाली मीन संक्रांति पर पुण्यकाल सुबह 06:41 बजे से दोपहर 12:40 बजे तक रहेगा। इस दिन महापुण्यकाल सुबह 06:41 बजे से सुबह 08:41 बजे तक होगा। पुण्य क्षण बीच रात 01:08 बजे तक होगा। इन्हीं शुभ मुहूर्त में स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान आदि किए जाएंगे। इस बार मीन संक्रांति पर एकादशी तिथि का संयोग हो रहा है, जिससे दिन और भी शुभ हो जाता है। इन्हीं शुभ मुहूर्त में स्नान-ध्यान, पूजा, जप-तप और दान आदि किया जा सकता है।

### शुभ योग

मीन संक्रांति पर अतिशुभ शिववास योग बन रहा है। शिव और परिघ योग भी इस संक्रांति पर बन रहा है और इन शुभ योग में सूर्यदेव की पूजा करना अतिशुभ परिणाम दे सकता है। यश और सुख बढ़ सकता है।



### विधि-विधान से करें पूजन

मीन संक्रांति के दिन सुबह जल्दी उठकर सबसे पहले किसी पवित्र नदी में स्नान करें या घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करें। इसके बाद सूर्योदय के समय भगवान सूर्यदेव को एक तांबे के लोटे में जल, थोड़ा सिंदूर, लाल फूल और अक्षत डालकर अर्घ्य दें। अर्घ्य देने के दौरान सूर्य मंत्र का जाप करते रहें। इसके बाद सूर्य चालीसा और आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें। अंत में फिर कपूर या घी के दीपक से सूर्यदेव की आरती करें।

### सनातन धर्म के अनुसार

खरमास को एक विशेष, लेकिन शुभ कार्यों के लिए वर्जित समय माना जाता है। यह वह अवधि होती है, जब विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, नामकरण, मुंडन जैसे मांगलिक कार्यों को करने से बचने की सलाह दी जाती है। हिंदू धर्म में दो बार खरमास लगता है और यह तब शुरू होता है, जब ग्रहों के राजा भगवान सूर्य धनु या मीन राशि में प्रवेश करते हैं। मार्च के महीने में भी खरमास शुरू होने जा रहा है।

### स्नान और दान का महत्व

सभी संक्रांति की तरह ही मीन संक्रांति पर स्नान और ध्यान का बड़ा महत्व है। इस दिन दान करना विशेष माना गया है। सूर्य के गुरु की राशि मीन में प्रवेश करने से खरमास लग जाएगा। खरमास में सभी तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने वर्जित माने जाते हैं, लेकिन पूजा-पाठ, गंगा स्नान और दान करने से भगवान की कृपा प्राप्त होती है।

# रुद्राभिषेक... अभिषेक और दान से होगी कष्टों की मुक्ति

हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। मासिक शिवरात्रि वर्ष के प्रत्येक महीने में और महाशिवरात्रि वर्ष में एक बार मनाते हैं। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि इस दिन व्रत करने से व्यक्ति का हर मुश्किल काम आसान हो जाता है। मासिक त्योहारों में शिवरात्रि का व्रत और पूजन का बहुत महत्व होता है।



### मासिक शिवरात्रि पूजा विधि

मासिक शिवरात्रि वाले दिन आप सूर्योदय से पहले उठकर स्नान आदि कर लें। किसी मंदिर में जाकर भगवान शिव और उनके परिवार की पूजा करें। पहले आप शिवलिंग का रुद्राभिषेक जल, शुद्ध घी, दूध, शकर, शहद, दही आदि से करें। ऐसी मान्यता है कि रुद्राभिषेक करने से भोलेनाथ अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा और श्रीफल चढ़ाएं। ध्यान रहे कि बेलपत्र अच्छी तरह साफ किए होने चाहिए। भगवान शिव की धूप, दीप, फल और फूल आदि से पूजा करें। शिव पूजा करते समय आप शिव पुराण, शिव स्तुति, शिव अष्टक, शिव चालीसा और शिव श्लोक का पाठ करें। अगले दिन भगवान शिव की पूजा करें और दान आदि करने के बाद अपना उपवास खोलें।

### इस बात का ध्यान रखें

व्रत और उसका उद्यापन विधिवत तरीके से किया जाना चाहिए। शिवरात्रि का पूजन समय मध्य रात्रि का समय होता है। भगवान शिव की पूजा रात को 12 बजे के बाद करें और पूजा के समय श्री हनुमान चालीसा का पाठ भी करें। ऐसा करने से उपासक की आर्थिक परेशानी दूर होती है। यदि कोई भी सच्चे मन और पूरी निष्ठा से भगवान की पूजा और उनका स्मरण करेगा उसे मनोवांछित फल अवश्य प्राप्त होगा।

### सफेद वस्तुओं का दान

इस दिन सफेद वस्तुओं का दान करने की अधिक महिमा होती है, जिससे आपके घर में कभी भी धन की कमी नहीं होगी। यह भी कहा जाता है कि मासिक शिवरात्रि के दिन शिव पार्वती की पूजा व्यक्ति को हर तरह के कर्जों से मुक्ति दिलाती है।

# उत्तर कोरिया ने जापान सागर की दिशा में दागी बैलिस्टिक मिसाइल

सोल, (वार्ता)

उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर (जापान सागर) की दिशा में लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया की संयुक्त सेना प्रमुख समिति ने यह जानकारी दी। योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, समिति ने बताया कि मिसाइलों का प्रक्षेपण उत्तर कोरिया के सुनान क्षेत्र से किया गया। यह इस वर्ष उत्तर कोरिया द्वारा किया गया तीसरा बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण है।

दक्षिण कोरिया और जापान ने इस परीक्षण की पुष्टि की है, जो क्षेत्र में सैन्य तनाव को बढ़ाता है। यह मिसाइल जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। जापान और दक्षिण कोरिया ने इस हरकत को भड़काऊ बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

दक्षिण कोरियाई सेना ने कहा कि अतिरिक्त प्रक्षेपण की आशंका को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गयी है और मिसाइल संबंधी सूचनाएं अमेरिका तथा जापान के साथ साझा की जा रही हैं। यह प्रक्षेपण ऐसे समय हुआ है जब दक्षिण कोरिया और



अमेरिका ने सोमवार से अपने वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास की शुरुआत की है, जो 11 दिनों तक चलेगा। उत्तर कोरिया लंबे समय से इन संयुक्त सैन्य अभ्यासों की आलोचना करते हुए उन्हें आक्रमण की तैयारी बताता रहा है, जबकि दक्षिण कोरिया और अमेरिका का कहना है कि यह अभ्यास पूरी तरह रक्षात्मक प्रकृति के हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने इन सैन्य अभ्यासों की निंदा करते हुए अकल्पनीय गंभीर परिणामों की चेतावनी दी थी। हाल ही में उत्तर कोरिया ने अपने युद्धपोत चोए ह्योन से रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का भी परीक्षण किया था। सरकारी मीडिया के अनुसार किम जोंग उन ने उस समय मजबूत और विश्वसनीय परमाणु प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने और उसका विस्तार करने की आवश्यकता पर जोर दिया था।

उत्तर कोरिया का यह ताजा प्रक्षेपण उस समय भी हुआ है जब दक्षिण कोरिया के प्रधानमंत्री किम मिन सियोक ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प उत्तर कोरियाई नेता के साथ वार्ता फिर से शुरू करने को लेकर सकारात्मक हैं, हालांकि समय को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है।

मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि श्री ट्रम्प मार्च के अंत से अप्रैल की शुरुआत के बीच चीन की यात्रा कर सकते हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ शिखर बैठक के दौरान उनकी उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता से संभावित मुलाकात की अटकलें भी लगाई जा रही हैं। इससे पहले उत्तर कोरिया ने 27 जनवरी को पूर्वी सागर की दिशा में कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं, जिन्हें उसने बड़े कैलिबर बहु-रॉकेट प्रक्षेपण प्रणाली के परीक्षण का हिस्सा बताया था। देखा जाये तो उत्तर कोरिया की यह मिसाइल गतिविधि एशिया प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण संकेत देती है। इसका निहितार्थ यह भी है कि प्योंगयांग अपनी सैन्य क्षमता और प्रतिरोधक शक्ति को लगातार प्रदर्शित करना चाहता है। इस प्रकार के मिसाइल परीक्षण उसके लिए रणनीतिक संदेश का माध्यम होते हैं, जिनसे वह अपने विरोधियों को यह बताना चाहता है कि उसके पास जवाबी क्षमता मौजूद है।

इसके अलावा, इस प्रकार की गतिविधियां अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत कर सकती हैं। क्षेत्र में बढ़ते खतरे को देखते हुए ये देश अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास और रक्षा तंत्र को और सुदृढ़ कर सकते हैं, जिससे क्षेत्र में सैन्य प्रतिस्पर्धा और बढ़ने की संभावना है।

## कैलिफोर्निया में हॉलीवुड स्टाइल में डकैती: नकाबपोश बदमाशों ने भारतीय-अमेरिकी परिवार के स्टोर से लूटे 16 करोड़ के गहने

नई दिल्ली

अमेरिका के पश्चिमी राज्य कैलिफोर्निया के फ्रीमॉन्ट में भारतीय-अमेरिकी परिवार के कुमार ज्वेलर्स में 18 जून 2025 को एक बड़ी डकैती हुई। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी सर्विलांस फुटेज में देखा जा सकता है कि लगभग दो दर्जन मास्क पहने लुटेरे हथौड़े, गैंती और पीठ पर लादे बैग के साथ दुकान में घुसे और मात्र 70-90 सेकंड में करीब 15.7 करोड़ रुपये के सोने-हीरे लूटकर फरार हो गए। दुकान का 75-80% स्टॉक लूट लिया गया।

डकैतों ने चोरी की होंडा कार से दुकान का दरवाजा तोड़ा। दो बंदूकधारियों ने सिक्योरिटी गार्ड को बंधक बनाया, जबकि बाकी लोग ग्लास केस तोड़कर गहने बैग में भरते रहे। कर्मचारी पीछे भागकर छिप गए। यह मॉब-स्टाइल टेकओवर बेहद तेज और संगठित था। लुटेरे कई चोरी की कारों में अलग-अलग दिशाओं में भागे। चूंकि कारें चोरी की थीं, इसलिए लाइसेंस प्लेट रीडर से कोई मदद नहीं मिली। पुलिस ने एक ब्लैक एक्यूरा का पीछा किया, जो गलत साइड से गाड़ी भागी और स्टॉप साइन तोड़ते हुए 80 मील प्रति घंटा की रफ्तार से भागी। लेकिन कार क्रैश होने के बाद पुलिस ने पैदल पीछा कर चार संदिग्ध गिरफ्तार किया। पुलिस ने 19-20 साल के चार संदिग्धों को पकड़ा है। जिसमें सैन ब्रूनो के 20 साल के अफातुपेटाइकी फासिसिला, कॉनकॉर्ड के 20 वर्षीय जोस हेराडा-अरागॉन, एंड्रेस पालेस्टिनो (19, कॉनकॉर्ड) और टॉम पार्कर डोनेगन (19, फेयरफील्ड) शामिल है। वे फेडरल इंडिक्टमेंट का



सामना कर रहे हैं। हालांकि, ज्यादातर डकैत अभी भी फरार हैं। कुछ रिकवर हुए गहने मिले हैं। वीडियो वायरल होने पर यूजर्स ने कहा कि अमेरिका में ऐसी स्मैश एंड ग्रैब डकैतियां बढ़ रही हैं। पहले 3-5 लोगों के गिरोह होते थे, अब पूरी भीड़ आती है। एक यूजर ने लिखा कि अब अनअफिलिएटेड मॉब एक्शन नॉर्मल हो गया है। दूसरे ने कहा कि यह इसलिए होता है क्योंकि टीनएजर्स को सजा नहीं मिलती। तीसरे ने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देश में यह हो सकता है तो कहीं भी हो सकता है। खुद की सुरक्षा करो, सरकारें सिर्फ टैक्स लेती हैं।

## सैन्य और आर्थिक... हर तरह से कर देंगे तबाह, ट्रंप ने ईरान के नेताओं को दी धमकी

नई दिल्ली

अमेरिका-इजरायल मिलकर ईरान पर हमले कर रहे हैं। वहीं ईरान भी इन हमलों का जवाब दे रहा है। मिसाइल और ड्रोन अटैक के साथ ही एक-दूसरे पर जुबानी प्रहार भी हो रहा है। ईरानी नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके बाद अब ट्रंप ने ईरानी नेताओं को धमकी दी है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, देखो अब क्या होता है। ट्रुथ सोशल पर पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप ने कहा, अमेरिका सैन्य और आर्थिक दोनों ही तरीकों से ईरानी शासन को तबाह कर रहा है। ईरानी नेताओं को मारना मेरे लिए एक सम्मान की बात है। अमेरिका ने तेहरान के तेल हब खर्ग द्वीप पर मौजूद सैन्य ठिकानों पर जोरदार बमबारी की है। इस खर्ग द्वीप को ईरान का सबसे कीमती खजाना माना जाता है। ट्रंप ने कहा, ईरान की नौसेना खत्म हो चुकी है, उनकी वायुसेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है, और उनके नेताओं को धरती के नक्शे से मिटा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हमारे पास बेजोड़ मारक क्षमता है, असीमित गोला-बारूद है और बहुत सारा समय है, देखो आज इन लोगों का क्या होता है। ट्रंप ने ईरानी नेताओं पर हमला करते हुए लिखा, ईरानी नेता 47 सालों से पूरी दुनिया में बेगुनाह लोगों को मार रहे हैं और अब मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर, उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना कितना बड़ा सम्मान है। ट्रंप ने खर्ग द्वीप पर किए हमले पर कहा, हमारे हथियार दुनिया के सबसे शक्तिशाली और अत्याधुनिक हथियार हैं, लेकिन, शालीनता के लिहाज से मैंने इस द्वीप पर मौजूद तेल के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से तबाह न करने का फैसला किया है। अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के स्वतंत्र और सुरक्षित गुजरने में कोई रुकावट डालता है, तो यह फैसला बदला भी जा सकता है।

## ईरान के ताज का नगीना है खार्ग द्वीप, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण

नयी दिल्ली, (वार्ता)

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण खार्ग द्वीप पर बमबारी का दावा करने के बाद यह द्वीप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केन्द्र बन गया है। श्री ट्रंप ने ईरान की सेना से हथियार डालने और अपने देश का जो कुछ बचा है उसे बचाने की चेतावनी भी दी है।

फारस की खाड़ी के उत्तरी भाग में ईरान के दक्षिणी तट के पास बुशेहर के निकट स्थित खार्ग द्वीप ईरान के प्रमुख तेल निर्यात केन्द्र के रूप में अत्यंत रणनीतिक महत्व रखता है। इसे देश की आर्थिक तथा सैन्य शक्ति का अहम आधार माना जाता है।

ऊर्जा विशेषज्ञों के अनुसार यह द्वीप वैश्विक बाजारों में ईरान के कच्चे तेल के निर्यात का मुख्य द्वार है। विभिन्न तटीय और समुद्री तेल क्षेत्रों से पाइपलाइनों के माध्यम से कच्चा तेल यहां स्थित भंडारण टर्मिनलों तक लाया जाता है और वहां से बड़े तेल टैंकरों के जरिए निर्यात किया जाता है। यहां अबूज़र, फरोज़ान और दुरूद जैसे प्रमुख समुद्री तेल क्षेत्रों से कच्चे तेल की आपूर्ति होती है। द्वीप की गहरे पानी की सुविधाएं बड़े तेल टैंकरों को संभालने में सक्षम हैं, जिसके कारण यह ईरान के तट पर उन कुछ स्थानों में से एक है जहां से बड़े पैमाने पर तेल निर्यात संभव है।

तेल निर्यात के कारण यह द्वीप सैन्य दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है,



क्योंकि इससे मिलने वाला राजस्व ईरान की रक्षा व्यवस्था और सुरक्षा संस्थानों के लिए प्रमुख वित्तीय स्रोत माना जाता है। इसी कारण ईरान ने यहां मजबूत सैन्य और सुरक्षा व्यवस्थाएं स्थापित कर रखी हैं। यह द्वीप पहले भी ईरान-इराक युद्ध के दौरान हमलों का निशाना बन चुका है, जब खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा प्रतिष्ठान संघर्ष के दौरान प्रमुख लक्ष्य बन गये थे।

श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा कि उनके निर्देश पर अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने खार्ग द्वीप पर स्थित सैन्य लक्ष्यों पर क्षेत्र के इतिहास के सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक को अंजाम दिया और वहां के सभी सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बलों ने जानबूझकर द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है तो अमेरिका अपना निर्णय बदल सकता है। ट्रंप ने कहा कि ईरान किसी भी ऐसे लक्ष्य की रक्षा करने में सक्षम नहीं है, जिसे अमेरिका निशाना बनाना चाहे और यह भी कहा कि ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जाएगा।

## रूस पर हमले करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहा यूक्रेन : रूस

मॉस्को, (वार्ता/शिन्हुआ)

रूसी संघीय सुरक्षा सेवा (एफएसबी) ने शनिवार को कहा कि यूक्रेन की सुरक्षा सेवाओं ने रूस में आतंकवादी हमले और तोड़फोड़ की घटनाओं को अंजाम देने में सक्षम लोगों को खोजने के लिए इंटरनेट, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स पर अपनी कोशिशें कम नहीं की हैं।

एफएसबी ने बताया कि इससे पहले दिन में, तांबोव क्षेत्र में एक विदेशी नागरिक को सरकारी अधिकारियों के खिलाफ आतंकवादी घटनाओं को भड़काने के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

बयान में कहा गया, रूस की एफएसबी एक बार फिर नागरिकों का ध्यान इस बात की ओर दिलाती है कि यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने हमारे देश को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आतंकवादी हमलों और तोड़फोड़ के संभावित अपराधियों को खोजने के लिए इंटरनेट, सोशल नेटवर्क और मैसेंजर पर अपनी कोशिशें कम नहीं की हैं। साथ ही, एफएसबी चेतावनी देती है कि जो भी व्यक्ति दुश्मन की मदद करने के लिए सहमत होगा, उसकी पहचान की जाएगी और उसे आपराधिक रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। इसके तहत उसे जेल की सजा हो सकती है, जिसमें आजीवन कारावास भी शामिल है।

## विश्व शांति के लिए बुद्ध के संदेश जरूरी: केशव मौर्य

प्रयागराज (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को प्रयागराज के अरैल स्थित सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार में बौद्ध कम्यून इंटरनेशनल परिवार की ओर से स्थापित 19 शिलालेखों की प्रतिकृतियों का लोकार्पण किया। इनमें भगवान गौतम बुद्ध के संदेशों से जुड़े 14 प्रमुख शिलालेख भी शामिल हैं।

इन शिलालेखों की मूल धम्म लिपि ब्राह्मी स्क्रिप्ट में है और उनकी भाषा प्राकृत-पालि है, जिन्हें हिंदी और अंग्रेजी अनुवाद के साथ स्थापित कराया गया है, ताकि लोग भगवान बुद्ध के संदेशों को आसानी से समझ सकें। इस अवसर पर श्री मौर्य ने कहा कि भगवान तथागत बुद्ध के संदेश श्रीलंका सहित दुनिया के करीब 40 देशों तक पहुंचे हैं और यही देश भारत से सांस्कृतिक रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि भारत सहित ये सभी देश एकजुट हो जाएं तो दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति बन सकते हैं।



उन्होंने कहा कि आज दुनिया के सामने विश्व युद्ध का संकट मंडरा रहा है, लेकिन इस संकट से मानवता को बचाने का रास्ता भगवान बुद्ध के संदेशों में ही है। उन्होंने युद्ध में शामिल देशों से आह्वान करते हुए कहा कि वे बुद्ध की शरण में आएं और शांति का मार्ग अपनाएं- बुद्धम् शरणम् गच्छामि।

मौर्य ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बौद्ध तीर्थ स्थलों का भी तेजी से विकास कर रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी के सारनाथ, श्रावस्ती और कुशीनगर में विकास कार्य किए गए हैं तथा कुशीनगर में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बनाया गया है। उन्होंने घोषणा की कि प्रयागराज के सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार में भी जल्द एक ध्यान केंद्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। जो लोग भगवान बुद्ध के विचारों को अपनाना चाहते हैं, वे बुद्ध विहार आ सकते हैं, वहीं जो श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन करना चाहते हैं, वे बंधवा वाले हनुमान मंदिर जा सकते हैं, या माधव (वेनी माधव) तथा माता अलोप शंकरी के दर्शन कर सकते हैं।

इस मौके पर मौर्य ने खुद को चंद्रगुप्त मौर्य,बिंदुसार और सम्राट अशोक का वंशज बताते हुए कहा कि उन्हें इस पर गर्व है। उन्होंने कहा कि चंद्रगुप्त मौर्य ने जीवन के अंतिम समय में जैन धर्म की शिक्षाओं के अनुसार शरीर त्याग किया था, इसलिए वे स्वयं को जैन और बौद्ध दोनों परंपराओं से जुड़ा मानते हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट बिंदुसार हिंदू विचारों के समर्थक थे, जबकि भगवान बुद्ध के विचारों को व्यापक रूप देने का कार्य महान सम्राट अशोक ने किया।

## युद्धपोत डेना पर अमेरिकी हमले का जवाब जरूर देंगे : ईरान सेना प्रमुख

तेहरान, (वार्ता)

ईरान की सेना के कमांडर-इन-चीफ़ अमीर हातामी ने चेतावनी दी है कि हिंद महासागर में सैन्य अभ्यास से लौटते समय, देश के सबसे नए युद्धपोतों में से एक आईरिस डेना के 104 क्रू सदस्यों की मौत का जवाब जरूर दिया जाएगा। ईरान की इस्लामी गणराज्य समाचार एजेंसी (इरना) के अनुसार, उन्होंने कहा, डेना के चालक दल ने एक शांतिपूर्ण मिशन पूरा किया था और ईरान लौटते समय उन्हें निशाना बनाया गया। इन नाविकों पर हमला तब किया गया, जब वे किसी सीधी लड़ाई में शामिल नहीं थे। श्री हातामी ने कहा, डेना का नाम और उसके चालक दल का बलिदान ईरान के नौसैनिक इतिहास में साहस और समर्पण का प्रतीक बना रहेगा। सेना ईरान की समुद्री सीमाओं की रक्षा करेगी और अपनी नौसैनिक शक्ति को और भी अधिक दृढ़ता के साथ मज़बूत करेगी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका ने चार मार्च को हिन्द महासागर में आईरिस डेना को टोरपीडो से हमला करके डुबो दिया था। श्रीलंका की नौसेना ने इस पोत पर सवार ईरानी नौसैनिकों की अपील के बाद बचाव अभियान में 32 लोगों की जान बचाई। इस हमले में 84 नौसैनिकों को जान गंवानी पड़ी थी।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## ऋषि सक्सेना ने अमिताभ बच्चन के 'दीवार' के आइकॉनिक किरदार विजय से ली प्रेरणा

अभिनेता ऋषि सक्सेना ने सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में संजय के भावनात्मक पहलुओं को निभाते समय अमिताभ बच्चन की फिल्म 'दीवार' के आइकॉनिक किरदार विजय से प्रेरणा ली है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) की दिल छू लेने वाली कहानी दिखाता है। अन्विता एक ऐसी युवती है जिसने अपने भाई-बहनों की परवरिश की जिम्मेदारी उठाई है और साथ ही प्यार, जिम्मेदारी और परिवार की उलझनों को भी संभाल रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ रही है, अन्विता और उसके एक्स-हसबैंड संजय (ऋषि सक्सेना) के बीच का भावनात्मक रिश्ता और भी गहराई ले रहा है, जिसमें कई तीखे और दिल को छू लेने वाले पल सामने आ रहे हैं। आने वाले एपिसोड्स में दर्शक देखेंगे कि संजय अपने जज़्बात, असुरक्षाओं और अपने फैसलों के नतीजों से जूझ रहा है। संजय ऐसा किरदार है जो अपने मकसद को सही मानता है, लेकिन अक्सर ऐसे रास्ते चुनता है जो दूसरों को चोट पहुँचा सकते हैं। इस तरह के लेयर्ड किरदार को निभाने के लिए ऋषि सक्सेना ने ईमानदारी और गहराई से काम किया, ताकि संजय के अंदरूनी संघर्ष को सच्चाई के साथ दिखाया जा सके। ऋषि ने भारतीय सिनेमा के कुछ यादगार ग्रे किरदारों से भी प्रेरणा ली, खासकर अमिताभ बच्चन का दीवार वाला 'विजय', जिसकी भावनात्मक गहराई और नैतिक द्वंद आज भी दर्शकों को प्रभावित करती है। अपने अभिनय के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात करते हुए ऋषि सक्सेना ने साझा किया जब संजय का ट्रैक खुलने लगा, मेरा सबसे बड़ा फोकस उसे पूरी ईमानदारी से निभाना था। संजय की खासियत यह है कि उसका मकसद साफ है और उसकी नज़र में सही भी है, लेकिन उसके चुने हुए रास्ते हमेशा सही नहीं होते।



## 61 वर्ष के हुये आमिर खान

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता-फिल्मकार आमिर खान आज 61 वर्ष के हो गये। आमिर खान का जन्म 14 मार्च 1965 को मुंबई में हुआ। उनके पिता ताहिर हुसैन और चाचा नासिर हुसैन जाने-माने फिल्म निर्माता थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण आमिर खान की रूचि भी फिल्मों में हो गयी और वह अभिनेता बनना का सपना देखने लगे। आमिर खान ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1973 में बतौर बाल कलाकार अपने चाचा नासिर हुसैन के बैनर तले बनी फिल्म..यादो की बारात.. से की। बाद में उन्होंने वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म ..मदहोश.. में भी बतौर बाल कलाकार काम किया। इसके बाद उन्होंने लगभग 11 वर्षो तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया । वर्ष 1984 में प्रदर्शित फिल्म ..होली ..से आमिर खान ने बतौर अभिनेता सिने करियर की शुरूआत की, लेकिन दर्शको के बीच अपनी पहचान बनाने में असफल रहे।



लगभग चार वर्ष तक मायानगरी मुंबई में संघर्ष करने के बाद 1988 में अपने चाचा नासिर हुसैन के बैनर तले बनी फिल्म ..कयामत से कयामत तक ..की सफलता के बाद आमिर खान बतौर अभिनेता फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये।फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये उन्हें उस वर्ष नवोदित अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 1994 में राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म ..अंदाज अपना अपना ..में आमिर खान के अभिनय का नया रंग देखने को मिला। इस फिल्म के पहले उनके बारे में यह बात की जाती थी कि वह केवल रूमानी भूमिका ही निभा सकते हैं लेकिन आमिर खान ने अभिनेता सलमान खान के साथ अपने हास्य अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म में अपने बेहतरीन अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी किये गये। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म ..बाजी ..में उनके अभिनय का नया रूप देखने को मिला। रोचक बात यह है कि इस फिल्म के एक गाने में आमिर खान ने एक लड़की की भूमिका निभाई और इसके लिये उन्होंने अपने पूरे शरीर पर वैक्सिन का इस्तेमाल किया । वर्ष 1996 में आमिर खान के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म ..राजा हिंदुस्तानी ..प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से एक बार फिर से दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया। इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि फिल्म में एक गाने के दौरान आमिर खान को नशे में अभिनय करना था और आमिर खान ने व्यक्तिगत जिंदगी में कभी शराब नहीं पी थी। फिल्म में शराबी के किरदार को रूपहले पर्दे पर वास्तविक तौर पर पेश करने लिये आमिर खान ने अपनी जिंदगी में पहली बार शराब का सेवन किया और अभिनय किया। वर्ष 1998 में आमिर खान के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म ..गुलाम ..प्रदर्शित हुयी । इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि फिल्म के एक दृश्य के दौरान आमिर खान को ट्रेन के विपरीत दिशा में दौड़ लगानी होती है और फिल्म के दृश्य को चैलेंज के रूप में लेते हुये मौत की परवाह किये बिना वह ट्रेन के सामने आने से भी नही हिचके और दर्शको को रोमांचित कर दिया ।वर्ष 2001 में आमिर खान ने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी कदम रख दिया। आमिर खान प्रोडक्शन के बैनर तले उन्होंने फिल्म ..लगान ..का निर्माण किया। इस फिल्म में आमिर खान ने एक ऐसे ग्रामीण युवक भुवन की भूमिका में थे जो अंग्रेजो को लगान देने से इंकार कर देता है और उन्हें उनके पसंदीदा खेल क्रिकेट में हराने का चैलेंज दे देता है और बाद में ग्रामीणों के सहयोग से न क्रिक्रेट मैच में विजयी होता है साथ ही ग्रामीणो का लगान भी माफ कराता है ।ग्रामीण पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म न सिर्फ टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी साथ ही इसे प्रतिष्ठित आस्कर में इसे विदेशी फिल्म की श्रेणी में भी नांमाकित किया गया लेकिन दुर्भाग्य से इस फिल्म को पुरस्कार नहीं प्राप्त हुआ ।

## इंडस्ट्री को मिलेंगे नए सितारे! एकता कपूर ने शुरू किया हुनर

बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर के नेतृत्व वाले बालाजी टेलीफिल्म्स ने हुनर को लॉन्च करने की घोषणा की है। हुनर एक नई टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी है, जो कलाकारों को निखारने और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में कहानी कहने एवं परफॉर्म करने के कल्चर को मजबूत करने के लिए समर्पित है। हुनर का मकसद बॉलीवुड और भारतीय टेलीविजन के मशहूर एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक साथ लाना है। यह उन्हें एक ऐसा प्लेटफॉर्म देगा जो न केवल उनके आर्टिस्टिक ग्रोथ में मदद करेगा, बल्कि उन्हें अच्छे मौके दिलाने में भी साथ देगा। टैलेंट को तराशने और यादगार कहानियाँ बनाने की बालाजी की पुरानी विरासत को आगे बढ़ाते हुए, इस पहल को कलाकारों को सही गाइडेंस, बेहतर रिप्रेजेंटेशन और एक ऐसा माहौल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है जहाँ क्रिएटिविटी को बढ़ावा मिल सके। एकता कपूर ने कहा, बालाजी में हमारा हमेशा से यह मानना रहा है कि टैलेंट तभी निखरता है जब उसे सही माहौल और प्रोत्साहन मिले। हुनर के जरिए हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना चाहते हैं जहाँ कलाकारों को न सिर्फ रिप्रेजेंट किया जाए, बल्कि उन्हें सही मायनों में समझा भी जाए। हमारा मकसद उन्हें सोच-समझकर गाइडेंस देना, उनकी खूबियों के हिसाब से मौके तलाशने में मदद करना और लंबे समय तक उनके विकास में साथ देना है। यह एक ऐसा सफर बनाने के बारे में है जहाँ टैलेंट को आगे बढ़ने, एक्सपेरिमेंट करने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने का मौका मिले। हुनर के जरिए बालाजी टेलीफिल्म्स एंटरटेनमेंट की दुनिया में अपनी पकड़ और मज़बूत कर रहा है, जो कहानी कहने के अपने जुनून के साथ-साथ कलाकारों के बढ़ने, जुड़ने और चमकने के लिए एक खास जगह तैयार कर रहा है।



# गिरते जल स्तर को रोकने अधिक से अधिक जल भरण संरचनाएं बनाई जाए : कलेक्टर

### जल संचय जन भागीदारी विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गिरते जल स्तर पर गहरी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिले में पानी के गिरते हुए जलस्तर को रोकने के लिए वास्तविक रूप से अधिक से अधिक जल भरण संरचनाये बनाई जाए, जिससे जलस्तर को ऊपर लाया जा सके। उक्ताशय के विचार कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित जल संचय जन भागीदारी विषय पर जन संवाद कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यशाला में गोटेगांव विधायक श्री महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल श्री रामसनेही पाठक, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, नगर पालिका तथा नगर परिषदों के अध्यक्ष, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, जल उपभोक्ता समितियां के अध्यक्ष तथा ऐसे जनपद पंचायतों के 5 पंच व सरपंच जिन्होंने जलभरण क्षेत्र में अच्छा कार्य किया, मौजूद थे।




कार्यशाला में जल संचयन जानभागीदारी के ऊपर एक वीडियो का प्रदर्शन किया गया तथा जल संचय जन भागीदारी के ऊपर एक प्रस्तुति दी गई। पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह ने बताया कि नालों के ऊपर छोटे-छोटे गड्ढे बनाकर जल भरण संरचनाओं से जल स्तर को ऊपर उठाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन ग्रामों में नल जल योजनाएं संचालित है, वहां पर टोटी ना लगने से पानी की बर्बादी हो रही है। उन्होंने सभी सरपंचों से आग्रह किया कि वह नल जल योजनाओं में निर्धारित समय में पानी छोड़े तथा नल जल योजनाएं बिना टोटी के संचालित ना हो।

कार्यशाला में डिप्टी कमिश्नर श्री अजय सिंह राजपूत ने जैविक खेती पर प्रकाश डालते हुए आग्रह किया गया कि सभी किसान जैविक खेती करेंगे, तो उन्हें अधिक आय प्राप्त होगी। सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने बताया गया कि वर्षा जल के संग्रहण ना होने से नदियों के जलस्तर में गिरावट हो रही है। जिले की नदियों में कुछ माह के बाद पानी का अभाव पाया जाता है। उन्होंने आग्रह किया कि जल संरचनाओं के पास से अतिक्रमण हटाते हुए तथा जल भरण संरचनाओं का निर्माण किया जाए, इस कार्य में सभी वर्गों की जनभागीदारी अति आवश्यक है। यह कोई शासकीय कार्यक्रम नहीं है और न हीं किसी लक्ष्य की पूर्ति के लिए किया जा रहा है।

**विधायक श्री नागेश ने दिलाई जल संचयन जन भागीदारी की शपथ**-विधायक गोटेगांव श्री महेन्द्र नागेश ने इस अवसर पर जल संचय जन भागीदारी की शपथ दिलाई। सभी ने शपथ को दोहराते हुए कहा कि मैं, शपथ लेता/ लेती हूं कि मैं अपने दैनिक जीवन में पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की आदत डालूंगा/ डालूंगी। मैं केवल स्वयं जल संरक्षण नहीं करूंगा/ करूंगी, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और पड़ोसियों को भी वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और पुनर्भरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित करूंगा/ करूंगी। अपने क्षेत्र में तालाबों, नदियों और वर्षा जल संचयन संरचनाओं के पुनर्जीवन व सफाई में सक्रिय भागीदारी निभाऊंगा/ निभाऊंगी तथा जल की बर्बादी को रोकने का हरसंभव प्रयास करूंगा/ करूंगी। मैं अपनी नदियों में कोई भी अपशिष्ट, ठोस कचरा या अनुपचारित सीवेज नहीं डालूंगा/ डालूंगी तथा प्राकृतिक धारा को बनाए रखने और अतिक्रमण से मुक्त रखने के कार्य में सहयोग करूंगा/ करूंगी। अपनी स्थानीय नदी को राष्ट्रीय धरोहर मानकर उसकी सुरक्षा के प्रति स्थानीय समुदाय और युवाओं को जागरूक करूंगा/ करूंगी और एक समृद्ध और सुरक्षित कल की नींव रखूंगा/ रखूंगी।

**यूपीएससी परीक्षा में चयनित होने पर किया गया सम्मानित**-कार्यशाला के दौरान संघ लोक सेवा आयोग में चयन होने पर सुश्री प्राची जैन, सुश्री दीक्षा पाटकर तथा सुश्री पूजा सोनी को सम्मानित किया गया।



## खुशी का प्रदेश टीम में चयन

नरसिंहपुर स्वतंत्रमत।

नगर की कुमारी खुशी जाट पिता जितेंद्र जाट, मां संगीता जाट राष्ट्रीय यूथ वॉलीबॉल प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश टीम में चयनित,भुवनेश्वर उड़ीसा में आयोजित हो रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खुशी मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। नरसिंहपुर वॉलीबाल ग्राउंड पर मनीष कटारे एवं शाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर खुशी ने यह मुकाम हासिल किया इससे पूर्व में खुशी जबलपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी हैं।जिला वॉलीबाल संघ के संरक्षक जालम सिंह पटैल, एस एन मिश्रा, मृदुलेश दुबे, योगेश शर्मा,लीलाधर पटैल,एवं वॉलीबाल संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं जाट युवा मोर्चा ने खुशी के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

## 17 मार्च को मां कर्मा देवी जयंती मनाई जाएगी

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** साहू समाज एवं साहू महिला मंडल के तत्वाधान में आगामी 17 मार्च मंगलवार को साहूसमाज की आराध्य मां देवी भक्त शिरोमणि मां कर्माजी की जयंती समारोह का आयोजन होटल सावित्री सिग्नेचर खैरी नाका नरसिंहपुर में धूमधाम से आयोजित किया जाएगा, जयंती समारोह हेतु आयोजन समिति ने संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली है, 15 मार्च दिन रविवार को शाम 5 बजे सर्वप्रथम होटल सावित्री सिग्नेचर में मां कर्माजी की पूजनअर्चन आरतीवंदन पूर्ण विधि विधान से करने के उपरांत प्रसाद वितरण किया जाएगा इसके पश्चात 16 मार्च 2026 को मेहंदी रंगोली पेंटिंग दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे रखी गई है । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वयं की सामग्री लाना अनिवार्य रखा गया है।इस बार साहू समाज द्वारा 17 मार्च दिन मंगलवार को मां कर्मा देवी जन्मजयंती महोत्सव बनाई जायेगी।मंचीय कार्यक्रम किए जाएंगे जिसे लेकर समिति ने संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली ।साथही नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आमंत्रण कार्ड एवं निमंत्रण संपूर्ण क्षेत्र साहित ब्लॉक स्तर में साहू समाज की मां कर्मा देवी आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरोघर पहुंचकर सह परिवारजनो सहित आमंत्रण पत्रिका दिया जा रहा है, ताकि आगामी मां कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम को धूमधाम हर्षोल्लास के साथ धार्मिकमय माहौल में मनाने हेतु विशेष तैयारी की जा रही है, आगामी होने वाले महोत्सव को लेकर समिति सदस्यों के द्वारा साहूसमाज स्वजातीय बंधुओ के घर एवं प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर सम्मान पूर्वक आमंत्रण पत्रिकाकार्ड एवं निमंत्रण दिये जाने के साथही आयोजन समिति में स्वाजातीय बंधुओ से अपील की हैकि मां कर्मादेवी जयंती महोत्सव कार्यक्रम में समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### दिव्यांग शिविर में लगभग 300 दिव्यांगजनों का हुआ परीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिले में दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से 11 मार्च को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साईंखेड़ा तथा 12 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चीचली में दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल बोर्ड नरसिंहपुर के अस्थि विशेषज्ञ, एमआर विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा लगभग 300 दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत पात्र दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड तथा बस और ट्रेन के कंसेशन पास जारी किए गए। शिविर के दौरान सामाजिक न्याय विभाग के जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारियों तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों का सत्यापन एवं ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की गई।

## नवांकुर योजना अंतर्गत सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करेली के अंतर्गत नवांकुर संस्था ग्राम विकास समिति कपूरी के तत्वाधान में सनराइज स्कूल परिसर करेली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, सदस्य तथा सेक्टर स्तर की नवांकुर सखियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक ने प्रशिक्षण की भूमिका एवं आवश्यकता पर प्रकाश डाला। नवांकुर संस्था समन्वयक श्री रघुनंदन लोधी ने एमआईएस फीडिंग तथा एमपीजेएपी एप्लीकेशन के उपयोग की जानकारी दी। प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र में समाजसेवी श्री गगन गुप्ता ने ग्राम विकास की अवधारणा, इसके विभिन्न आयामों तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। तृतीय सत्र में विकासखंड समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक ने दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया।

## प्रकृति आत्मा और परमात्मा के ज्ञान का ग्रंथ है गीता

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रकृति आत्मा और परमात्मा को ज्ञान मार्ग से समझने का प्रयत्न करना चाहिए।नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत ये शरीर और संसार असत है। आत्मा परमात्मा सत है शाश्वत है तत्व ज्ञानी जन इसे तत्व के रूप में जानते हैं।गीता ग्रंथ पर उक्ताशय के विचार अध्यात्म विज्ञान शाला प्रमुख दामोदर दास गोस्वामी ने बरिया बारे हनुमान मंदिर परिसर नरसिंहपुर में व्यक्त किये।गीता अध्याय दो आत्मा की विवेचना करते हुए साहित्यकार



कवि अशोक त्रिपाठी ने कहा कि..वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गह्णाति नरो पराणि पुराने वस्त्र त्याग कर मनुष्य जैसे नये वस्त्र धारण करता है वैसे ही जीवात्मा पुराने शरीर को त्यागकर नये शरीर को धारण करता है।आत्मा अदेह अविनाशी नित्य सर्वव्यापी और सनातन है।हम स्वयं को शरीर न मानकर आत्मा माने।

पं.मदन गोपाल शर्मा ने गीता के सुभाषित श्लोकों का वाचन किया।कार्यक्रम में डा महेश त्रिपाठी प्रेमशंकर राघव विनोद तिवारी बंधु भोपत साहू घनश्याम नागवंशी धनपत तिवारी डा केदार गुप्ता सोमनाथ पटेल ऋषि महोबिया रमेश कुमार मेहरा अरुण कुमार खरे बी एस मेहरा उपस्थित थे।आभार प्रदर्शन ऋषि महोबिया ने किया।

## माँ कर्मा देवी जी की 1010 वीं जयंती पर साहू युवा संगठन द्वारा आज शोभा यात्रा

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मां कर्मा देवी जी की 1010वीं जयंती पर साहू युवा संगठन, महिला मंडल,देव गणेश मंदिर समिति द्वारा आज कलश शोभायात्रा का आयोजन दिनांक 15/03/2026 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं पीले वस्त्रों में व पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में रहेगा। कलश यात्रा शिवालय चौक,पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी,झंडा चौक,चौकी से होते हुए महावीर भवन से होते हुए साहू मंदिर में समापन होगा। इस दौरान नगर पालिका की संपूर्ण एवं गाडरवारा प्रशासन की व्यवस्थाएं दी जा रही है। साहू समाज के जिला अध्यक्ष महासचिव नीलेश साहू द्वारा बताया गया कि हमारे समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जी की 1010वीं जयंती के अवसर पर शहर की सभी महिलाएं बढ़-चढ़कर आज अपना योगदान कलश युवा यात्रा में देगी इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष महोदय द्वारा संपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए आश्वासन दिया गया एवं गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी जी द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए आश्वासन दिया गया।

### कलेक्टर ने निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल गोटेगांव के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गोटेगांव में सीएम राइज स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण शुक्रवार को किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने उत्कृष्ट विद्यालय के पुराने भवन को डिस्मेंटल करने के कार्य को भी देखा।

# नगरपालिका की लोक अदालत 35 लाख की राजस्व आय




**करेली।** शासन के निर्देशानुसार वितीय वर्ष 2025-26 के अंतिम लोक अदालत का आयोजन नगरपालिका परिषद प्रांगण में दिनांक 14/03/2026 दिन शनिवार को किया गया। जिसमें संपति कर, जलकर,दुकान किराया में सरचार्ज में छूट का लाभ दिया गया। जिसमें करेली के करदाताओं ने बढ़ चढ कर अपने करों का भुगतान कर सरचार्च में छूट का लाभ लिया गया। लोक अदालत के पूर्व नगरपालिका परिषद करेली के द्वारा पूरे शहर में आम मुनादी तथा नोटिस दे कर करदाताओं लोक अदालत में टेक्स जमा करने की सूचना प्रदान की तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के द्वारा भी करदाताओं से सोशल मीडिया पर संदेश देकर टेक्स जमा करने की अपील भी की थी। उक्त लोकअदालत में 35 लाख की राजस्व प्राप्ति हुई। उक्त लोक अदालत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकान्त पाटर के निर्देशन पर प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक रामकुमार जाटव, वार्ड प्रभारी शंकर ठाकुर, हेमराज त्रिपाठी, लक्ष्मी जोशी, अखिलेश चंदोलिया, आशिक अली, ब्रजेश जाटव, अनंत कुमार चौधरी, संतोष कहार, राजेंद्र यादव, गौतम रजक, शिवम बाल्मीक, नरेंद्र चांदनी नामा, सचिन अग्रवाल, संदीप पस्टारिया, शैलेन्द्र सोनी, आशीष झरिया, द्वारका रजक, शोभा रजक, राधेश्याम साहू, रफीक खान, शरीफ उद्दीन, संजू यादव, मुकेश ठाकुर, राजेन्द्र रघुवंशी सभी अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## माँ कर्मा देवी जी की 1010 वीं जयंती पर साहू युवा संगठन द्वारा आज शोभा यात्रा

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** मां कर्मा देवी जी की 1010वीं जयंती पर साहू युवा संगठन, महिला मंडल,देव गणेश मंदिर समिति द्वारा आज कलश शोभायात्रा का आयोजन दिनांक 15/03/2026 को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में समाज की समस्त महिलाएं पीले वस्त्रों में व पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में रहेगा। कलश यात्रा शिवालय चौक,पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी गल्ला मंडी,झंडा चौक,चौकी से होते हुए महावीर भवन से होते हुए साहू मंदिर में समापन होगा। इस दौरान नगर पालिका की संपूर्ण एवं गाडरवारा प्रशासन की व्यवस्थाएं दी जा रही है। साहू समाज के जिला अध्यक्ष महासचिव नीलेश साहू द्वारा बताया गया कि हमारे समाज की आराध्य मां कर्मा देवी जी की 1010वीं जयंती के अवसर पर शहर की सभी महिलाएं बढ़-चढ़कर आज अपना योगदान कलश युवा यात्रा में देगी।

### अनुभाग स्तर पर जांच दल गठित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** वर्तमान भू- राजनीतिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए एलपीजी के निर्बाध आपूर्ति की निगरानी के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर को नोडल अधिकारी अधिकृत किया है। साथ ही अनुभाग स्तर पर अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में जांच दल गठित किया है। कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के मुताबिक उक्त जांच दल अनुविभागीय दंडाधिकारी के नेतृत्व में प्रभार क्षेत्र की गैस एजेंसियों, होटल, रेस्टारेंट तथा अन्य एलपीजी उपयोगकर्ता प्रतिष्ठानों की सतत जांच कर एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर कार्यवाही करते हुए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराएंगे।

### कलेक्टर ने गोटेगांव में ली पटवारियों की बैठक

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने शुक्रवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के सभाकक्ष में पटवारियों की बैठक लेकर विभिन्न राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने गेहूं पंजीयन, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम हेल्पलाइन, जनगणना, सीमांकन, वसूली और अतिक्रमण से जुड़े मामलों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, डिप्टी कलेक्टर सुश्री शानू चौधरी सहित अन्य अधिकारी और पटवारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने गेहूं पंजीयन के सत्यापन कार्य की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि पंजीयन की प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य के लिए जिन पटवारियों को लैपटॉप प्राप्त हो चुके हैं, वे उसमें एमडीएम इंस्टॉल करें। इसके लिए आईडी शासन को भेजी जाएगी, जिसके बाद इसे एक्टिवेट किया जाएगा। एमडीएम इंस्टॉल होने के बाद लैपटॉप में सीमित एप्स ही संचालित हो सकेंगे।

# नेशनल लोक अदालत में 3061 प्रकरणों का निराकरण

### पक्षकारों को लांभावित कर राषि रूपये 11,18,67,899 से अधिक का अवार्ड पारित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रदेश मे आयोजित वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत दिनांक 14.03.2026 का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीष श्री अखिलेष शुक्ला द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के एडीआर सेंटर में आयोजित औपचारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा नेषनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणो के निराकरण को दोनो पक्षकारो की जीत बताया एवं न्यायाधीषगणो व अधिवक्तागणो से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणो के निराकरण में विषेष प्रयास करने एवं नेषनल लोक अदालत को सफल बनाने का आह्वान किया। अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री मुकेष शर्मा द्वारा भी अपने उद्बोधन मे लोक अदालत में अधिवक्ताओ के पूर्ण सहयोग का संकल्प व्यक्त किया। शुभारंभ कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक श्री ऋषिकेष मीना द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में विषेष न्यायाधीष (एट्रोसिटी) श्री अमितरंजन समाधिया एवं नोडल अधिकारी नेषनल लोक अदालत, कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीष श्री विपिन कुमार लवानिया, जिला न्यायाधीषगण श्रीमती कीर्ति कष्यप, श्रीमती ज्योति मिश्रा, श्री आलोक मिश्रा, श्री नीतिराज सिंह सिसोदिया, श्री वैभव सक्सेना, श्री राममनोहर सिंह दांगी, सीजेएम श्री राकेष सनोडिया, जिला रजिस्ट्रार श्री राधाकृष्ण यादव एवं अन्य समस्त व्यवहार न्यायाधीष, सचिव जिला अधिवक्ता संघ श्री सुलभ जैन, जिला अभियोजन अधिकारी श्री रामकुमार पटेल, लोक अभियोजक श्री धर्मेन्द्र ममार, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री प्रमोद काछी सहित असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस



काउंसिल्स, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नीलम चैहान, सहायक अभियंता विद्युत विभाग श्री संदीप रघुवंषी, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ एवं कनिष्क अधिवक्तागण के साथ ही नगर पालिका व अन्य विभागो के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेष मीणा द्वारा तथा आभार प्रदर्षन चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विष्णु श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जिला नरसिंहपुर के साथ ही जिले की तहसील विधिक सेवा समितियो गाडरवारा, तेदूखेडा एवं गोटेगांव में भी नेषनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। आयोजित नेषनल लोक अदालत में जिले में कुल 22 खंडपीठों का गठन किया जाकर न्यायालय में लंबित कुल प्रकरणो में से कुल 603 प्रकरणो का गठित खण्डपीठो द्वारा पक्षकारो के आपसी राजीनामे एवं सहमति से निराकरण किया जाकर 1143 व्यक्तियो को लांभावित किया गया एवं रूपये 65806826 की अवार्ड राषि पारित की गई। नेषनल लोक अदालत द्वारा बीएसएनएल, नगर पालिका, बैक एवं विद्युत विभाग इत्यादि से संबंधित कुल 2458 प्रीलिटिगेषन प्रकरणो का भी निराकरण उपस्थित पक्षकारो के राजीनामे के माध्यम से किया गया जिसके द्वारा कुल रूपये 46061073 प्रतिकर/वसूली राषि पक्षकारो से प्राप्त की जाकर 2422 पक्षकारो के प्रकरणो का निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त नेषनल लोक अदालत द्वारा कुल 3061 लंबित एवं प्रीलिटिगेषन प्रकरणो के निराकरण के अधीन कुल अवार्ड/वसूली राशि रूपये 1118867899 प्राप्त हुई। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीष श्री विपिन कुमार लवानिया के द्वारा कुल 19 राजीनामा योग्य पारिवारिक प्रकरणो का निराकरण किया गया। पीठासीन अधिकारी के विषेष प्रयासो से समझाईश पर 07 प्रकरणो में उभयपक्ष पुनः दांपत्य संबंधों की रक्षा करने व निर्वाहन करने हेतु वचनबद्ध हुये और राजीनामा सफल रहा और पति-पत्नी के रूप एक-दूसरें को फूलमाला पहनाकर व पेड-पौधे लेकर अपने घर चले गये।

### कलेक्टर ने जल संरक्षण व संवर्धन की दिलाई शपथ

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने गोटेगांव जनपद पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला जनसंवाद में आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण और संवर्धन से संबंधित कार्यों को पूरी गंभीरता और जनभागीदारी के साथ संपादित किया जाए। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, वर्षा जल का अधिक से अधिक संचयन और जल संरचनाओं के संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसके तहत तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की सफाई, गहरीकरण, मरम्मत तथा जल संरक्षण से संबंधित जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए ।





# विजयराघवगढ विधानसभा में 1000 करोड़ की सिंचाई परियोजना से लाभान्वित होंगे किसान

## बरही के मेला ग्राऊण्ड में किसान सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का अभूतपूर्व अभिनंदन

## विजयराघवगढ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने कहा- मुख्यमंत्री की सौगात को क्षेत्र की 10 पीढियां याद रखेगी

कटनी (स्वतंत्रमत)(संजय गुप्ता)।

जिले के बरही नगर परिषद क्षेत्र में आयोजित किसान सम्मेलन और कृषि महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उपस्थित किसानों और नागरिकों को हजारों करोड़ रुपये की विकास सौगातें दीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री का बरही हेलिपैड में भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने बरही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जलगंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया और तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने आभार रैली रोड-शो में भाग लेकर किसानों और नागरिकों के बीच उत्साह का माहौल बनाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बरही क्षेत्र के प्रमुख मंदिर में पूजन-अर्चना की, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बना। उन्होंने विजयराघवगढ़ और कैमोर नगर परिषद की महिला अध्यक्षों को मंच पर सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की, जिससे महिला सशक्तिकरण का संदेश भी लोगों तक पहुंचा। मुख्यमंत्री के स्वागत में प्रदेश परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद विष्णु दत्त शर्मा, विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय और बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी राकेश सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी, एएसपी के.के. डेहरिया, सीईओ हर सिमरन प्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार और संभाग व जिले के अन्य आला अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों और नागरिकों के हित में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की भी प्रशंसा की।

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहाः

प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली, कृषि उत्पादन और ग्रामीण विकास के लिए निरंतर योजनाएं चला रही है। विकास की राह में बाधा डालने वालों को जनता खुद जवाब देगी। इस ऐतिहासिक महोत्सव में सवा लाख से अधिक किसान भाई-बहन, महिला प्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहे। किसानों के हित में कई नई घोषणाएं की गईं और क्षेत्रीय विकास के लिए योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

### झलकियांः

कृषि क्षेत्र में नई योजनाओं का लोकार्पण और आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराना। बरही क्षेत्र की सड़कों और बुनियादी ढांचे का विकास। शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्रों में नई सुविधाओं का उद्घाटन। महिला प्रतिनिधियों का सम्मान और महिला सशक्तिकरण पर जोर। जल संरक्षण अभियानः तालाब और जल स्रोतों का संवर्धन। जनसंपर्कः मुख्यमंत्री ने नागरिकों और किसानों से संवाद किया और अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। संजय पाठक के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव ने बरही और आसपास के क्षेत्रों में कृषि और ग्रामीण विकास को नई दिशा दी, साथ ही जनता और सरकार के बीच विश्वास को और मजबूत किया।



### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हुआ बरही में आत्मीय स्वागत

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद बरही में आयोजित किसान सम्मेलन कृषि महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। इस दौरान बरही स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बनाए गए हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री का भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री बरही में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के शुभारंभ और आभार रैली रोड-शो में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दोपहर ०3:11 बजे यहां हेलीपेड पर आगमन होने पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, सांसद खजुराहो विष्णु दत्त शर्मा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पाण्डेय एवं बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ यादव का स्वागत किया। वहीं संभागायुक्त धनंजय सिंह, डीआईजी राकेश सिंह, कलेक्टर आशीष तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केके डेहरिया सहित अन्य अधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर अगवानी किया।

### बरही के बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ

उल्लेखनीय है कि बड़ा तालाब का सौंदर्यीकरण और गहरीकरण कार्य करीब 50 लाख रुपए की लागत से किया जायेगा। इस दौरान खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक, कलेक्टर आशीष तिवारी, बरही के नगर पंचायत अध्यक्ष पियूष अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों की मौजूदगी रही।

### मुख्यमंत्री का 1 किलोमीटर लंबी आभार रैली में हुआ आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार को कटनी जिले के बरही स्थित बड़ा तालाब से श्री विजयनाथ धाम मंदिर के मेला प्रांगण में बने कृषि महोत्सव आयोजन के भव्य सभास्थल तक पहुंचने के करीब एक किलोमीटर लंबे बरही के मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए भव्य और सुसज्जित रथ में निकली आभार रैली के दौरान बरहीवासियों ने पुष्प वर्षा कर अपने लोकप्रिय मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत किया। अपने लाड़ले मुख्यमंत्री के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए बैठे सभी लोगों का मुख्यमंत्री डां यादव ने भी अभिवादन किया। यहां किसानों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों और प्रबुद्धजनों ने दिल खोलकर मुख्यमंत्री डॉ यादव का पुष्प वर्षा कर स्वागत और अभिनन्दन किया। आभार रैली के दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सभी का अभिवादन किया। हेलीपेड से लेकर सभा स्थल तक करीब एक किलोमीटर लंबी आभार रैली मुख्य मार्ग, चौक बाजार, सुभाष चौक और कमानिया गेट से निकली। आभार रैली के दौरान 14 स्थानों में स्टाल लगाकर लोगों ने जगह-जगह मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से आत्मीय स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इनमें मेडिकल व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, सराफा व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ, वॉलीबॉल स्पोर्ट क्लब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार, हार्डवेयर संघ, कसोधन गुप्ता समाज, अधिवक्ता संघ, सेल यूनियन परिवार एवं समस्त पार्षद गण शामिल थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव का बरही के चौक बाजार सुभाष चौक, कमानिया गेट सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने आत्मीय स्वागत किया। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता द्वारा आभार रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ यादव का आत्मीय स्वागत इस क्षेत्र के 27 ग्रामों के करीब 11 हजार किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की महत्वाकांक्षी बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना की बीते 3 फरवरी को राज्य मंत्रिपरिषद से मिली स्वीकृति की खुशी और यहां करीब 243 करोड़ रुपए से अधिक के निर्माण व विकास कार्यों के होने जा रहे लोकार्पण व भूमिपूजन के रूप में सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने के लिए विशाल और भव्य रैली निकाल कर सभी वर्गो और समाज द्वारा स्वागत किया गया। बरही सूक्ष्म उद्वहन सिंचाई परियोजना की लागत 566.92 करोड़ रूपए है। इसके पूर्ण होने के बाद बरही एवं विजयराघवगढ़ तहसील के 27 गांवों की करीब 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे लगभग 11 हजार किसानों के खेतों तक फसलों की सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा।

### मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-विकास की राह में बाधा डालने वालों को जनता देगी जवाब

बरही में आयोजित भव्य कृषि महोत्सव एक एतिहासिक आयोजन के रूप मे नजर आया जहा सवा लाख से अधिक किसानो व छेत्री भाई बहनो की उपस्थिति रही कार्यक्रम में महिला शक्ति को विशेष सम्मान मिला। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विजयराघवगढ़ और कैमोर नगर परिषद की महिला अध्यक्षों को मंच से सम्मानित कर उनके कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में किसान जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक संजय सत्येंद्र पाठक ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की और कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की जमकर प्रशंसा की। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंच से लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। वहीं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने भी क्षेत्र हित में हजारों करोड़ रुपये की नई सौगातों का प्रस्ताव रखा जिस पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताते हुए जल्द कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक प्रदेश के विकास को रोके रखा लेकिन अब प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता अब विकास चाहती है और विकास की राजनीति को ही समर्थन दे रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला प्रतिनिधियों का सम्मान किसानों के हित में योजनाओं की घोषणा और विकास कार्यों की सौगात ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और ऐतिहासिक बना दिया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय विधायक का जोरदार स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया।

फोटो : विकास गुप्ता

# आज समस्त विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** आम जन को सूचित किया जाता है कि आज 15 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर ०३ बजे तक 132 के.व्ही. उपकेंद्र कटनी के 33 के.व्ही. मेन बस के सुदृढीकरण एवं कंडक्टर प्रतिस्थापन कार्य हेतु शट डाउन लिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से जुडे समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्र का विवरण निम्नानुसार हैः- 33 के.व्ही. ए.सी.सी फीडर तक समस्त उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 के.व्ही. पहरूआ फीडर से प्रभावित क्षेत्र- 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र अमकुही से जुडे 11 के.व्ही. समस्त फीडर एवं गणेशचौक से निर्गमित 11 के.व्ही. सिटी-8, सिटी-9, सिटी-10, सिटी-11 फीडर से जुडे उच्चदाब उपभोक्ता, शासकीय हास्पीटल, रेलवे, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, बरही रोड, विधायक बंगला, हीरा गंज, गुरूनानक वार्ड, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, गर्गचौराहा, घंटाघर, गांधीद्वार, सब्जी मंडी, विश्वकर्मा पार्क, गणेशचौक, गजानन काम्पलेक्स, ढोर हस्पताल, एवं फीडर से जुडे समस्त उपभोक्ता । 33 के.व्ही. एनकेजे फीडर से प्रभावित क्षेत्र 11 के.व्ही. खिरहनी फीडर क्षेत्र- सांई पुरम कालोनी, दुबे कालोनी, दुर्गाचौक, प्रेमनगर, छोटी खिरहनी, राहुल बाग, निमिया मोहल्ला, 11 के.व्ही. गायत्रीनगर फीडर क्षेत्र- गायत्रीनगर, नीरज टाकीज, रबर फेक्टरी, शास्त्री कालोनी, 11 के.व्ही. एनकेजे फीडर क्षेत्र- एनकेजे मार्केट, जैन कालोनी, एस.के.पी कालोनी, आई.टी.आई. 11 के.व्ही. मंगलनगर फीडर क्षेत्र-मंगल नगर, बिलगवा, लखेरा, मूंगाबाई कालोनी, छहरी बडखेरा, पडरवारा, 11 के.व्ही. बडवारा, रोशननगर क्षेत्र से जुडे सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 33 के.व्ही. स्लीमनाबाद फीडर से प्रभावित क्षेत्र 33/11 के.व्ही. बडवारा, विलायतकला, देवरीहटाई, मुडसा उपमेंद्रों से जुडे समस्त निम्नदाब एवं उच्चदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्तानुसार 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. फीडरों के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों से जुड़े सभी उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई अथवा बढाई जा सकती है।

# वृद्ध आश्रम में होली महोत्सव कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्रमत)।

सर्वशक्ति महिला सेवा समिति वुमन्स पावर ग्रुप के द्वारा हर साल की तरह इस बार भी बच्चन नायक वृद्ध आश्रम में होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हमारी मुख्य अतिथि बच्चन नायक मैडम, उमा श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव एवं समिति की होस्ट पूनम तिवारी, प्रिंसी तोमर, रीना श्रीवास्तव, नीता भट्ट के द्वारा माता रानी का दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सभी मुख्य अतिथियों को टीका नारियल फल देकर सम्मानित किया गया। इसके श्री लक्ष्मी नारायण संकीर्तन महिला मंडल के द्वारा भजन, होली भजन एवं महारास कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृद्ध आश्रम में रह रहे हमारे सभी बुजुर्गों को गुलाल का टीका लगाकर और फूलों की माला पहनकर उन्हें समिति द्वारा उपहार दिया गया। इसके बाद हमारे होली के रसिया बांके बिहारी जी हमारी राधा रानी जी के साथ गुलाल और फूलों की होली समिति की सदस्य एवं वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ में खेली गई।



इसी के साथ माता रानी का प्रसाद और भोजन के बाद कार्यक्रम को समाप्त किया गया जिसमें समिति की अध्यक्ष माही तिवारी, कोषाध्यक्ष श्रुति चौदहा, सोनाली गुप्ता, मनीषा पुरवार, संतोषी बड़गैया, श्रद्धा पांडे, सुरभि पांडे, रोशनी जायसवाल, भव्या जसूजा, श्वेता पाठक, शिवानी बर्मन, सुरभि पांडे, भारती मुड़ोतिया, लतिका गुप्ता, शिवानी तिवारी, सुनीता नायक, पुष्पा ठाकुर, मानसी बर्मन, नीतू गुप्ता, शोभा राय, पूजा अग्रवाल, अनायका तिवारी, एंजेल तोमर आदि सदस्यों की उपस्थिति रही।

## इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा सांई शोभा यात्रा व जन्मोत्सव सांई फेंस क्लब की हुई बैठक

कटनी (स्वतंत्रमत)।

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी साई फेंस क्लब द्वारा साई शोभा यात्रा व जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाने समिति सदस्यों द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है गत दिवस साई फेंस क्लब की बैठक शेर चौक में हुई जिसमें कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई। डॉ. रजनीश शास्त्री द्वारा जानकारी में बताया गया कि इस बार साई जन्मोत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम 29 मार्च से 31 मार्च तक रहेगा जिसमें 29 मार्च को अभिषेक पूजन और सायंकाल विशाल भजन संध्या होगी, 30 मार्च को साई विशाल साई शोभायात्रा जो कि मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त होगी इसके बाद 31मार्च को सुबह 12 बजे से हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा बैठक मे डॉ रजनीश शास्त्री, पप्पू गुप्ता, गुल्लू खमपरिया, संदीप गुप्ता मंटू, सुरेंद्र सोनी, रौनक खण्डेलवाल, सुनील, हसीजा, प्रदीप दुबे, सुमित जायसवाल, सुरेन्द्र सोनी, दीपक कचेर, मनीष साहु, अमित तोमर, रूपेश पहारिया, डॉ रमेश सोनी, संजय नाकरा, शरद गुप्ता, वीरेंद्र सोनी, प्रदीप गुप्ता, कमलेश सोनी, विपिन सोनी, सुशांत पटेल, भीष्म बरसानी, मधु गुप्ता, माही तिवारी, शिखा खम्परिया, रेशु गुप्ता, मंजू शर्मा, सरिता गुप्ता, रिया खंपरिया, पूजा खंपरिया, बाबू टुटेजा, सुरेन्द्र पाटक, दिनेश चेलानी, मनोज गोस्वामी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जानिब से जेल में रोज़ा इफ्तार का आयोजन




कटनी (स्वतंत्रमत)।

हर साल की तरह इस साल भी रमज़ान मुबारक महीने पर रोज़े इफ्तार का आयोजन कटनी मे ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के की जानिब से रोज़ा इफ़्तार का अहतेमाम जिला जेल मे किया गया। इस्लाम धर्म मे पाक माह रमज़ान शरीफ का विशेष महत्व है इसमें लोग रोज़े रख कर अल्लाह पाक की इबादत करते है इस अबसर पर अजरुद्दीन अज्जू भाई, समसु भाई मोहम्मद, आरिफ मोहम्मद, जहीर मोहम्मद, अदनान कलीम, रजा नसूरधिन, रोऊप भाई, समसुद्दीन भाई, जेल अधीक्षक प्रभात चतुर्वेदी कटनी सहित आस पास के जिलों के लोग भी शामिल हुए।

## रूपा तिवारी को महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त

कटनी (स्वतंत्रमत)।



प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जिनकी अनुशंसा के आधार पर रूपा तिवारी को महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ का जिला कटनी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर कांग्रेसजनों में हर्ष व्यक्त किया गया है। रूपा तिवारी की नियुक्ति पर जिला शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष सौरभ सिंह तथा महिला जिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी वर्मा सहित एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। सभी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि रूपा तिवारी अपने दायित्व का निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए महिलाओं के अधिकारों की रक्षा तथा महिला उत्पीड़न से संबंधित समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

# द्रविड़, बिन्नी और मिताली को बीसीसीआई करेगा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

मुंबई (वार्ता)।

भारतीय क्रिकेट में बेहतरीन योगदान देने वाले रोजर बिन्नी, राहुल द्रविड़ और मिताली राज को रविवार को नमन पुरस्कारों के तहत भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सर्वोच्च सम्मान कर्नल सी. के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

बीसीआईआई ने आज नमन पुरस्कारों की घोषणा की। इसके तहत अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट में उल्लेखनीय योगदान देने वाले क्रिकेटरों को सम्मानित किया जायेगा। बिन्नी ने 27 टेस्ट और 72 एकदिवसीय मैच खेले हैं। वे 1983 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और उस टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट के भविष्य को बदलने वाला साबित हुआ था। वे 1985 में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ क्रिकेट जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा थे। बाद में उन्होंने भारत की अंडर-19 टीम के कोच के तौर पर भी काम किया, जिसने साल 2000 में विश्व कप जीता था। इसके बाद वे राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता भी बने। उन्होंने बीसीसीआई के अध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दी हैं। द्रविड़ ने अपने शानदार करियर में कुल 509 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 24 हजार से अधिक रन बनाए और 400 से अधिक कैच लपके। उनकी कप्तानी में भारत ने साल 2007 में इंग्लैंड में ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। बाद में उन्होंने पुरुष अंडर-19 टीम, इंडिया ए और राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच के तौर पर भी काम किया। राष्ट्रीय पुरुष टीम ने साल 2024 में टी-20 विश्व कप जीता था।

मिताली राज ने भारत के लिए सभी प्रारुपों में कुल 333 मैच खेले हैं। वे दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं, जिन्होंने 10 हजार से अधिक रन बनाए हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम दो बार विश्वकप के फाइनल तक पहुंची थी। इस दौरान भारत के टेस्ट और




एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल को क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार को पॉली उमरीगर क्रिकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड भी कहा जाता है। वहीं, महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को उनके करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर का सम्मान मिलेगा।

## विजेताओं की पूरी सूची इस प्रकार है

पॉली उमरीगर अवॉर्ड: 2024-25 के सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) शुभमन गिल। 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) स्मृति मंधाना। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक विकेट 2024-25 (महिला) दीप्ति शर्मा। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी 2024-25 (महिला) स्मृति मंधाना। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (महिला) एन श्री चरणी। 2024-25 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय डेब्यू (पुरुष) हर्षित राणा। 2024-25 के बीसीसीआई घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन - मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन। 2023-24 में घरेलू क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ अंपायर - उल्हास गांधे। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हर्ष दुबे (विदर्भ)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड: 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - सुचित जे (नागालैंड)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड 2024-25 की रणजी ट्रॉफी में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यश राठौड़ (विदर्भ)। माधवराव सिंधिया अवॉर्ड:2024-25 में रणजी ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - स्नेहल कौथंकर (गोवा)।

घरेलू सीमित ओवर प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - आयुष म्हात्रे (मुंबई)। रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ अवॉर्ड, 2024-25 - हर्ष दुबे (विदर्भ)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (जूनियर डोमेस्टिक) - इरा जाधव (मुंबई)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (सीनियर डोमेस्टिक) (सीनियर महिला वनडे) - शैफाली वर्मा (हरियाणा)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी- 2024-25 में (अंडर 16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाली खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - यशबर्धन सिंह चौहान (मध्य प्रदेश)।

**जगमोहन डालमिया ट्रॉफी:** 2024-25 में (अंडर16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - किशन सरकार (त्रिपुरा)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - शांतनु सिंह (उत्तर प्रदेश)। जगमोहन डालमिया ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर16) विजय मर्चेंट ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - प्रीतम राज (बिहार)। एम.ए. चिदंबरम ट्रॉफी- 2024-25 में (अंडर19) कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - हेमचुदेशन जे (तमिलनाडु)। एम.ए. चिदंबरम ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर19) कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - अर्काजित रॉय (त्रिपुरा)। एम.ए. चिदंबरम ट्रॉफी- 2024-25 में (अंडर 19) कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - नित्या जे पांड्या (बड़ौदा)। एम. ए. चिदंबरम ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर19) कूच बिहार ट्रॉफी में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - राघवन राममूर्ति (पुडुचेरी)। एम.ए चिदंबरम ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 23) कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - विक्की ओस्तवाल (महाराष्ट्र)। एम ए चिदंबरम ट्रॉफी- 2024-25 में (अंडर 23) कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - दीपज्योति सैकिया (असम) एम.ए चिदंबरम ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर 23) कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी - एलीट ग्रुप - मैकनील एच एन (कर्नाटक)। एम.ए चिदंबरम ट्रॉफी: 2024-25 में (अंडर23) कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी - प्लेट ग्रुप - आर जशवंत श्रीराम (पुडुचेरी)।



# वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में भारत का दबदबा

## चार मुक्केबाज चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री और अंबेकर फाइनल में दिखाएंगे दम

बैंकॉक (वार्ता)।

भारत के युवा बॉक्सरों ने बैंकॉक में वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री देवी और अंबेकर मीतेई शनिवार को अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करके फाइनल में पहुंच गए। महिलाओं की 51किग्रा कैटेगरी में, चंद्रिका ने राउंड 2 में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) से मोरक्को की रिहाब हमदौने को हराकर गोल्ड मेडल बाउट में अपनी जगह पक्की कर ली। महिलाओं की 48किग्रा कैटेगरी में, गुंजन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ कोरिया की यू ग्योंग किम को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जॉयश्री देवी (54किग्रा) ने एक और जबरदस्त प्रदर्शन किया, पहले राउंड में मेक्सिको की सोफिया रामिरेज को रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) से रोककर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पुरुषों की 50किग्रा कैटेगरी में, अंबेकर मीतेई भी उज़्बेकिस्तान के अब्दुगनी यॉर्किनजोनोव पर 5-0 के एकमत फैसले से जीत दर्ज करके फाइनल में पहुँच गए। इस बीच, राधामणि लोंगजाम (57किग्रा) ने एक करीबी मुकाबला लड़ा, लेकिन सेमीफाइनल में यूक्रेन की येवनहेलिना पेट्रुक से 2-3 से हार गईं, और ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ अपना अभियान खत्म किया। अब चार भारतीय बॉक्सर फाइनल में पहुँच गए हैं, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में पहुँचने पर टीम अपने मजबूत प्रदर्शन को गोल्ड मेडल में बदलने का लक्ष्य रखेगी। वर्ल्ड बॉक्सिंग फ्यूचर्स कप, जो 8 से 15 मार्च तक बैंकॉक में हो रहा है, इसमें दुनिया भर के होनहार युवा बॉक्सर यूथ ओलंपिक वेट कैटेगरी में मुकाबला कर रहे हैं, जिससे अगली पीढ़ी के बॉक्सरों को कीमती इंटरनेशनल मौका मिलेगा।





# सबालेंका और रायबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

**कैलिफ़ोर्निया (वार्ता)।** आर्यना सबालेंका और एलेना रायबाकिना रविवार को इंडियन वेल्स में चार महीने से ज़्यादा समय में तीसरी बार फाइनल में आमने-सामने होंगी। बीबीसी स्पोर्ट के मुताबिक, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से आसानी से हराया, जबकि रायबाकिना ने यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। उन्होंने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है। मैं यहां कुछ फाइनल हार चुकी हूं, इसलिए मैं पक्का करूंगी कि रविवार को मैं पूरी तरह तैयार रहूं। मैं अपना बेस्ट टेनिस खेलूंगी और यह साल इसी के लिए है। दुनिया की नंबर तीन खिलाड़ी रायबाकिना ने फाइनल में अपने पांच में से चार मुकाबले जीते हैं, सबसे हाल ही में नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल और जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन में। मैं जितना हो सके उतना लड़ने जा रही हूं। कज़ाकिस्तान की रायबाकिना, जिन्होंने 2023 में इंडियन वेल्स फ़ाइनल में सबालेंका को हराया था, ने कहा, उम्मीद है कि यह एक शानदार मैच होगा। रविवार का फ़ाइनल बेलारूस की सबालेंका का 14वां डब्ल्यूटीए 1000 फ़ाइनल होगा।

# भारत, इंग्लैंड ने महिला हॉकी वर्ल्ड कप का टिकट बुक किया

हैदराबाद (वार्ता)।

भारत और इंग्लैंड ने शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी ग्राउंड में हॉकी महिला वर्ल्ड कप क्वालिफायर 2026 में अपने-अपने सेमीफाइनल जीतकर महिला एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप बेल्जियम और नीदरलैंड्स 2026 के लिए क्वालिफिकेशन हासिल कर लिया, जिससे टूर्नामेंट की दो अजेय टीमों के बीच खिताबी मुकाबला तय हो गया। इंग्लैंड ने पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड को 2-0 से हराया, जबकि भारत ने दूसरे सेमीफाइनल में इटली को 1-0 से हराकर इस ग्लोबल शोपीस का टिकट बुक किया। दिन के दो क्लासिफिकेशन मैचों में वेल्स ने जबरदस्त वापसी करते हुए कोरिया को 2-1 से हराया और 5वें-6वें स्थान के प्लेऑफ में पहुँच गया, जबकि उरुग्वे ने ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जबरदस्त जीत दर्ज करके उनका साथ दिया। हारे हुए सेमीफ़ाइनलिस्ट स्कॉटलैंड और इटली अब तीसरे स्थान के लिए लड़ेंगे, जिससे वर्ल्ड कप क्वालिफ़िकेशन भी पक्का हो जाएगा।

### भारत 1-0 इटली (दूसरा सेमीफ़ाइनल)

भारत ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफ़ाइनल में इटली पर 1-0 से जीत के साथ वर्ल्ड कप के लिए अपनी टिकट बुक की, जिससे इंग्लैंड के साथ टाइटल क्लैश तय हो गया। दोनों टीमें फ़ाइनल तक पहुँचने के अपने रास्ते में बिना हारे रही हैं। भारत की 22 सर्कल एंट्री, नौ पेनल्टी कॉर्नर और टारगेट पर आठ शॉट से सिर्फ़ एक गोल हुआ, लेकिन आखिर में यही अंतर पैदा करने वाला साबित हुआ। भारतीय बैकलाइन ने कमज़ोर बढ़त को बचाने के लिए पूरी जान लगा दी, जबकि इटली की टीम ने काफ़ी खतरा पैदा किया, लेकिन आखिर में कुछ खास नहीं कर पाई। गेम का इकलौता और सबसे ज़रूरी गोल 40वें मिनट में हुआ, जब मनीषा चौहान ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंडिया को आगे कर दिया। इटली आखिरी मिनटों में पेनल्टी कॉर्नर से बराबरी करने के करीब थी, लेकिन इंडिया की गोलकीपर बिचू देवी खतरे को भांप चुकी थीं। इटली के इस हार के बाद वर्ल्ड कप के लिए



क्वालीफाई करने के चांस अब तीसरे-चौथे स्थान के प्लेऑफ में स्कॉटलैंड पर जीत पर निर्भर हैं। इंडिया की डिफेंडर और प्लेयर ऑफ द मैच सुशीला चानू ने कहा, यह अवॉर्ड टीम के लिए है।हमने एक टीम के तौर पर, डिफेंस में भी अच्छा खेला। इटली ने भी अच्छा खेला। अब हम अपने (गेम ऑन) वीडियो को एनालाइज करेंगे और देखेंगे कि फाइनल से पहले हमें किन एरिया में सुधार करने की जरूरत है।

### इंग्लैंड 2- स्कॉटलैंड 0 (पहला सेमीफ़ाइनल)

इंग्लैंड ने पहले सेमी-फ़ाइनल में पड़ोसी स्कॉटलैंड को 2-0 से हराकर फ़ाइनल में एंट्री करके हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इंग्लैंड अपनी लगातार चौथी जीत से ज़रूर खुश होगा, लेकिन जितने मौके उसने गंवाए, उससे नहीं। उनके अटैकिंग इरादे स्टैटिस्टिक्स में दिखे, क्योंकि उन्होंने 26 सर्कल पेनिट्रेशन किए, लेकिन चार सेट-पीस में पेनल्टी कॉर्नर पर उनका सक्सेस रेट ज़ीरो था।

स्कॉटलैंड भी पेनल्टी कॉर्नर पर टारगेट पर नहीं था ङ्क छह कोशिशों में स्कोर नहीं कर पाया। 24 मिनट में कई बार स्कोर करने के करीब आने के बाद, इंग्लिश टीम ने अगले ही मिनट में टारगेट पाया जब लोटी बिंगहैम ने सर्कल एंट्री को फ़िनिशिंग टच दिया। चार मिनट बाद, 29वें मिनट में, डार्सी बॉर्न ने इंग्लैंड को 2-0 से राहत दी। दूसरे हाफ में स्कॉटिश गेम में निराशा आ गई, अंपायर कुकी टैन ने येलो-कार्ड की गलतियों को देखा और एमी कॉस्टेलो (50वें मिनट) और ऐली मैकेंज़ी (53वें मिनट) को पांच मिनट के सस्पेंशन की सज़ा दी, जबकि इंग्लैंड के डिफेंस टीम को फाइनल में पहुंचाने के लिए मजबूती से डटे रहे।

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स की परियोजनाओं का उद्घाटन किया रेड्डी ने



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के दो दिवसीय दौरे पर कंपनी विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया और आधारशिला रखी और डब्ल्यूसीएल की एक समीक्षा बैठक का संचालन किया। कोयला मंत्रालय की ओर से यहां शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार श्री रेड्डी ने शुक्रवार को एक डब्ल्यूसीएल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आभासी माध्यम से 25 इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री रेड्डी ने नागपुर के कामठी क्षेत्र में ब्लैक डायमंड स्पोर्ट्स स्टेडियम, वानी क्षेत्र के ताडाली में स्वामी विवेकानंद इको पार्क और बल्लारपुर क्षेत्र के सास्ती ओपन कास्ट खदान में प्रारंभिग संपर्क सुविधाओं के निर्माण की परियोजना की आधारशिला भी रखी। ये परियोजनाएं क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यावरण संरक्षण और खनन कार्यों के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देंगी। उन्होंने उसके बाद कोयला उत्पादन, सुरक्षा, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की परियोजनाओं से संबंधित डब्ल्यूसीएल के कार्यों की समीक्षा की।

# गोदरेज कैपिटल अप्रैल से राजस्थान में शुरु करेगा अफोर्डेबल हाउसिंग फाइनेंस

**जयपुर (वार्ता)।** गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप की वित्तीय सेवाओं से जुड़ी कंपनी गोदरेज कैपिटल अपनी सहायक कंपनी गोदरेज हाउसिंग फाइनेंस के माध्यम से राजस्थान में अगले महीने अप्रैल से अपनी सेवा का विस्तार करेगी। गोदरेज कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीष शाह ने यहां मीडिया को यह जानकारी दी। उ्होंने बताया कि कंपनी ने किफायती हाउसिंग फाइनेंस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है और अपनी क्षेत्रीय विकास रणनीति के तहत कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 तक राजस्थान में 100 करोड़ रुपए का हाउसिंग फाइनेंस एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) तैयार करना है। इसके साथ ही राज्य के उभरते हुए हाउसिंग बाजारों में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत किया जाएगा। श्री शाह ने बताया कि इस विस्तार के तहत कंपनी



जयपुर में दो कार्यालय स्थापित करेगी, जिससे राजस्थान के किफायती हाउसिंग फाइनेंस बाजार में उसका प्रवेश होगा। इसके बाद कंपनी जोधपुर, सीकर और भीलवाड़ा जैसे शहरों में भी विस्तार करेगी। अगले दो वर्षों में कंपनी राजस्थान में अपनी मौजूदगी बढ़ाकर कुल 10 शाखाओं तक ले जाने का लक्ष्य रखती है।

यह विस्तार कंपनी के डिजिटल-फर्स्ट दृष्टिकोण (यानी तकनीक का अधिक उपयोग) पर आधारित होगा, जिससे होम लोन की मंजूरी आसान और तेज़ हो जाएगी। इन स्थानों का चयन तेजी से विकसित हो रहे शहरी और अर्ध-शहरी बाजारों में घरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से किया गया है। किफायती आवास की बढ़ती मांग - टियर 2 और टियर 3 शहरों में होम लोन की बढ़ती मांग के बीच यह शुरुआत की गई है। राजस्थान में बढ़ते शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास, बेहतर कनेक्टिविटी और सरकारी प्रोत्साहनों के कारण लोग अपना घर खरीदने के लिए उत्साहित हैं।

जोधपुर, सीकर और भीलवाड़ा जैसे शहरों में किफायती और मध्यम आय वाले घरों की मांग विशेष रूप से अधिक है, जिसे पहली बार घर खरीदने वाले लोग, स्वरोजगार करने वाले पेशेवर और छोटे व्यवसायी बढ़ावा दे रहे हैं।

# कृषि सहयोग के लिए शिया अफ्रीका एग्री एलायंस की शुरुआत

**गुरुग्राम (हरियाणा) (वार्ता)।** एशिया और अफ्रीका के 10 से अधिक देशों के राजनयिकों , उद्यमियों और अधिकारियों की यहां शुक्रवार को एक गोलमेज चर्चा में एशिया अफ्रीका एग्री एलायंस (4ए) नाम से एक नयी औपचारिक शुरुआत की गई। आयोजकों की आरे से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार यह नया संस्थागत मंच एशिया और अफ्रीका के बीच कृषि सहयोग, व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। यह सम्मेलन मक्का और मिलेट्स और कृषि एवं जैव कचरे पर आयोजित कॉन्क्लेव-2026 के साथ आयोजित किया गया था। इसमें दस से अधिक देशों के राजदूत, वरिष्ठ राजनयिक, नीति-निर्माता और एग्रीबिजनेस क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए। गोलमेज बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री रेणुका शुगर्स लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन अतुल चतुर्वेदी ने कहा कि एशिया और अफ्रीका की क्षमताएँ एक-दूसरे की पूरक हैं और यदि इन्हें प्रभावी रूप से जोड़ा जाए तो वैश्विक कृषि क्षेत्र में बड़ा बदलाव संभव है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका के पास विशाल कृषि क्षमता और उपजाऊ भूमि है, जबकि एशिया ने प्रसंस्करण, आपूर्ति श्रृंखला और कृषि प्रौद्योगिकी में उल्लेखनीय प्रगति की है।

# मार्केट की उथल-पुथल से न घबराएं, सेबी चेयरमैन ने दी निवेशकों को बड़ी सलाह

**मुंबई (वार्ता)।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने बदलते परिवेश में बाजारों में गति और स्थिरता में संतुलन को सुनिश्चित करने की जरूरत को रेखांकित किया है। उन्होंने कहा कि भारत के पूंजी बाजारों के विस्तार और मजबूती के साथ इनके काम का परिवेश बदल गया है क्योंकि वैश्विक घटनाओं से इनका जुड़ाव बढ़ा है । श्री पांडे यहां एक मीडिया हाउस के संवाद कार्यक्रम के एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दक्षता वित्तीय प्रणाली में भरोसे की नींव है। इसके बिना पूंजी आगे बढ़ने में हिचकिचाती है। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट से बाजारों में गिरावट के इस दौर में खुदरा निवेशकों को धैर्य रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजारों में गहराई आ रही है और इनमें विविधता आ रही है तथा बाजार पहले से अधिक मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इन बाजारों के विस्तार और इनमें जटिलताएं बढ़ने के साथ वैश्विक घटनाओं से इनका जुड़ाव भी बढ़ रहा है और इससे हमें उस बदलते परिदृश्य का सामना करना पड़ता है जिसमें आज के बाजार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अनिश्चित दुनिया में कुशल पूंजी बाजार स्थिरता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और ये हमें पारदर्शी तरीके से मूल्य का पता लगाने में सक्षम बनाते हैं, व्यापक वित्तीय प्रणाली को अस्थिर किए बिना झटकों को सहने में मदद करते हैं। और शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ये निवेशकों का विश्वास बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि कुशल बाजार दक्षता वित्तीय प्रणाली में भरोसे की नींव है। इसके बिना पूंजी आगे बढ़ने में हिचकिचाती है। उन्होंने कहा कि बाजार पर वैश्विक घटनाओं के त्वरित प्रभाव और सूचना एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी आधारित कारोबार के बीच नीति नियामकों के समक्ष चुनौती गति और स्थिरता में संतुलन सुनिश्चित करने की है।



सेबी प्रमुख ने कहा कि जिस वातावरण में भारतीय बाजार काम कर रहे हैं वह तेजी से बदल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय बाजारों के विखंडन का दौर है , व्यापारिक मार्ग बदल रहे हैं। आपूर्ति श्रृंखलाओं का पुनर्गठन हो रहा है और निवेश प्रवाह भी इन बदलावों के अनुसार बदल रहे हैं। उन्होंने कहा , इसी तरह एक और बड़ा बदलाव तकनीक से प्रेरित है। एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत डेटा एनालिटिक्स बाजारों की गति को तेज कर रहे हैं। तरलता की स्थिति भी अधिक अस्थायी या घटना प्रेरित होती जा रही है। श्री पांडे ने कहा कि वैश्विक पूंजी प्रवाह विभिन्न देशों के बीच बहुत तेजी से स्थानांतरित हो सकता है और सबसे बड़ा बदलाव सूचना की गति है। समाचार बहुत तेजी से फैलते हैं, राय उससे भी तेजी से तथा आज बाजारों में इन कथाओं पर लगभग तुरंत प्रतिक्रियाएं होती हैं। इसी संदर्भ में उन्होंने सवाल किया, इसलिए नीति-निर्माताओं और बाजार प्रतिभागियों के सामने सवाल है कि हम कैसे सुनिश्चित करें कि गति के चलते स्थिरता से समझौता न हो?

उन्होंने यह भी कहा कि जैसे-जैसे भारत अपनी आर्थिक यात्रा जारी रखेगा, पूंजी बाजार की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा, विकास के अगले चरण के लिए विस्तृत बॉन्ड बाजार, मजबूत संस्थागत भागीदारी और निरंतर तकनीकी नवाचार की आवश्यकता होगी। उन्होंने खुदरा निवेशकों को धैर्य बनाए रखने की सलाह दी है, क्योंकि भू-राजनीतिक तनाव, तकनीकी बदलाव और ऊर्जा से जुड़े झटके वैश्विक वित्तीय बाजारों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भू-राजनीतिक तनाव आर्थिक संबंधों को प्रभावित कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बड़े पैमाने पर बाधित किया है। स्वाभाविक रूप से, पूंजी बाजार भी इससे गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं।

पांडे ने कहा कि अस्थिरता आधुनिक वित्तीय बाजारों की एक प्रमुख विशेषता बन चुकी है, खासकर क्योंकि सूचना का वातावरण तेजी से बदल रहा है और झटके तेजी से विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में फैल जाते हैं। उन्होंने खुदरा निवेशकों से अपील की कि वे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव पर जल्दबाजी में प्रतिक्रिया न दें। उन्होंने कहा, खुदरा निवेशकों के लिए सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना होगी।श्री पांडे ने कहा कि अत्यधिक अस्थिरता के दौर नए नहीं हैं और इतिहास में बाजार बड़े वैश्विक व्यवधानों के बाद फिर से संभलते रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बात स्पष्ट है- अत्यधिक अस्थिरता के दौर हमेशा नहीं रहते।

श्री पांडे ने कहा कि आधुनिक पूंजी बाजारों में संरचनात्मक बदलाव हो रहे हैं। तेज तकनीकी परिवर्तन - खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एल्गोरिदमिक ट्रेडिंग और उन्नत डेटा एनालिटिक्स - बाजारों के संचालन की गति को और तेज कर रहे हैं। वैश्विक पूंजी प्रवाह के तेजी से देशों के बीच स्थानांतरित होने के कारण तरलता की स्थिति भी अधिक अस्थायी होती जा रही है। उन्होंने कहा, इस पृष्ठभूमि में नीति-निर्माताओं और बाजार प्रतिभागियों के सामने प्रश्न यह है कि हम कैसे सुनिश्चित करें कि गति स्थिरता से समझौता न करे। सेबी प्रमुख ने निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी प्रकाश डाला।

# एकाग्रता और प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने पर्याप्त नींद आवश्यक



## विश्व नींद दिवस पर जिनसार के विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विश्व नींद दिवस के अवसर पर स्वस्थ नींद की आदतों के महत्व के बारे में जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जबलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज़ एंड रिसर्च (जिनसार) के विद्यार्थियों द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विगत दिवस विक्टोरिया हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने एक जानकारीपूर्ण स्वास्थ्य वार्ता प्रस्तुत की, जिसमें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए पर्याप्त नींद के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि उचित नींद एकाग्रता बढ़ाने, प्रतिरक्षा शक्ति को मजबूत करने, तनाव कम करने तथा समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में सहायक होती है।

### विद्यार्थियों के प्रश्नों का किया समाधान

विद्यार्थियों ने नींद की कमी के दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी, जैसे थकान, ध्यान में कमी, चिड़चिड़ापन तथा विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का बढ़ता जोखिम। साथ ही, उपस्थित लोगों को नींद की गुणवत्ता सुधारने के सरल उपाय भी बताए गए, जैसे नियमित समय पर सोना और जागना, सोने से पहले स्क्रीन समय कम करना, रात में कैफीन से बचना तथा आरामदायक नींद का वातावरण बनाना। यह सत्र अत्यंत संवादात्मक रहा, जिसमें आम जनता ने सक्रिय रूप से भाग लिया और नींद से संबंधित समस्याओं तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े कई प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने उनके प्रश्नों का समाधान किया और उन्हें स्वस्थ नींद की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और इसके माध्यम से आम जनता के बीच स्वस्थ जीवन के लिए पर्याप्त नींद के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने में सहायता मिली। यह कार्यक्रम प्रो. डॉ. प्रिन्सी शाजी (प्राचार्य प्रभारी) के मार्गदर्शन में तथा काजल साहू और महिमा विल्सन के समन्वय में आयोजित किया गया।



## क्रिएटिविटी को दें नया आयाम, बनें आर्किटेक्ट, नाटा का रजिस्ट्रेशन हुआ शुरू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर द्वारा आयोजित नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट इन आर्किटेक्चर (नाटा) 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुके हैं। यह परीक्षा देशभर के आर्किटेक्चर कॉलेजों में बी.आर्क में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। नाटा 2026 परीक्षा 4 अप्रैल 2026 से 13 जून 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। जो प्रति शुक्रवार दोपहर एक बजे से 4 बजे तक और शनिवार सुबह 10 बजे से एक बजे तक और दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित होगी। नाटा परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की ड्राइंग स्किल, ऑब्जर्वेशन क्षमता, रचनात्मक सोच और डिजाइन एप्टीट्यूड का मूल्यांकन किया जाता है। इच्छुक विद्यार्थी नाटा 2026 से संबंधित विस्तृत जानकारी, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट डब्लू डब्लू डब्लू डॉट नाटा डॉट इन पर विज़िट कर सकते हैं। महाकौशल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग, जबलपुर द्वारा परीक्षा से संबंधित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। छात्र हेल्पलाइन नंबर-9926687851 और 9826609208 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 11 हजार से अधिक प्रकरणों के हुए त्वरित निराकरण

**44.78 करोड़ रूपए की अवार्ड राशि हुई पारित**



## नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में नेशनल लोक अदालक का आयोजन किया गया। न्याय सबके लिए की अवधारणा को साकार रूप प्रदान करने हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कृष्ण मूर्ति मिश्र के मार्गदर्षन में 14 मार्च को जिला न्यायालय जबलपुर, सिहोरा एवं पाटन तहसील न्यायालयों सहित कुटुम्ब तथा श्रम न्यायालयों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 11117 प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण किया गया। इस दौरान 44 करोड़ 78 लाख 1 हजार 611 रुपये की अवार्ड राशि पारित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत का सफल संचालन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में किया गया। प्रकरणों के शीघ्र समाधान के लिए कुल 75 खण्डपीठों का गठन किया गया, जिनके माध्यम से 1873 लंबित तथा 9304 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते से किया गया।

***पक्षकारों को मिली त्वरित राहत***- लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति, धारा 138 एनआई एक्ट, आपराधिक शमनीय, सिविल, वैवाहिक एवं विद्युत अधिनियम सहित विभिन्न प्रकृति के मामलों का समाधान किया गया। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावों में कुल 766 निराकृत प्रकरणों में 30 करोड़ 82 लाख 73 हजार 734 रुपये से अधिक की अवार्ड राशि पारित की गई। वहीं धारा 138 एनआई एक्ट के 266 निराकृत मामलों में 5 करोड़ 24 लाख 34 हजार 473 रुपये की समझौता राशि निर्धारित हुई। इसके अतिरिक्त बैंक रिकवरी से संबंधित 1468 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में 1 करोड़ 93 लाख 59 हजार की समझौता राशि प्राप्त हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सुलभ, शीघ्र एवं नि:शुल्क न्याय उपलब्ध कराना रहा। बड़ी संख्या में मामलों के एक ही दिन में निराकरण से न केवल न्यायालयों का कार्यभार कम हुआ, बल्कि पक्षकारों को भी त्वरित राहत मिली। अपने उद्देश्य में यह राष्ट्रीय लोक अदालत पूर्णत: सफल सिद्ध हुई।

## क्षतिग्रस्त रिटेनिंग वाल के सुधार कार्य का कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत जबलपुर हिरण नदी मार्ग खंड पर शहपुरा के समीप स्थित रेल ओवर ब्रिज की क्षतिग्रस्त हुई रेटेनिंग वाल के सुधार कार्य का निरीक्षण किया। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय भी इस मौके पर उनके साथ थे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने रिटेनिंग वाल के सुधार कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा कार्य में गति लाने और इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को दिये।

## मुख्यमंत्री डॉ यादव का डुमना विमानतल पर हुआ स्वागत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार शाम डुमना विमानतल पर भाजपा नेताओं द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव कटनी जिले के बरही नगर से हेलीकॉप्टर द्वारा शाम लगभग 6.25 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुंचे थे। उनके साथ प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल



शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे। डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री का स्वागत लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, विधायक संतोष वरकड़े, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने की।

# हॉकर के घर से मिले दस सिलेण्डर आधा सैकड़ा गैस बुक भी बरामद

### भेड़ाघाट मीरगंज के झिन्ना मोहल्ले में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भेड़ाघाट के मीरगंज झिन्ना मोहल्ले में गैस सिलेण्डरों की किल्लत के बीच एक हॉकर के घर से प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने दस गैस सिलेण्डर व 47 गैस बुक जब्त की है। जिनमें छह घरेलू गैस सिलेण्डर, चार व्यवसायिक सिलेण्डर भी शामिल है। जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि किस तरह सिलेण्डरों को ब्लैक में बेचा जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राजस्व विभाग, खाद्य विभाग की टीम के साथ क्राईम ब्रांच एवं थाना भेड़ाघाट की संयुक्त टीम द्वारा



मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गयी। जहॉ से सुनील पटेल उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम झिन्ना मोहल्ला मीरगंज भेड़ाघाट को हिरसत में लिया। जिसके मकान से 6 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 4 व्यवसायिक सिलेण्डर तथा कई उपभोक्ताओं के नाम के कुल 47 गैस की बुक रखी मिली। पूछताछ पर आरोपी सुनील पटेल ने बताया कि वह दीप गैस एजेन्सी संजीवनी नगर गुलौआ चौक में हॉकर का काम करता है। जिसके द्वारा ग्राम झिन्ना मीरगंज, आमा हिनौता, कूडन, शिल्पी नगर, तथा भेडाघाट के उपभोक्ताओं के नाम के 47 गैस बुक अपने घर में रखा था। जांच पर सुनील पटेल द्वारा उपभोक्ताओं के गैस सिलेण्डर अपने घर में असुरक्षित तरीके से अपने घर में रखा पाये जाने पर कलेक्ट्रर कार्यलय शाखा खाद्य विभाग के कुंजन सिंह राजपूत के लिखित प्रतिवेदन पर सुनील पटेल के विरूद्ध धारा 3, 7(3) ई.सी. एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# जवान के खाते से हुई 1.79 लाख की ठगी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** साइबर ठगों ने इस बार आईटीबीपी के एक जवान को निशाना बनाते हुए बिजली बिल अपडेट कराने के नाम पर बड़ी ठगी की वारदात को अंजाम दिया। ठगों ने व्हाट्सएप पर संदिग्ध लिंक भेजकर जवान का मोबाइल हैक कर लिया और उसके बैंक खाते से लगभग एक लाख 79 हजार रुपये निकाल लिए। मामले की शिकायत पीड़ित ने गोराबाजार थाना में दर्ज कराई गई है। गोराबाजार पुलिस ने बताया कि विनायक नगर निवासी सरिता देवी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनके पति नरेंद्र कुमार आईटीबीपी की 35वीं बटालियन में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वर्तमान में उत्तराखंड में तैनात हैं। पति उपचार के लिए नोएडा स्थित आईटीबीपी बेस अस्पताल में भर्ती थे, तभी मोबाइल पर ठगबाजों ने नरेंद्र कुमार को बातों में उलझाकर बिजली बिल अपडेट करने की बात कहते हुए लिंक भेजा। लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल फोन पूरी तरह से फ्रीज हो गया और कुछ देर तक काम करना बंद कर दिया। कुछ घंटों बाद जब मोबाइल सामान्य हुआ तो होश उड़ गए। मोबाइल पर बैंक खाते से पैसे कटने के लगातार मैसेज आने लगे। पत्नी सरिता देवी की शिकायत पर गोराबाजार थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# महिला के हत्यारे ने लगाई फांसी, मौत

### माढ़ोताल तालाब के पास पेड़ में फंदे पर लटकता मिला शव

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानीताल स्थित भाजपा के संभागीय कार्यालय के पीछे बीते दिनों मिली महिला की हत्या के आरोपी अंकित बर्मन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह माढ़ोताल इलाके में तालाब के पास एक पेड़ पर उसका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी अनुसार शनिवार सुबह तालाब पर बने पुल के पास से गुजर रहे राहगीरों की नजर पेड़ पर लटके युवक के शव पर पड़ी। युवक फांसी के फंदे पर लटका हुआ था और उसके दोनों हाथ भी बंधे हुए थे। जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा था। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर जांच शुरू की। माढ़ोताल टीआई वीरेंद्र पंवार के मुताबिक मृतक की पहचान अंकित बर्मन पिता विजय बर्मन निवासी दीक्षितपुरा के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि विगत दिनों जबलपुर में भाजपा कार्यालय के पीछे एक महिला की खून से सनी लाश मिली थी। महिला के पेट और गले पर धारदार हथियार के निशान थे। इस मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला की हत्या अंकित बर्मन ने की थी और उसकी पहचान भी हो चुकी थी।








## जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस को किया गया शार्ट टर्मिनेट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल अंतर्गत रीवा-सतना सेक्शन में कैमा स्टेशन पर अधोसरंचनात्मक कार्य तुर्की रोड और बगहाई रोड में डबल लाइन ब्लॉक सेक्शन को कमिशननिंग के लिए प्री-नानइंटरलॉकिंग एवं नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस ट्रेन कैमा रेलवे स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट/ओरजिनेट रहेगी । इसी कड़ी में गाडी संख्या 11705 जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस जो दिनांक 16 मार्च से 23 मार्च तक (08 ट्रिप) जबलपुर से प्रस्थान कर वह कैमा तक ही संचालित होगी। अर्थात् यह रेलसेवा कैमा-रीवा स्टेशनों के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। गाडी संख्या 11706 रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस जो दिनांक 16 मार्च से 23 मार्च तक (08 ट्रिप) रीवा के स्थान पर कैमा से प्रस्थान करेगी अर्थात् यह रेलसेवा रीवा-कैमा स्टेशनों के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

# कार के अंदर सो रहे व्यक्ति की जिंदा जलकर हुई मौत

### सिहोरा क्षेत्र में हुई दर्दनाक घटना, दुकान भी हुई खाक

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिहोरा में शनिवार सुबह टाटा सूमो के अंदर सो रहा एक व्यक्ति जिंदा जल गया। आग की लपटों ने पास की एक दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते दुकान भी जलकर खाक हो गई। ऐसी आशंका है कि मच्छर भगाने के लिए जलाई गई अगरबत्ती से गाड़ी के अंदर पड़े कचरे में आग भड़क गई, जिससे व्यक्ति बाहर नहीं निकल पाया। सूमो काफी पुरानी बताई जा रही है। फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक यह घटना सिहोरा के वार्ड नंबर-3 की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक लावारिस था। कई सालों से इलाके में खड़ी एक पुरानी टाटा सूमो में ही रह रहा था। साथ ही वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था।



आसपास से कूड़ा-कचरा और पन्नियां इकट्ठा कर गाड़ी में भरकर रखता था। लोगों ने बताया कि वह अक्सर गाड़ी के पास ही खाना बनाता और रात में उसी गाड़ी के अंदर सो जाता था।

***दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर पाया काबू***- घटना के वक्त गाड़ी के अंदर बड़ी मात्रा में पन्नियां और ज्वलनशील कचरा रखा होने के कारण आग तेजी से फैली। जब तक व्यक्ति बाहर निकलने की कोशिश करता, तब तक आग पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले चुकी थी। शख्स अंदर ही फंस गया। दम घुटने और बुरी तरह झुलसने से उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने धुआं और आग की लपटें देखकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके साथ ही खुद भी आग बुझाने का प्रयास किया। इधर सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।









हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**